RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 6 अंक 280
फरीदाबाद, सोमवार, 20 नवंबर, 2023
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana





हेड ने हराया भारत

पेज - 12

## निराशा के समुद्र में डूबा भारत का क्रिकेट प्रेमी

# नरेंद्र मोदी स्टेडियम में कंगारूओं से हार गया भारत

## छठवीं बार विश्व विजेता बना आस्ट्रेलिया




- 2011 के बाद विश्व विजेता बनने का ख्वाब धराशायी हुआ
- पारी के शुरुआत में ही टीम के टॉप बल्लेबाज ढहते चले गए



एजेंसी। नई दिल्ली

**भारत** के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चाहते थे कि उनके नाम वाले नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत एक बार फिर विश्व विजेता बने। करीब 140 करोड़ भारतीयों की ओर से पीएम मोदी ने भारत की टीम को जीत की बधाई खेल शुरू होने से पहले ही दे दी थी। लेकिन, टीम इंडिया हार गई, बुरी तरह हार गई, अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हार गई। यह हार हर भारतीय को कचौटती रहेगी, तब तक कचौटती रहेगी, जब तक टीम इंडिया इन कंगारूओं को उनकी सर जमीं पर इसी तरह न हरा दें, जैसे इन्होंने भारत को हराया है। याद रहे, भारत ने आखिरी क्रिकेट वर्ल्ड कप 2011 में जीता था। यह मैच देखने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी और अमित शाह भी दर्शक दीर्घा में विराजमान थे, लेकिन वे दोनों मैच समाप्त होने से पहले ही स्टेडियम छोड़कर चले गए।

भारत को वर्ल्ड कप 2023 के फाइनल में छह विकेट की करारी हार का सामना करना पड़ा है। रविवार को ऑस्ट्रेलिया ने छठी बार वनडे वर्ल्ड कप का खिताब जीता। इस हार ने भारतीय फैंस को 2003 वर्ल्ड कप फाइनल की याद दिला दी। 20 साल पहले कंगारुओं ने हमें जोहनसबर्ग में 125 रन से हराया था। टीम इंडिया टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 240 रन पर ऑलआउट हो गई। 241 रन का टारगेट ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने 42 ओवर में चार विकेट पर हासिल कर लिया। विस्तृत खबर पेज-12

### मिडिल ओवर्स में ऑस्ट्रेलिया ने पार्टनरशिप बनने से रोका

11 से 40 ओवर्स के बीच ऑस्ट्रेलिया पूरी तरह गेम में रहा। पावरप्ले में दो विकेट खोने के बाद भारत ने 11वें ओवर में तीसरा विकेट भी खो दिया। कोहली ने पारी संभालने की कोशिश की और केएल राहुल के साथ 109 बॉल में 67 रन की साझेदारी की। जैसे ही दोनों ने तेजी से रन बनाने शुरू किए, कोहली आउट हो गए। जडेजा भी ज्यादा देर नहीं खेल सके। इन ओवर्स में ऑस्ट्रेलिया ने पार्ट टाइम गेंदबाज ट्रैविस हेड के ओवर निकाले और भारतीय बल्लेबाज इसका फायदा नहीं उठा सके।

### डेथ ओवर्स में भारत ने पांच विकेट खोए

**डेथ** ओवर्स में भारत ऑलआउट हो गया। आखिरी 10 ओवर में ऑस्ट्रेलिया ने दबदबा बनाए रखा। इस दौरान सबसे बड़ा ओवर आठ रन का ही आया। पांच विकेट गिर जाने के बाद 42वें, 44वें और 45वें ओवर में विकेट खो दिया। इसके बाद सुर्यकुमार यादव के साथ ही बॉलर्स पर रन बनाने का दारोमदार आ गया। लगातार विकेट गिरने के कारण भारतीय प्लेयर्स ज्यादा रन नहीं बना सके। सूर्या भी 48वें ओवर में आउट हो गए। टीम ने आखिरी 10 ओवर में 43 रन जोड़े और पांच विकेट खोए।

### आस्ट्रेलिया ने पांच बार विश्व कप किया अपने नाम

**ऑस्ट्रेलिया** के नाम आईसीसी वनडे विश्व कप में सबसे सफल टीम होने का रिकॉर्ड है, जिसने पांच बार टूर्नामेंट जीता है और दो बार उपविजेता रहा है। भारत और वेस्टइंडीज दोनों ने ऑस्ट्रेलिया के बाद दो बार विश्व कप का खिताब जीता है। नवीनतम आईसीसी एकदिवसीय पुरुष विश्व कप 2019 में इंग्लैंड और वेल्स में आयोजित किया गया था, और यह पहली बार था जब इंग्लैंड ने टूर्नामेंट जीता था। नीचे उन देशों का विवरण दिया गया है जिन्होंने एकदिवसीय क्रिकेट विश्व कप जीता है।

### 10 साल में पहले बैटिंग करने वाली टीमें जीतीं, पर हम हारे

2011 में वनडे वर्ल्ड कप के बाद स्टेडियम में नौ वनडे खेले गए। पहले बैटिंग करने वाली टीमों ने चार और बाद में बैटिंग करने वाली टीमों ने पांच मैच जीते। वर्ल्ड कप 2023 में यहां चार मैच खेले गए। तीन बार रन चेज और महज एक बार पहले बैटिंग करने वाली टीम को जीत मिली। पहले बैटिंग करने वाली टीमों ने वर्ल्ड कप में 25 प्रतिशत मैच ही जीते। पिछले 10 सालों में भी पहले बैटिंग करने वाली टीमों को 44 प्रतिशत बार ही जीत मिली। इस ट्रेंड के हिसाब से यहां पहले बैटिंग करना नुकसानदायक नजर आ रहा है।

**मौसम** फरीदाबाद
अधिकतम 27.00°C
न्यूनतम 13.00°C

## क्विक न्यूज

### धूम के निर्देशक गढ़वी का 56 साल की उम्र में निधन



**मुंबई।** फिल्म धूम के निर्देशक संजय गढ़वी का रविवार सुबह यहां उनके आवास पर निधन हो गया। उनकी बड़ी बेटी संजीना ने यह जानकारी दी। वह 56 वर्ष के थे। गढ़वी का तीन दिन बाद 57वां जन्मदिवस था। उन्हें यशराज फिल्म्स की धूम सीरीज की फिल्मों धूम (2004) और धूम 2 (2006) के निर्देशन के लिए जाना जाता है। गढ़वी की बेटी के अनुसार निर्देशक पूरी तरह स्वस्थ थे। संभवतया उन्हें हृदयघात हुआ है।

### झारखंड में हाथियों ने 26 वर्षीय व्यक्ति को कुचला

**जमशेदपुर।** झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले में हाथियों के एक झुंड ने 26 वर्षीय एक व्यक्ति को कुचल दिया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना घाटशिला मंडल के चाकुलिया वन क्षेत्र में सुनसुनिया गांव के पास शनिवार शाम को हुई, जब संतोष मुंडा शौच के लिए घर से बाहर गया था। पुलिस ने बताया कि मुंडा ने झुंड को देखकर भागने की कोशिश की लेकिन उस पर हाथियों ने हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि पीड़ित को करीब के अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### सड़क पर बिजली के तार से महिला व बेटी की मौत

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में होप फार्म के निकट रविवार तड़के फुटपाथ पर पड़े बिजली के तार पर गलती से पैर पड़ने से 23 वर्षीय महिला और उसकी नौ महीने की बेटी की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि यह घटना सुबह करीब छह बजे हुई, जब तमिलनाडु से आईं सौंदर्या नामक महिला अपनी बेटी सुविक्षा को लेकर पैदल घर जा रही थीं। उन्होंने बताया कि उनका सामान घटनास्थल पर बिखरा पड़ा था।

### अंडमान समुद्र में 4.5 तीव्रता का भूकंप आया

**पोर्ट ब्लेयर।** अंडमान समुद्र में भूकंप आया है। भूकंप के झटके रविवार 19 नवंबर को शाम 6.36 बजे आए। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.5 आंकी गई।

## कांग्रेस ने सिर्फ भ्रष्टाचार, परिवारवाद तुष्टिकरण की परंपरा विकसित की: मोदी

एजेंसी। जयपुर

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए रविवार को कहा कि उसने केवल भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण की परंपरा विकसित की है। मोदी झुंझुनूं में एक चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने सिर्फ और सिर्फ एक ही परंपरा विकसित की है भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण।

इस नीति पर चलते हुए कांग्रेस ने देश का बहुत नुकसान किया है। मोदी ने इससे पहले तारानगर में भी



चुनावी सभा को भी संबोधित किया और पार्टी के उम्मीदवारों को जिताने की अपील की।

## देश को बदलने का समय आ गया है: राहुल गांधी

एजेंसी। जयपुर

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि देश को बदलने का समय आ गया है। वे बूंदी में एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। राहुल ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भारत माता की जय के बजाय अडाणी जी की जय कहना चाहिए। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी भारत माता की जय कहते हैं, उनको अडाणी जी की जय कहना चाहिए, काम तो उनका करते हैं।

जाति आधारित जनगणना की वकालत करते हुए राहुल ने कहा कि नरेन्द्र मोदी जाति आधारित जनगणना नहीं करवा सकते चाहे कुछ भी हो जाए, क्योंकि मोदी तो अडाणी के लिए काम करते हैं। उन्होंने कहा, यह काम राहुल गांधी, कांग्रेस पार्टी कर सकती है, जिस दिन जाति आधारित जनगणना हो गई और पिछड़ों, आदिवासियों और दलितों को बात समझ में आ गई, उस दिन ये देश बदल जाएगा। अब देश को बदलने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि गरीब, किसान, मजदूर ही भारत माता हैं और भारत माता की जय तब होगी जब देश में इन वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित होगी।

## छह पुलिसकर्मियों की सड़क हादसे में मौत, पीएम ड्यूटी में जा रहे थे

एजेंसी। जयपुर

**राजस्थान** के चुरू जिले के सुजानगढ़ थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में छह पुलिसकर्मियों की मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल हो गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व राज्य के पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने सड़क दुर्घटना में पुलिसकर्मियों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया।

पुलिस महानिदेशक ने एक बयान में बताया कि झुंझुनूं में पीएम ड्यूटी में शामिल होने जा रहे सात पुलिसकर्मियों की गाड़ी हाइवे पर ट्रक ट्रोले से टकराई। इसमें छह पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। हादसे में नागौर जिले के खींवसर थाना के पुलिसकर्मी रामचंद्र,



कुंभाराम, थानाराम, लक्ष्मण सिंह और सुरेश की मौके पर मौत हो गई और कांस्टेबल सुखराम और हेड कांस्टेबल सुखराम घायल हो गए। घायलों को ग्रीन कॉरिडोर से जोधपुर एसडीएम अस्पताल के लिए ले जाया गया, लेकिन रास्ते में कांस्टेबल की मौत हो गई, लेकिन हेड कांस्टेबल सुखराम का उपचार जारी है। उन्होंने बताया कि पुलिस महानिरीक्षक को घायलों का समुचित उपचार की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। चुरू के जिला पुलिस अधीक्षक प्रवीण नायक के अनुसार पुलिसकर्मियों की गाड़ी सुजानगढ़ सदर थाना क्षेत्र में सड़क पर खड़े ट्रक से टकरा गई। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने हादसे पर शोक व्यक्त किया है।

### पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर कांग्रेस नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 106वीं जयंती पर रविवार को उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी सहित कई नेताओं ने दिवंगत नेता के स्मारक शक्ति स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित की। राहुल गांधी ने एक्स पर इंदिरा गांधी के साथ बचपन की एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा, भारत के लिए एक जननेता, प्रधानमंत्री। मेरे लिए मेरी दादी, मेरी शिक्षक। उन्होंने लिखा, देश और जनता के प्रति समर्पण के जो मूल्य



आपने सिखाए थे, वह मेरे हर कदम की ताकत हैं, मेरे सोचने समझने की ताकत हैं। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे और पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने। सफदरजंग रोड स्थित इंदिरा गांधी स्मारक पर आयोजित कार्यक्रम इंदिरा- द पीपुल्स प्राइम मिनिस्टर में भी शिरकत की।

## निकारागुआ की शेन्निस पलासियोस बनीं मिस यूनिवर्स 2023

एजेंसी। नई दिल्ली

**मध्य** अमेरिकी देश निकारागुआ की शेन्निस पलासियोस ने वर्ष 2023 के लिए मिस यूनिवर्स का ताज अपने नाम किया है। इस अंतरराष्ट्रीय सौंदर्य प्रतियोगिता में उनके देश की यह पहली जीत है। मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता का 72वां संस्करण शनिवार रात अल साल्वाडोर के सैन साल्वाडोर में जोस एडोल्फो पिनेडा एरिना में आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में मिस थाईलैंड एन्टोनिया पोर्सिल्ड पहली रनर-अप और मिस ऑस्ट्रेलिया मोरया विल्सन दूसरी रनर-अप रहीं। मिस यूनिवर्स ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज पर यह जानकारी साझा की। मिस यूनिवर्स ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर पोस्ट किया, मिस यूनिवर्स 2023 शेन्निस पलासियोस हैं।

पलासियोस को अमेरिका की आर बोनी गेब्रियल ने ताज पहनाया, जिन्होंने वर्ष 2022 के लिए मिस यूनिवर्स का खिताब जीता था। पलासियोस ने मिस इंडिया श्वेता शारदा सहित 83 अन्य देशों की प्रतिभागियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए यह खिताब अपने नाम किया।



### भारत की श्वेता शारदा को शीर्ष 20 प्रतियोगियों की सूची में जगह मिली

भारत की श्वेता शारदा शीर्ष 20 प्रतियोगियों की सूची में जगह बनाने में सफल रहीं। आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल मिस दिवा ने सौंदर्य प्रतियोगिता में श्वेता शारदा के प्रदर्शन पर उन्हें बधाई दी। पहली बार मिस यूनिवर्स पाकिस्तान 2023 का ताज पहनने वालीं एरिका रॉबिन भी शीर्ष 20 सुंदरियों में अपनी जगह बनाने में सफल रहीं। समारोह में अमेरिकी गायक-गीतकार जॉन लीजेंड ने अपने लोकप्रिय गीत ऑल ऑफ मी का प्रदर्शन किया।

# अब हॉलैंड से मंगाई मशीन, भारतीय इंजीनियरिंग बेबस, 41 मजदूरों का घुट रहा दम

पायनियर समाचार सेवा। उत्तरकाशी

**हर दिन** गुजरने के साथ एक तरफ जहां उत्तरकाशी के सिलक्यारा टनल में फंसे 41 मजदूरों के स्वास्थ्य को लेकर चिन्ताएं बढ़ रही हैं, वहीं दूसरी तरफ टनल बनाने में बरती जा रही लापरवाही भी अब सामने आ रही है। 12 नवंबर के बाद से चार रेस्क्यू प्लान पर काम किया जा चुका है और चारों प्लान लगभग फेल हो चुके हैं। अमेरिकन ऑगर ड्रिलिंग मशीन के फेल हो जाने के बाद 10 नवंबर की सुबह से काम लगभग बंद सा है। इस बीच इंदौर से एक और मशीन जॉलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंची। अब इस मशीन को सिलक्यारा पहुंचाया जा रहा है। हालांकि अधिकारियों का दावा है कि ऑगर मशीन काम कर रही है और इंदौर से मंगवाई गई मशीन को स्टैंडबाई में रखा जाएगा। टनल बना रही कंपनी ने टनल में फंसे लोगों की सूची फिर से जारी की है। इस

### 41 जान बचाने को विदेशी विशेषज्ञों की मदद से नए प्लान पर काम शुरू

सूची में अब 40 की जगह 41 नाम हैं।

इस बीच मजदूर यूनियन सीटू के प्रांतीय अध्यक्ष राजेन्द्र नेगी 18 नवंबर को घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने मौके की ताजा स्थिति के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि टनल से मजदूरों को जल्दी निकाल पाने की कोई उम्मीद नजर नहीं आ रही है। हालांकि उनका कहना है कि सभी मजदूर सुरक्षित हैं और जिनके परिजन वहां पहुंच पा रहे हैं, उनसे अंदर फंसे लोगों की पाइप के जरिये बातचीत करवाई जा रही है। उसी पाइप से फंसे लोगों को ऑक्सीजन और खाना भी भिजवाया जा रहा है।

राजेन्द्र नेगी के अनुसार उन्हें मौके पर जाने से रोकने के कई

### आपदा प्रबंधन की टीम भी बेबस है लेकिन राहत कार्य में जुटी है

प्रयास किये गये, लेकिन जब उन्होंने धमकी दी कि यदि उन्हें मौके पर नहीं जाने दिया गया तो वे यहीं धरने पर बैठ जाएंगे और ऐसी स्थिति में बड़ा हंगामा हो सकता है। तब जाकर एक सरकारी गाड़ी से अधिकारियों के साथ उन्हें मौके पर जाने दिया गया। उनका कहना है कि सुरंग के बाहर मौजूद मजदूरों को किसी से मिलने और बात करने नहीं दिया जा रहा है। इसके बावजूद मजदूर हर दिन इकट्ठा होकर विरोध दर्ज कर रहे हैं।

उधर रविवार को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी मौके पर पहुंचे। उन्होंने रेस्क्यू ऑपरेशन का जायजा लिया। एक्सपर्ट्स के साथ

### अंधेरी गुफा में आठ दिन से फंसे हैं मजदूर, आज नौवां दिन

ऑपरेशन को लेकर बातचीत भी की। इसके साथ ही उन्होंने टनल के अंदर भी जाकर रेस्क्यू ऑपरेशन भी देखा। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार भी मजदूरों को बाहर निकालने का हर संभव प्रयास कर रही है। केंद्रीय मंत्री गडकरी के पहुंचने पर अफसरों में तेजी का रवैया देखा गया, लेकिन वे केवल भागते-दौड़ते दिखाई दिए। मजदूर अंधेरी गुफा में वहीं फंसे हैं। अब पता चला है कि हॉलैंड से विशेष मशीन मंगाई जा रही है, जो मजदूरों को निकालने में सहायक साबित होगी। वह मशीन यहां कामयाब होगी या नहीं, उसके क्रियान्वयन से ही पता चलेगा।

सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 मजदूरों को बचाने के लिए अब विदेशी विशेषज्ञों की मदद ली जा रही है। शनिवार को इंजीनियरिंग विशेषज्ञ अरमांडो कैपेलन और माइक्रो टनलिंग विशेषज्ञ क्रिस कूपर भी बचाव कार्य में मदद के लिए मौके पर पहुंच गए हैं। पांच योजनाओं पर रविवार को केंद्र और राज्य की छह टीम शुरू करेगी। इसके साथ ही प्रधानमंत्री कार्यालय



(पीएमओ) में उपसचिव मंगेश घिल्डियाल, पूर्व सलाहकार भास्कर खुल्बे, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव महमूद अहमद और भूविज्ञानी वरुण अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और मैराथन बैठक की।

भास्कर खुल्बे ने बताया कि अब पांच प्लान पर एक साथ काम शुरू होगा। इसमें राज्य व केंद्र की छह एजेंसियां मिलकर काम करेंगी। इन पांच प्लान में सुरंग के सिलक्यारा छोर, बड़कोट छोर और सुरंग के ऊपर तथा दाएं और बाएं से ड्रिलिंग कर रास्ता तैयार किया जाएगा, जिससे अंदर फंसे सभी मजदूरों को बचाया जा सके।

एक ओर जहां वर्टिकल सुरंग बनाकर मजदूरों को बाहर निकालने के विकल्प पर विचार चल रहा है, वहीं दूसरी ओर पुरानी ऑगर मशीन को भी चलाने की तैयारी चल रही है। शुक्रवार को मशीन में कंपन आने के कारण उसे बंद कर दिया गया था। लेकिन शनिवार को मशीन पर दबाव बनाने के लिए बड़े-बड़े बोल्डर मंगाए हैं। रविवार रात को इस पर भी ड्रिलिंग शुरू हो सकती है। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि श्रमिकों को निकालने के लिए दुनिया में खोजी गई आधुनिक तकनीक की मदद ली जा रही है। हम जल्द उन्हें निकाल लेंगे। मैं खुद मौके पर रहा हूं।

# गुरू पर्व के अवसर पर शहर में निकला नगर कीर्तन



**फरीदाबाद।** गुरू पर्व के अवसर पर रविवार को नगर कीर्तन सेक्टर-22 के गुरुद्वारे से शुरू होकर जवाहर कॉलोनी गुरुद्वारे पर खत्म हुआ। इस नगर कीर्तन मे हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

ये लोग गुरू का कीर्तन करते हुए शहर की गलियों में से निकले। जगह जगह लोगों ने कीर्तन का स्वागत किया। गुरू पर्व के अवसर पर सुबह शहर के 22 सेक्टर से नगर कीर्तन शुरू हुआ।

इस अवसर पर लोग गुरू के भजन व कीर्तन करते व नाचते हुए निकले। नगर कीर्तन का कई जगह शहर के लोगों ने फूलमालाओं से स्वागत किया गया। नगर कीर्तन की अगुवाई पंच प्यारों ने की।

# जो लक्ष्मी पति है, उसके भक्त को कोई कमी नहीं रहती : चिन्ना जीयर स्वामी

### हैदराबाद में समता मूर्ति के संस्थापक पहुंचे श्री सिद्धदाता आश्रम

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**यह** सिद्धबाबा का आश्रम है, सिद्धदाता आश्रम है। यहां पर आने वालों के लिए सब कुछ संभव है। यह बात हैदराबाद से आए चिन्ना जीयर स्वामी ने कही। उन्हें रामानुज संप्रदाय में परमाचार्य की उपाधि प्राप्त है। उन्होंने कहा कि श्री लक्ष्मीनारायण दिव्यधाम में स्थित भगवान अब युवा हो गए हैं। वह पहले से भी अधिक कृपाएं प्रदान करेंगे।

उन्होंने कहा कि भगवान अब तक आपको धर्म चतुष्टय प्रदान कर रहे थे, लेकिन अब हर कामना को पूर्ण करेंगे। विनम्रता मूर्ति चिन्ना जीयर स्वामी ने कहा कि मैं तो बहुत छोटा हूं, ज्ञान में, धन में। लेकिन मेरे गुरु ने मुझे भगवान नाम की अमोलक निधि प्रदान की। उन्होंने कहा कि स्वामी सुदर्शनाचार्य महाराज से मैं वर्षों पहले मिला था। उनकी एक बात ने मुझे उनके सामने नतमस्तक कर दिया था। तब मंदिर निर्माण चल रहा था। मैंने उनसे पूछा कि इतना मारबल किसलिए मंगाए हो स्वामी जी। वह बोले, एक आदमी अपनी बीवी के लिए ताजमहल बना सकता है तो मैं अपने भगवान के लिए एक मंदिर नहीं बना सकता क्या। जीयर ने कहा कि वह परम वैभवशाली संत थे, लेकिन मुझे उनके वैभव के बारे में तब तक पता नहीं था। आप लोग उनके वैभव को, ज्ञान को, शिक्षाओं को जनता में प्रदर्शित करो, फैलाओ।

चिन्ना जीयर स्वामी ने कहा कि सिद्धदाता आश्रम में आने वालों को धर्मचतुष्टय की प्राप्ति होती रहेगी। उन्होंने कहा कि अपने गुरु की कीर्ति को फैलाओ। सब मिलकर धर्म मार्ग का प्रचार करो। हम सब साथी बनकर गुरु के गुणों को प्रचारित करो। उन्होंने युवराज स्वामी अनिरुद्ध रामानुज दास को भी आशीर्वाद प्रदान किया। इससे पहले उनके यहां पहुंचने पर श्री सिद्धदाता आश्रम एवं श्री लक्ष्मीनारायण दिव्यधाम के अधिष्ठाता जगद्गुरु स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य महाराज ने उनका स्वागत किया।

उन्होंने कहा कि हमें परम श्रद्धेय चिन्ना जीयर स्वामी जी का आशीर्वाद सदैव प्राप्त होता रहा है। भविष्य में भी उनका मंगलाशासन हमें प्राप्त होता रहेगा, इसके लिए हम हमेशा प्रार्थी हैं। उन्होंने हैदराबाद में 216 फीट ऊंची भाष्यकार रामानुज स्वामी जी मूर्ति स्थापित कर सभी वैष्णव भक्तों पर अपार कृपा की है, हम उनके ऋणी हैं।

# सुख समृद्धि की कामना के साथ डूबते सूरज को दिया अर्घ्य

### श्रद्धालुओं ने धूमधाम से मनाया छठ पर्व

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद







**रविवार** को पूर्वांचल समाज के लोगों ने फरीदाबाद-पलवल शहर में डूबते हुए सूरज अर्ध्य देकर छठ घाटों पर पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर हजारों लोग घाटों में उमड़े। डूबते हुए सूर्य को अर्ध्य देने के लिए दोपहर से ही लोगों को घाटों पर जुटना शुरू हो गया। इस अवसर पर लोगों ने घाटों पर दीप प्रज्ज्वलित भी किए व छठ मैया की पूजा-अर्चना की। ऐसी भावना है कि छठ पूजा करने से पुत्र रत्न की प्राप्त होती है। वहीं इससे समाज व परिवार में सुख-शांति और समृद्धि भी आती है। इस अवसर पर सांय चार बजे दीप प्रज्ज्वलन किए गए। उसके बाद पांच बजे डूबते हुए सूर्य को अर्ध्य दिया गया। उसके बाद भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित किए गया। श्रद्धालुओं के निर्जला उपवास रखते हुए शाम को सूर्यास्त के समय डूबते हुए भगवान सूर्य देव को जल में खड़े होकर अर्ध्य दिया। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने छठ मइया का ध्यान किया। पारंपरिक गीत-संगीत ने समां बांध दिया। विभिन्न मिठाइयों से छठ मइया को भोग अर्पित किया गया। शहर में कहीं तालाब तो कहीं कृत्रिम घाट बनाकर छठ मइया की उपासना की गई। आयोजकों ने कृत्रिम रूप से खोदे गए गड्ढों में ताजा पानी भरकर श्रद्धालुओं के लिए तालाब बनाया। गाजे-बाजे के साथ हजारों लोगों ने घाट का पूजन किया। फिर जल में खड़े होकर छठ सूर्य देव को नमन किया। छठ मइया के जयकारे लगाए और पारंपरिक भजनों का सिलसिला जारी रहा। छठ पूजा के लिए डबुआ स्थित भोजपुरी-अवधी समाज के कार्यालय, सेक्टर-55 हनुमान मंदिर, संजय कॉलोनी, एनएच तीन पुलिया, जीवन नगर पार्ट-2, राजीव कॉलोनी सेक्टर-56, नंगला इनक्लेव पार्ट-2, नंगला बूस्टर में भव्य घाट बनाए गए। सेक्टर-10 के छठ घाट, गुरुग्राम नहर पर चावला कॉलोनी के पास अस्थआई घाट, अगवानपुर घाट पलवल आदि पर लोगों की अपार भीड़ दिखाई दी। सोमवार को उगते हुए सूर्यदेव भगवान को जल में खड़े होकर अर्ध्य देंगे, छठ मइया से मन्नतें मांगेंगे। काफी श्रद्धालु मन्नत पूरी होने पर उनका शुक्रिया अदा करेंगे। इस अवसर पर डॉ. अजय तिवारी, प्रदीप गुप्ता, ओमसिंह, परनब शुक्ला, विजय पटेल, डॉ. पशुपतिनाथ मिश्र, रामवृक्ष मुंशी, ब्रजेश शाह, दिलिप कुमार, आनंद कुमार आदि मौजूद थे।

# पत्नी मायके से नहीं आई तो युवक ने गोली मारकर जान दी



पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**युवक** ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मृतक के परिजनों ने उसकी पत्नी के रिश्तेदार दंपती पर आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप लगाए है। पुलिस ने शिकायत के आधार उनके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

वहीं पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया। कमरावली गांव निवासी ब्रह्मपाल नागर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके चचेरे भाई आकाश की शादी जून 2020 में राजस्थान के किशनगढ़ निवासी सोनिया के साथ हुई थी। सोनिया घर में झगड़ा करके अपने मायके चली गई थी। उसके तीन-चार माह बाद आकाश व परिवार के अन्य लोग सोनिया को लेने उसके गांव पहुंचे।

जिस पर उसके परिजन सोनिया को उनके साथ भेजने के लिए राजी हो गए। इसी दौरान कमरावली गांव निवासी सोनिया के रिश्तेदार श्यामलाल व उनकी पत्नी सुनीता ने फोन पर कहा कि सोनिया को मत भेजना नहीं तो हमारी बेइज्जती हो जाएगी। आकाश का परिवार पहले हमारे पास आकर अपनी गलती मानें। उन्होंने सोनिया को नहीं आने दिए। जिससे आकाश डिप्रेशन में आ गया और उसी दिन से चुप-चाप सा रहने लगे। आकाश ने परेशान होकर खुद को गोली मारकर सुसाइड कर लिया।

# बच्चों को रेस्क्यू कर किया परिजनों के हवाले

**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार के तहत चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य व डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच कैट प्रभारी सरजीत सिंह की टीम ने नाबालिग बच्चों को रेस्क्यू कर उनके जीवन को सही दिशा दिखाने के लिए व उनकी देखभाल के लिए परिजनों को प्रेरित करने का सराहनीय कार्य किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि ऑपरेशन मुस्कान के तहत कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच कैट की टीम ने फ़रीदाबाद के अलग अलग स्थानों से पांच नाबालिग बच्चों को लावारिस अवस्था में घूमते हुए भीख मांगते हुए रेस्क्यू किया है, जिसमें दो लड़के और तीन लड़कियां शामिल हैं। जिसमें बच्चों की उम्र क्रमशः 4,6,8,12 तथा 13 वर्ष है। बच्चों का नाम, पता पूछकर सीडब्ल्यूसी के आदेशानुसार इनके परिजनों के हवाले किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि निर्धनता के चलते कुछ बच्चे अपनी शिक्षा को बीच में ही छोड़कर कार्यों में लग जाते हैं।

# इलाके के आशीर्वाद से पार्टी जीत हासिल करेगी : सुरेंद्र वशिष्ठ



**फरीदाबाद।** पृथला विधानसभा सीट से पंडित सुरेंद्र वशिष्ठ को बसपा प्रभारी नियुक्त किए जाने यानि दूसरी बार प्रत्याशी की टिकट कंफर्म होने पर कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल है। उन्होंने पार्टी प्रत्याशी को जिताने का संकल्प लिया। रविवार को सुरेंद्र वशिष्ठ के कार्यालय पर कार्यकर्ता व इलाके के मौजिज लोग उन्हें बधाई देने पहुंचे व खुशी से झूम उठे। उन्होंने पार्टी सुप्रीमो बहन मायावती का तहेदिल से धन्यवाद किया।

इस अवसर पर समीवार्ती गांव देवली में एक सम्म्मान समारोह का भी आयोजन किया गया। जहां ग्रामीणों ने उनका ढोल नगाड़ों से स्वागत किया व मिष्ठान वितरित कर प्रत्याशी के समर्थन में नारेबाजी की। समर्थकों ने आगामी विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी की जीत का दावा किया। उन्होंने कहा कि बसपा प्रत्याशी सुरेन्द्र वशिष्ठ पूर्ण बहुमत से जीतेंगे। सुरेंद्र वशिष्ठ ने गांव में मंदिर के निर्माण के लिए 21 हजार रुपये की घोषणा की। सुरेंद्र वशिष्ठ ने कहा कि पार्टी के प्रति निष्ठा और रिकॉर्ड देखते हुए दोबारा से पृथला विधानसभा का प्रतयाशी घोषित किया है। कार्यकर्ताओं के बल पर व ग्रामीणों के आशीर्वाद से बसपा को मजबूत करने का काम किया है और आगे भी करेंगे। इसी से खुश होकर सुप्रीमो मायावती ने विधानसभा प्रभारी की जिम्मेदारी मुझे सौंपी है। हम विश्वास दिलाते हैं कि इस विधानसभा से पार्टी की जीत झोली में डालने का काम करेंगे। उन्होंने कहा है कि प्रदेश में बसपा पार्टी का ग्राफ निरंतर तेजी से बढ़ रहा है। भाजपा डूबता जहाज है। प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की चीज नहीं है। अलग अलग मुद्दे छाए हुए हैं। किसान मांगों को लेकर आंदोलन रत हैं। बेरोजगारी चरम पर है।

# पेंटिंग प्रतियोगिता में दुर्गेश ने पहला स्थान प्राप्त किया

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद सेक्टर-12 के कालीबाड़ी में ड्राइंग व पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को किया गया। प्रतियोगिता में दुर्गेश ने प्रथम, रिया सिंघल वे ताप्ती घोष ने द्वितीय, मोनिशा दास व तिस्ता घोष ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। नौवीं से बारहवीं कक्षा की प्रतियोगिता में संप्रीति दास ने पहला, वंशिका सिंघल व सुजीत ने दूसरा, शौर्या रावत व अधीश सरकार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। छठी से आठवीं तक के बच्चों की प्रतियोगिता में वसुंधरा मौमिक ने पहला, लावण्या व मिरुल ने दूसरा, अंकित व ऋषिमान पॉल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। नर्सरी से पांचवीं तक की प्रतियोगिता में अमायरा ने पहला, जानवी और दीपिका ने दूसरा, आर्य व मनस्वी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसकी जानकारी फरीदाबाद कालीबाड़ी के प्रधान डॉ. प्राणजीत ने दी।



# सरस्वती महिला कॉलेज में राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन



पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**सरस्वती** महिला महाविद्यालय पलवल में वाणिज्य विभाग के द्वारा शैक्षणिक अनुसंधान गुणवत्ता एनईपी 2020 विषय पर डीजीएचई द्वारा अनुमोदित एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। यह सेमिनार शैक्षिणक अनुसंधान गुणवत्ता एनईपी 2020 की आवश्यकता पर केंद्रित रहा।

सेमिनार के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि पूर्व वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. रवींद्र विनायक एमडीयू रोहतक व वाणिज्य प्रोफेसर सेंट्रल विश्वविद्यालय केरल व सम्मानित अतिथि वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. कुलदीप सिंह चिकारा एमडीयू रोहतक, अतुल मंगला महाविद्यालय प्रधान, अतिरिक्त महाधिवक्ता, सुप्रीम कोर्ट हरियाणा रहे। सेमिनार का शुभारंभ मुख्य अतिथि, सम्मानित अतिथियों, डॉ. वंदना त्यागी, प्राचार्या सरस्वती महिला महाविद्यालय पलवल, वाणिज्य विभागाध्यक्ष व संयोजक डॉ. प्रोमिला भारद्वाज, आयोजन सचिव डॉ. लक्ष्मी गुप्ता व सह सचिव डॉ. सविता मनचंदा द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। सभी अतिथियों को प्लांटर देकर उनका स्वागत किया गया। उद्घाटन सत्र का आंरभ डॉ. वंदना त्यागी के स्वागत भाषण से हुआ। अतुल मंगला ने सराहना बोध प्रकट किया। डॉ. प्रोमिला भारद्वाज द्वारा सेमिनार के सभी बिंदुओं को व्यक्त किया गया।

डॉ. रविंद्र विनायक ने अपने वक्तव्य में एनईपी 2020 के उद्देश्यों और मान्यताओं सहित विभिन्न पहलुओं का उल्लेख किया। डॉ. प्रोमिला भारद्वाज के धन्यवाद ज्ञापन से उद्घाटन सत्र का समापन हुआ।

## पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट मो.नं. -7428353299
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक मो. नं. - 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ मो.नं.- 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मो.नं.-9255029919
- त्रिलोक, फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक, मो. नं. 9910754890
- हितेश सेक्टर-29, फरीदाबाद मो. नं. 9910533103




कोई सपना पले कैसे भरा है आँख में पानी
मगर इक बात है जो तंत्र को हमको है समझानी
व्यवस्था कोई हो पर आज तक सच्चाई इतनी है
भरे पेटों ने भूखे पेट की तासीर कब जानी

# नशा तस्करी के विरुद्ध अभियान चलाकर नशे पर अंकुश लगाया जाए : राकेश आर्य

### सेक्टर 12 में सभी पुलिस अधिकारियों के साथ मीटिंग कर की समीक्षा

पायननियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**पुलिस** आयुक्त राकेश कुमार आर्य ने सेक्टर-12 में पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ पहली समीक्षा बैठक की। बैठक में अपराध, कानून एवं व्यवस्था व अन्य मुद्दों से संबंधित विषयों की समीक्षा की गई। बैठक में ज्वाइंट सीपी ओपी नरवाल, डीसीपी मुख्यालय अभिषेक जोरवाल, डीपीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा, डीसीपी सेंट्रल पूजा वशिष्ठ, डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन, डीसीपी बल्लभगढ़ राजेश दुग्गल, एसीपी हेडक्वाार्टर अभिमन्यु गोयत सहित सभी एसीपी, महिला व ट्रैफिक थाना सहित सभी थाना प्रबंधक, सभी चौकी प्रभारी, क्राइम ब्रांच व कार्यालय के सभी ब्राचं इंचार्ज और संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

पुलिस आयुक्त ने मीटिंग के दौरान नशा तस्करी, महिला सुरक्षा, हत्या, साइबर अपराध जैसे गंभीर मुद्दों की समीक्षा करते हुए पुलिस के उच्च अधिकारियों को इनपर अंकुश लगाने तथा आमजन के बीच अधिक से अधिक जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की आपराधिक वारदात घटित होने पर एरिया के थाना प्रभारी तथा एसीपी दोनों तुरंत मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का मौका मुआयना करें तथा अपराधी की जल्द से जल्द धरपकड़ कर उसे सलाखों के पीछे पहुंचाएं, ताकि आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास सुदृढ़ हो और वह सुरक्षित महसूस कर सकें। पुलिस अधिकारियों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि जो केस काफी समय से पेंडिंग हैं, उनकी समीक्षा करें तथा उनमें देरी के कारण जानकर उसका तुरंत समाधान करें तथा तीन महीने, छह महीने व एक साल से अधिक वाले मामलों में त्वरित कार्रवाई करें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता के साथ विनम्र व्यवहार किया जाए।

थाने में आने वाले हर व्यक्ति की सुनवाई हो और उसकी शिकायत पर तुरंत निष्पक्ष एवं न्यायोचित कार्यवाही की जाए। पीड़ित को उनके केस के बारे में सारी जानकारी दें। उनकी शिकायत दर्ज होने से लेकर के जब तक चालान पेश होता है, पीड़ित के साथ खड़े रहें तथा उन्हें मामले की सारी जानकारी स्पष्ट पूर्ण तरीके से दें तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतें और हत्या, दुष्कर्म लूट, डकैती जैसे जघन्य अपराधों में अपराधियों के खिलाफ तुरंत एक्शन ले तथा संदिग्ध मामलों में थाना व चौकी प्रभारी अपने उच्च अधिकारियों को तुरंत सूचित करें। अनेक विषयों तथा आपराधिक आंकड़ों की तुलनात्मक समीक्षा करते हुए पुलिस के उच्च अधिकारियों द्वारा विस्तृत विचार विमर्श किया गया, जिनमें आपराधिक आंकड़ों के साथ-साथ स्थानीय एवं विशेष प्रावधानों के तहत आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम करना, लंबित उदघोषित अपराधी, बेल जंपर, मोस्ट वांटेड तथा आपराधिक गिरोह में शामिल दोषियों की धरपकड़ के लिए की गई कार्यवाही, मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त दोषियों की संपत्ति को अटैच करने की कार्रवाई, दर्ज आपराधिक मामलों की जांच पड़ताल की कार्रवाई, चिन्हित अपराधों की रोकथाम के लिए निगरानी, मादक एवं नशीले पदार्थों, जुआ सट्टा, अवैध शराब की तस्करी तथा अवैध असला को पकड़ने के लिए चलाए गए विशेष अभियान के दौरान की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई तथा अपराध की दृष्टि से संवेदनशील एरिया में पुलिस की मौजूदगी एवं निगरानी इत्यादि विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।

# शहर के चार पार्कों की दशा सुधारकर चकाचक बनाएगा नगर निगम

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**नगर** निगम ने स्मार्ट सिटी के चार पार्कों को संवारने की योजना तैयार की है। पार्कों में गेट लगाने के साथ पत्थर लगाए जाएंगे। अगले माह से चारों पार्क का काम शुरू हो जाएगा। दो महीने में इसे पूरा करने का लक्ष्य दिया गया है। सेक्टर-31 में मकान नंबर-155 के पास पार्क का गेट क्षतिग्रस्त है।

सेक्टर एरिया के लोगों से शिकायत मिलने के बाद नगर निगम ने इस गेट के जीर्णोद्धार करने की योजना तैयार की है। पार्क गेट के

### दो माह में कार्य पूरा करने का है लक्ष्य

सुधारीकरण पर 32,995 रुपये का बजट खर्च होगा। इसके साथ-साथ सेक्टर-28 में मकान नंबर-464 के नजदीक बने पार्क को भी संवारा जाएगा। यहां पर एक लाख 40 हजार रुपये खर्च होंगे। वहीं सेक्टर-28 के मकान नंबर-1128 के नजदीक बने पार्क पर तीन लाख 11 हजार 825 रुपये का बजट खर्च होगा। ओल्ड फरीदाबाद की गोपी कॉलोनी के बड़े पार्क पर धौलपुर



पत्थर लगाए जाएंगे। वहीं पर पार्क की दीवार भी बनाई जाएगी। इस पर नगर निगम प्रशासन तीन लाख 85 हजार 831 रुपये का बजट खर्च करेगा। नगर प्रशासन ने चारों पार्क की मरम्मत का बजट तैयार कर निर्माण कार्य के लिए कंपनियों के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

> “ **विभाग** की ओर से पार्कों को संवारने के लिए बजट मंजूर कर दिया गया है। दिसंबर माह से इन पार्कों में निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।
>
> **-ओमबीर सिंह, अधीक्षण अभियंता, नगर निगम**

**सेक्टर-25 के अटल पार्क में हाईमास्ट लाइट लगेंगी :** सेक्टर-25 के अटल पार्क में रोशनी के पुख्ता बंदोबस्त नहीं हैं। इस वजह से रात के समय पार्क में अंधेरा छाया रहता है। उद्यमियों से लगातार शिकायत मिलने पर नगर निगम ने यहां पर हाईमास्ट लाइट लगाने की योजना तैयार की है।

इस पार्क में हाईमास्ट लाइट लगाने पर 11 लाख 88 हजार 499 रुपये खर्च होंगे। इस माह के अंत तक इस पार्क में लाइट लगाने का व शुरू हो जाएगा। मैन्युफेक्चरर एसोसिएशन ऑफ फरीदाबाद के पूर्व प्रधान अजय जुनेजा ने बताया कि सेक्टर-25 में कई तरह की समस्याएं हैं, नगर निगम को इस बारे में बताया जा चुका है। सेक्टर में स्ट्रीट लाइटों को भी दुरुस्त करना चाहिए।

# एक्सप्रेस वे पर हादसे में ईको के परखचे उड़े, चालक की मौत

### मुंबई-बड़ोदरा एक्सप्रेस-वे पर पानी के टेंकर से टकराई

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**मुंबई-बड़ोदरा** एक्सप्रेस-वे पर कैली गांव के नजदीक एक भीषण सड़क हादसा हो गया। इसमें कार सवार 40 वर्षीय सोनू की जान चली गई। उसकी ईको कार की पानी के टेंकर से टक्कर हो गई। कार चला रहा सोनू उसके अंदर ही फंस गया। उसका टैक्सी का काम था। शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने बीके नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में रखा है।

बल्लभगढ़ के आदर्श नगर में रहने वाले रामनरेश ने बताया कि 40 वर्षों से वे यहां पर रह रहे हैं। मूल रूप से वे उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद के रहने वाले हैं। उनका बेटा सोनू किसी काम के सिलसिले में मानेसर गया था। वह मुंबई-बड़ोदरा एक्सप्रेस से होते हुए फरीदाबाद लौट रहा था कि कैली गांव के पास एक्सप्रेस वे पर पेड़ पौधों में पानी डालने वाले एक



पानी के टेंकर से सोनू की ईको की टक्कर हो गई।

सोनू अपनी ईको कार में ही फंस गया। वह हादसे के समय कार में अकेला था। हादसे के बाद सोनू को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकला गया, लेकिन तब तक सोनू की मौत हो चुकी थी। उन्होंने बताया कि उनके ड्राइवर विशाल के पास इसकी सूचना पुलिस ने दी थी, क्योंकि सोनू ने अपने फोन से आखरी कॉल विशाल को ही की थी। इसके चलते पुलिस ने आखिरी कॉल विशाल को मिलाई। जिसके बाद उन्हें यह जानकारी प्राप्त हुई। फिलहाल सोनू के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बादशाह खान सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है और पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

**बुलेट की टक्कर से महिला की मौत :** वहीं दूसरी तरफ नेशनल हाईवे नंबर पर पहले दिन ड्यूटी पर जा रही 24 वर्षीय महिला को तेज रफ्तार बुलेट ने टक्कर मार दी। बुलेट के चालक ने ऑटो में बैठाकर घायल महिला को बल्लभगढ़ के सरकारी अस्पताल पहुंचा। शाम को महिला ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतका की पहचान शारदा के रूप में हुई है। मृतका के भाई कृष्ण ने बताया कि बहन शारदा बल्लभगढ़ के सुभाष कॉलोनी में रहती थी। वह शनिवार को पहले ही दिन सेक्टर 58 में किसी कंपनी में काम करने के लिए जा रही थी। सड़क पार करते समय जेसीबी चौक के पास एक बुलेट चालक ने उसे टक्कर मार दी और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। कृष्ण ने आरोप लगाया कि घटना के समय ट्रैफिक पुलिसकर्मी मौजूद थे जिन्होंने बुलेट चालक को पकड़ लिया था, लेकिन फिर बाद में उसे छोड़ दिया।

बुलेट चालक ही उसे बल्लभगढ़ सिविल अस्पताल में इलाज में भर्ती करा कर आया था, लेकिन डॉक्टर के पास भर्ती कराने वाले बुलेट चालक का कोई रिकॉर्ड नहीं है और न ही वहां पर इसे एक्सीडेंट दर्शाया गया है। उसकी बहन शारदा को भर्ती करने के बाद से बुलेट चालक फरार है। चालक को भगाने में पुलिस ने मदद की है। वह चाहते हैं कि इस मामले में पुलिस बुलेट चालक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करें, क्योंकि उसकी बहन शारदा के दो छोटे-छोटे बच्चे थे, जो अब अनाथ हो गए हैं, उन्हें न्याय मिलना चाहिए।

# अध्यापक संघ ने मांगों को लेकर विधायक को सौंपा ज्ञापन



पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**हरियाणा** विद्यालय अध्यापक संघ संबंधित सर्व कर्मचारी संघ व स्कूल फेडरेशन ऑफ इंडिया की ब्लॉक इकाई होडल के प्रधान वीर सिंह सौरोत के नेतृत्व में होडल खंड के अध्यापकों ने विधायक जगदीश नायर को अंतर जिला तबादले करने के लिए मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के जिला उपप्रधान गीतेश कुमार, ऑडिटर वेदपाल एवं खंड प्रधान वीर सिंह सौरोत ने बताया कि ज्ञापन में अध्यापकों ने मांग की जेबीटी के जो अंतर जिला तबादला प्रक्रिया चली हुई है, उसमें ब्लॉक और स्कूल अलॉट किए जाएं। सरकार की इस तबादला नीति की प्रशंसा देश के अन्य राज्यों में भी की जा रही है, इसलिए अपने ही राज्य में इसको लागू करने में देरी क्यों की जा रही है। इस तबादला नीति से 99 प्रतिशत अध्यापक संतुष्ट हैं और मुख्यमंत्री के इस कदम की सराहना करते हैं। 2016 के बाद पहली बार इस तरह की नीति बनाई गई है, इसको क्रियमान करने में सरकार को पूरा जोर लगा देना चाहिए, जिससे अध्यापकों की गृह जिलों में वापसी हो सके। विधायक जगदीश नायर ने आश्वासन दिया है कि वह आपकी आवाज को मुख्यमंत्री तक पहुंचा देंगे और अपने स्तर पर भी अंतर जिला तबादला करने की सिफारिश मुख्यमंत्री से करेंगे। अध्यापक संघ ने 20 नवंबर को पलवल जिले में आ रहे मुख्यमंत्री से मिलने के समय की मांग की। परंतु मुख्यमंत्री का शेड्यूल टाइट होने की वजह से विधायक ने मिलने का समय देने में असमर्थता जताई। इस अवसर पर हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के दारा सिंह, शिवचरण, विनय, प्रमोद कुमार, संजय, बलजीत, जगरूप, विजय कुमार, उमेश कुमार, संदीप कुमार, राजेश कुमार, यादराम आदि अध्यापकों ने भाग लिया।

# गाड़ियों पर ब्लैक फिल्म या जाली लगाई तो होगी कार्यवाई

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**पुलिस** अधीक्षक पलवल डॉ. अंशु सिंगला ने वाहन चालकों को संदेश देते हुए कहा है कि गाड़ियों के काले शीशे करवाना या उस पर किसी तरह की जाली लगाना यातायात के नियमों का उल्लंघन है और साथ ही गैरकानूनी भी है। ट्रैफिक नियमों के अनुसार कार के शीशों पर जीरो विजिवलटी वाली ब्लैक फिल्म लगाने पर 10 हजार रुपये के चालान करने का प्रावधान है।

उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार कोई भी व्यक्ति अपनी गाड़ी के शीशों में काली फिल्म नहीं लगा सकता। काला शीशा लगे वाहन के अंदर कौन है, इसका पता न तो पुलिस को चल पाता है और न ही जनता को। काले शीशा लगे वाहनों का उपयोग अक्सर आपराधिक गतिविधियों के लिए होता आया है तथा इस प्रकार की गाड़ियों से हत्या, अपहरण जैसी अन्य वारदातों को भी अंजाम दिया जा सकता है। आपराधिक प्रवृत्ति वाले लोग अपनी पहचान छिपाने के लिए ऐसे वाहनों का उपयोग करते हैं। इसलिये ब्लैक फिल्म या जाली वाले वाहनों पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया है। जिला पलवल में ट्रैफिक पुलिस के साथ-साथ संबंधित थाना पुलिस भी ऐसे वाहनों पर कार्रवाई करेगा।

# शर्तें पूरा नहीं करने पर 53 शस्त्र धारकों के लाइसेंस किए रद्द

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**शस्त्र** लाइसेंस नियमों के अनुसार समय समय पर शस्त्र लाइसेंस का नवीनीकरण करवाया जाना अनिवार्य है। जोकि एक जरूरी प्रक्रिया है। जवाइंट पुलिस कमिश्नर ओपी नरवाल द्वारा ऐसे 53 सशस्त्र धारकों के लाइसेंस को रद्द किया गए है। खुद की सुरक्षा व हथियार की प्रति गैर जिम्मेदार रवैया रखने वाले सशस्त्र लाइसेंस धारकों के रिन्यू, नवीनीकरण न कराए जाने के बारे में संतोषजनक कारण नहीं बता पाए और उनके लाइसेंस रद्द कर दिए गए हैं।

पूर्व में 64 लाइसेंस अक्टूबर माह में रद्द किए गए थे। इस प्रकार अब तक 117 शस्त्र लाइसेंस को रद्द किया जा चुका है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि शस्त्र लाइसेंस का लाइसेंस धारक को नवीनीकरण की तारीख से 60 दिन पहले सरल पोर्टल पर अप्लाई करना होता है, ताकि समय रहते लाइसेंस रिन्यू हो सके। लाइसेंस पॉलिसी के मुताबिक लाइसेंस धारक



के लिए एक जरूरी प्रक्रिया है, जिसमे जांचा जाता है कि लाइसेंस धारकों की कैपेबिलिटी क्षमता क्या है, क्या आंखों की रोशनी ठीक है, फिजिकल फिटनेस इत्यादि कैसी है, जिसके लिए शस्त्र धारकों का मेडिकल फिटनेस करवाकर सर्टिफिकेट लगाना अनिवार्य है और शस्त्र की कंडीशन के लिए आर्म्स लाइसेंस ब्रांच में हथियार विशेषज्ञ चेक करता है। शस्त्र धारक ने लाइसेंस बनवा तो लिया, लेकिन इसके बाद किसी ने समय पर नवीनीकरण नहीं कराया, जिससे प्रतीत होता है कि लाइसेंस धारकों को

### पूर्व में 64 लाइसेंस किए गए थे रद्द। अब तक 117 शस्त्र लाइसेंस को रद्द किया जा चुका है, आगे कार्रवाई जारी रहेगी

शस्त्र की जरूरत नहीं है और वह अपने शस्त्र के प्रति सजग नहीं है व उन्हें शस्त्र की आवश्यकता नहीं है। ऐसे शस्त्र लाइसेंस यदि नवीनीकरण नहीं करवाते हैं तो उनके शस्त्र लाइसेंस रद्द कर दिए जाएंगे।

कुछ शस्त्र धारकों ने पिछले एक से पांच वर्षों से भी अधिक समय में लाइसेंस को रिन्यू नहीं करवाया है। स्कूटनी करने पर पाया गया कि 248 लाइसेंस धारक ऐसे हैं, जिन्हें लाइसेंस रिन्यू करवाए पांच साल से अधिक हो चुके हैं तथा 52 ऐसे हैं जिन्हें 4.5 साल हो चुके हैं। ऐसे गैर जिम्मेदार शस्त्र धारकों की लिस्ट बनायी जा रही है।

# बैटरी चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर सुलझाए चार मामले

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 48 प्रभारी जगबीर सिंह की टीम ने मोबाइल टावर से बैटरी चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी के चार मामले सुलझाने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम विनय है, जो जींद जिले के जुलाना एरिया का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुरुग्राम जेल में बंद आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर पूछताछ की, जिसमें सामने आया कि आरोपी ने अगस्त 2023 में फरीदाबाद में लगे मोबाइल टावरों से बैटरी चोरी की चार वारदातों को अंजाम दिया था। जिसमें आरोपी ने टावर में लगी बैटरी और पत्तियां चोरी की थी। आरोपी को दो दिन के पुलिस रिमांड पर लेकर मामले में चोरी की गई बैटरियों को बेचकर प्राप्त किए गए 29000 रुपये बरामद किए। आरोपी पहले इलेक्ट्रिशियन का काम करता था।

# पंडित लखमीचंद की रागिनियों संग दी गई स्वतंत्रता सेनानी स्व. दुलीचंद सरपंच को श्रद्धांजलि

## ततारपुर गांव में आठ गांवों का भोज व सांस्कृतिक कार्यक्रम बना इलाके में चर्चा का विषय

### अपने दादा की श्रद्धांजलि सभा में आए हुए सभी महानुभावों की आवभगत में दीपक कौशिश आगे रहे

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**स्वतंत्रता** सेनानी स्व. दुलीचंद सरपंच के निधन पर रविवार को आठ गांवों की सरदारी व लोगों ने श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर पलवल जिले के लगभग सभी बड़े नेता इस श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे।




श्रद्धांजलि सभा की खासियत यह रही कि इसमें मशहूर रागिनी गायक नरदेव एवं उनकी टीम ने पंडित लखमीचंद की रागिनियों से उपस्थित श्रोतागणों को लोक सांस्कृतिक परंपराओं, कुरीतियों और रीति-रिवाजों से अवगत कराया। स्व. दुलीचंद सरपंच के भ्राता पंडित गोवर्धन ने सदी के महानायक रागिनी कलाकार स्व. पंडित लखमीचंद जी की रागिनी, कित तै आए, कित जाएंगे, वो जगह ढूंढी पाई न, ये दुनिया आनी जानी है, ये बात समझ में आई न, पेश करके समाज में संदेश दिया कि जीवन प्रवाहवान है, ये आता-जाता रहता है लेकिन कर्मों की गठरी को जितना सुसज्जित और अच्छा बना लो, उतना ही आने और जाने वाला लोकनायक बन जाता है। श्रद्धांजलि सभा का संचालन स्व. दुलीचंद सरपंच के पौत्र दीपक कौशिश ने किया। दीपक कौशिश ततारपुर गांव में उभरता हुए समाजसेवी है। दीपक सदैव ही ग्रामीण जनों की सेवा भाव में तत्पर रहते हैं। अपने दादा की श्रद्धांजलि सभा में आए हुए सभी महानुभावों की आवभगत में दीपक कौशिश आगे रहे। आठ गांवों के भोज में ककड़ीपुर, बघौला, जटौला, ततारपुर, मांदकौल, मैदापुर, ताराका और देवली के ग्रामीण शामिल हुए। सभी ने ब्रहमभोज ग्रहण किया और रागिनी टीम के द्वारा लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद भी लिया। श्रद्धांजलि सभा के अंत में रस्मपगड़ी कार्यक्रम हुआ, जिसमें स्व. स्वतंत्रता सेनानी के पुत्र पंडित लेखराज कौशिश को परिवारजनों ने पगड़ी पहनाई।

रागिनी कार्यक्रम में पायल चौधरी का सांस्कृतिक नृत्य, छोटी पायल चौधरी का नृत्य व मनिहारे द्वारा राजमहल की रानी को चूड़ियां पहचाने का स्वांग सुनाकर सभी श्रोताओं का मन मोह लिया। इस मौके पर प्रमुख रूप से लखमीचंद, मुकेश, राकेश, रमेश, सुरेश, प्रभुदयाल, प्रकाश, सुनील, विनय, अजय, तुषार इत्यादि ने आई हुई संगत का सत्कार कर उनका धन्यवाद भी जताया।

# संक्षिप्त समाचार

## 25 व 26 नवंबर को मतदान केंद्रों पर आयोजित होंगे विशेष शिविर



**पलवल।** स्वस्थ व सुदृढ़ लोकतंत्र में जागरूक मतदाता और त्रुटिरहित मतदाता सूची मजबूत आधार स्तंभ होते हैं। नया वोट बनवाने व मतदाता सूची में व्याप्त त्रुटि ठीक करवाने, रिहायशी पता बदलवाने आदि संबंधित कार्य वोटर हेल्पलाइन एप और वोटर सर्विस पोर्टल के माध्यम से घर बैठे ऑनलाइन कर सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला पलवल की तीनों विधानसभा चुनाव क्षेत्र की फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का एक जनवरी 2024 को क्वालीफाइंग तिथि मानकर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य नौ दिसंबर तक किया जाना है। डीसी नेहा सिंह ने बताया कि जिला के सभी मतदान केंद्रों पर 25 व 26 नवंबर को वोट बनाने व अन्य त्रुटि ठीक करने के लिए विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। संबंधित बीएलओ अपने अपने बूथों पर मतदाता सूची और मतदाता सूची शुद्धिकरण से संबंधित फार्मों के साथ मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि जो युवा एक जनवरी 2024 को अपनी 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहा है, ऐसे पात्र युवा अपना वोट जरूर बनवाएं।

## नूंह हिंसा में गंभीर घायल यशपाल को आर्थिक सहायता मिले



**पलवल।** अखिल भारतीय वैश्य अग्रवाल एकता संगठन के फरीदाबाद लोकसभा अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता ने प्रदेश सरकार की इस बात के लिए सराहना की है कि उसने नूंह हिंसा के मामले में पीड़ित लोगों को 48 लाख 39236 रुपए की सहायता राशि जारी की है। गुप्ता ने सरकार से मांग करते हुए कहा है कि सरकार हिंसा में घायल हुए वैश्य समाज के लोगों को आर्थिक सहायता भी प्रदान करें। संगठन के लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि हरियाणा सरकार ने हिंसा पीड़ितों की मदद की इसके लिए अखिल भारतीय वैश्य अग्रवाल एकता संगठन उनका आभार व्यक्त तकरता है। गुप्ता ने कहा कि यह खुशी कि बात है कि 20 नवंबर को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल पलवल आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे मुख्यमंत्री से मांग करते हैं कि नूंह हिंसा में गंभीर रूप से घायल हुए पलवल के बेटे आर्य यशपाल गोयल को भी सरकार द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान कि जाए। उन्होंने कहा कि आर्य यशपाल गोयल समाज का बेहद कर्मठ व जुझारु कार्यकर्ता है। आर्य यशपाल गोयल पर परिवार की जिम्मेवारियां हैं। उन्होंने कहा कि नूंह हिंसा में आर्य यशपाल गोयल बहुत गंभीर रूप से घायल हुए थे।

## परिवहन मंत्री ने पलवल रैली को लेकर कार्यकर्ताओं की बैठक ली



**फरीदाबाद।** बल्लबगढ़ सेक्टर-2 कार्यालय पर प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने विधानसभा-88 के सभी भाजपा पदाधिकारियों के साथ पलवल में सेक्टर-2 के अंदर होने वाली प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की रैली को लेकर चर्चा की। 20 नवंबर को यह रैली वीर स्वतंत्रता सेनानी वीरांगना महारानी लक्ष्मी बाई जी की सेना की सेनापति वीरांगना झलकारी बाई जी की जयंती के उपलक्ष में आयोजित की जा रही है। इसके अलावा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा को बल्लभगढ़ में बनाए जाने वाले एलिवेटेड पुल को लेकर मिठाई खिलाई और मुख्यमंत्री का भी आभार प्रकट किया। मोहना रोड एलिवेटिड पुल का टेंडर पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा लगाया जा चुका है जल्द ही प्रक्रिया पूरी होने के बाद इसकी आधारशिला प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल रखेंगे। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है।

## जिला में कौमी एकता सप्ताह का आगाज

**पलवल।** देश भर में सांप्रदायिक सद्भाव की भावना को मजबूत बनाने के उद्देश्य से 19 नवंबर से 25 नवंबर तक कौमी एकता सप्ताह मनाया जाएगा। डीसी एवं जिला सैनिक बोर्ड की चेयरपर्सन नेहा सिंह ने जानकारी देते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे लोगों में एकजुटता, आपसी भाईचारे व सांप्रदायिक सद्भाव की भावना जागृत करने के लिए जिला में कौमी एकता सप्ताह का आयोजन करें, ताकि सांप्रदायिक सद्भाव एवं राष्ट्रीय एकता के संदेश को देश एवं समाज के हर हिस्से तक पहुंचाया जा सके। डीसी ने कहा कि प्रतिवर्ष 19 नवंबर से 25 नवंबर तक साम्प्रदायिक सद्भाव अभियान सप्ताह मनाया जाता है। यह अवसर एक मौका देता है कि एक बहु सांस्कृतिक एवं बहुधार्मिक समाज में सहिष्णुता, सह-अस्तित्व एवं भाईचारे के मूल्यों की सदियों पुरानी परंपराओं को मजबूत किया जाए। देशभर में सांप्रदायिक सद्भाव, राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत बनाने और जीवंत, समग्र संस्कृति एवं भाईचारे को लेकर गौरव की भावना के संचार के मकसद से 19 नवंबर से 25 नवंबर तक कौमी एकता सप्ताह मनाया जाएगा। इस सप्ताह का पहला दिन 19 नवंबर राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में, दूसरा दिन 20 नवंबर अल्पसंख्यक कल्याण दिवस, तीसरा दिन 21 नवंबर भाषाई सद्भाव दिवस, चौथा दिन 22 नवंबर कमजोर वर्ग दिवस, पांचवां दिन 23 नवंबर सांस्कृतिक एकता दिवस, 24 नवंबर को झंडा दिवस तथा 25 नवंबर को सांप्रदायिक सद्भाव दिवस के तौर पर मनाया जाएगा।

## आज झलकारी बाई जयंती पर होगा ऐतिहासिक समारोह



**पलवल।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल 20 नवंबर को पलवल में सेक्टर-2 चौक के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय झलकारी बाई जयंती समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। यह समारोह ऐतिहासिक होगा, जिसके लिए सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सहकारिता मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने समारोह स्थल का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया। उनके साथ सांसद कृष्णलाल पंवार, विधायक होडल जगदीश नायर, विधायक पलवल दीपक मंगला, विधायक हथीन प्रवीण डागर, भाजपा जिलाध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया, एसडीएम शशि वसुंधरा, डीएसपी साकिर हुसैन सहित अन्य प्रशासनिक एवं संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। सहकारिता मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर सेक्टर-2 के समीप आयोजित होने वाले इस जयंती समारोह को ऐतिहासिक बनाया जाएगा। पलवल में इस समारोह का आयोजन होना, इस क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। इतिहास में झलकारी बाई की वीरता के अनेक प्रमाण हैं। ऐसी वीरांगना के सम्मान में इस कार्यक्रम का आयोजन कर सरकार महान स्वतंत्रता सेनानियों को याद करने का काम कर रही है। इस समारोह के आयोजन को लेकर प्रदेश की जनता में भी उत्साह का माहौल है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समारोह में आने वाले लोगों के लिए सभी सुविधाएं सुचारू रूप से होनी चाहिएं। कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई, पार्किंग, सुरक्षा, सेक्टर वाइज बैठने की व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, पीने का पानी व टायलेट आदि की व्यवस्था सही प्रकार से करवाई जाए।

# विधायक सुधीर सिंगला ने राजस्थान के कार्यकर्ताओं में भरा जोश

### कार्यकर्ताओं से कहा, जनता को केंद्र की योजनाओं से कराएं अवगत

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला ने अलवर जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित अति महत्वपूर्ण बैठक में शिरकत की। बैठक में राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने सभी प्रमुख कार्यकर्ताओं से विस्तृत चर्चा की। बैठक में राजस्थान के संगठन मंत्रीचंद्रशेखर, सिद्धार्थन, सांसद रमेश पोखरियाल, सांसद सुनीता दुग्गल, जिलर अध्यक्ष अशोक गुप्ता समेत जिला की संपूर्ण टीम बैठक में शामिल हुई।

संगठन मंत्री ने सभी विधानसभा पर एक-एक प्रमुख कार्यकर्ताओं की बात को सुना। जो कुछ बेहतर किया जा सकता है, उस पर भी चर्चा की। उन्होंने इस दौरान कार्यकर्ताओं में भी जोश भरा। इस दौरान विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी राजस्थान की जनता के बीच केंद्र की योजनाओं को लेकर जाएं। पड़ोसी राज्य हरियाणा की योजनाओं को लेकर जाएं। केंद्र सरकार द्वारा आम, गरीब आदमी को जो सुविधाएं दी


अलवर जिला भाजपा कार्यालय में बैठक के दौरान विधायक सुधीर सिंगला व अन्य नेतागण।

जा रही हैं, उनसे जनता को रूबरू कराएं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ राजस्थान की जनता ले भी रही है। विधायक ने कहा कि राजस्थान में इस समय कांग्रेस की सरकार है, लेकिन यहां केंद्र सरकार की उज्जवला योजना का लाभ लोगों को मिल रहा है। उज्जवला योजना में 500 रुपये का सिलेंडर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब यह सिलेंडर 1100 रुपये में बिकता था, तब केंद्र सरकार ने 200 रुपये की सब्सिडी दी। अगस्त में 300 रुपये की अतिरिक्त सब्सिडी दी गई। इससे साफ है कि राजस्थान सरकार का इसमें कोई योगदान नहीं है। गैस सिलेंडर पर 600 रुपये तो केंद्र सरकार से राजस्थान सरकार ले रही है।

केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी भी इस विषय पर जनता के बीच विस्तार से बता चुके हैं। केंद्रीय मंत्री के बयान को आगे बढ़ाते हुए विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि राजस्थान सरकार के वेट नहीं घटाने के कारण यहां पर पेट्रोल-डीजल दूसरे राज्यों की तुलना में 11 रुपये महंगा है।

यहां बीजेपी सरकार बनने के बाद लखनऊ की तरह पेट्रोल 96 रुपये लीटर हो जाएगा। सीएम अशोक गहलोत पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने के लिए केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराते हैं, जो कि गलत है। सुधीर सिंगला ने राजस्थान की जनता से आग्रह किया है कि इस बार बदलाव करके प्रदेश के चहुंमुखी विकास का रास्ता तैयार करें। कांग्रेस की सरकार ने योजनाओं के नाम पर जनता को सिर्फ बहकाया है।

# गुरुग्राम को विकसित करने में सहयोगी पूर्वांचली भाईयों के श्रम को नमन

### छठ पूजा समिति बसई की ओर से छठ महोत्सव कार्यक्रम में बोले गोयल

### छठ पर्व हम सभी को सबको एक सूत्र में पिरोकर रखता है

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**पर्यावरण** संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी के प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल ने रविवार से शुरू हुए छठ पर्व की गुरुग्राम में रह रहे पूर्वांचल के लोगों को शुभकामनाएं देते हुए सबकी खुशहाली, सुख-समृद्धि की कामना की। शहर में मनाए जा रहे विभिन्न छठ कार्यक्रमों में उन्होंने शिरकत करके छठ मइया को नमन किया।

इस अवसर पर धर्मेंद्र मिश्रा प्रधान, गोपाल सिंह महासचिव, दिनेश मिस्त्री उपाध्यक्ष, राहुल पांडे सचिव, वेदानंद तिवारी कोषाध्यक्ष, छोटेलाल प्रधान, रीना झा, बीके पांडे, सूरज राय, दूधेश्वर, अरविंद, राजन समेत सेंकड़ों की संख्या में लोगों की मौजूदगी रही।


गुरुग्राम में छठ पूजा कार्यक्रम में शिरकत करते नवीन गोयल।

छठ पूजा समिति बसई की ओर से बसई के तालाब पर आयोजित छठ महोत्सव में पहुंचे नवीन गोयल ने नवीन गोयल ने सभी को प्रकृति संरक्षण के इस अनुपम पर्व की शुभकामनाएं दीं। पूर्वांचल के लोगों की एकता पर कहा कि हम सबको इसी एकता के साथ रहना है। हमारी एकता, अखंडता अगर मजबूत होगी तो हम किसी भी बाधा को पार कर सकते हैं। नवीन गोयल ने पूर्वांचल के लोगों की परिश्रम को नमन करते हुए कहा कि लेबर से लेकर अफसर तक यहां पर पूर्वांचल के लोग काम कर रहे हैं।

निजी क्षेत्र में पूर्वांचल के लोगों की अहम भागीदारी है। अपने प्रदेश को छोड़कर हरियाणा में आकर रह रहे पूर्वांचल के लोग यहां की इकॉनोमी को भी बढ़ाते हैं। इनकी मेहनत से ही गुरुग्राम साइबर सिटी, मिलेनियम सिटी और महानगर बना है। हमारे चारों तरफ जो गगनचुंबी इमारतें खड़ी हैं, इनके निर्माण में पूर्वांचल के लोगों की हर तरह से भूमिका है। नवीन गोयल ने कहा कि गुरुग्राम में कंपनियों में भी पूर्वांचल के लोगों की अच्छी-खासी संख्या है। ऐसे में हम यह कह सकते हैं कि गुरुग्राम को विकसित करने में पूर्वांचल समाज की अहम भूमिका है।

उन्होंने कहा कि पूर्वांचल का छठ पर्व अहम पर्व है। यह पर्व सबको एक सूत्र में पिरोकर रखता है। इस पर्व को पूरी निष्ठा से मनाकर पूर्वांचल के भाई-बहन घर, परिवार, देश की खुशहाली की कामना करते हैं। पर्यावरण को बेहतर बनाकर रखने का भी यह पर्व है। नवीन गोयल ने कहा कि गुरुग्राम में पूर्वांचल के निवासियों का सहयोग, योगदान ऐसे ही मिलता रहा। हम सब मिलकर गुरुग्राम को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दें। जिस धरती से हमें रोजगार, रोटी मिल रही है, उस धरती को संवारने के लिए हमारा योगदान होना बहुत जरूरी है। पर्यावरण को बेहतर बनाने में हम सब मिलकर काम करेंगे तो हम इस उपलब्धि को हासिल कर लेंगे।

# विधायक राजेश नागर ने छठ घाटों पर जाकर व्रतियों को दी शुभकामना



**फरीदाबाद।** तिगांव से भाजपा विधायक राजेश नागर ने आज दर्जनों स्थानों पर पहुंचकर छठ पर्व पर व्रत रखने वालों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इनमें बसंतपुर, इस्माइलपुर, अजय नगर, निखिल विहार, पल्ला पुल आदि सम्मिलित हैं। नागर ने सभी के जीवन में सुख शांति के लिए सूर्यदेव एवं छठी मैया से प्रार्थना की।

इस अवसर पर विधायक राजेश नागर ने कहा कि छठ का पर्व बड़ी संख्या में उत्तर प्रदेश एवं बिहार के निवासियों द्वारा मनाया जाता है। वह कहीं भी रहें लेकिन इस पर्व को संपूर्ण भक्ति एवं शक्ति के साथ मनाते हैं। नागर ने कहा कि छठ पर्व वास्तव में शक्ति की उपासना का पर्व है और इस पर्व पर व्रत रखकर भक्तजन सूर्यदेव के प्रति अपना आभार प्रकट करते हैं। जिससे कि उनके जीवन में संपन्नता एवं शांति बनी रहे। इस अवसर पर व्रत करने वाले छठी मैया से भी आस औलाद की रक्षा के लिए प्रार्थना करते हैं।

विधायक राजेश नागर ने कहा कि हरियाणा की मनोहर सरकार ने प्रशासन को निर्देश देकर अधिक से अधिक संख्या में छठ घाटों की व्यवस्था एवं घाटों पर सुरक्षा एवं स्वच्छता की व्यवस्था करवाई है। जिसका अंतर सभी को दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि मनोहर सरकार में हरियाणा एक हरियाणवी एक की नीति का अनुसरण करते हुए सभी को सम्मान, सभी को सुरक्षा प्रदान की जाती है। भाजपा सरकार के लिए स्थानीय और प्रवासी सभी एक समान हैं। उन्होंने कहा कि यह आप लोगों का प्रेम है कि मुझे प्रदेश में सर्वाधिक वोट देकर आपने विधानसभा पहुंचाया।

## संक्षिप्त समाचार

### जोमैटो डिलीवरी ब्वॉय को क्राइम ब्रांच ने किया गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच-85 प्रभारी जोगिंदर सिंह की टीम ने अवैध हथियार तथा चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम सूरज है जो फरीदाबाद के खेड़ीपुल एरिया का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच की टीम में आरोपी को चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ खेड़ीपुल थाने में चोरी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले में पूछताछ की जिसमें सामने आया कि आरोपी जोमैटो में डिलीवरी ब्वॉय का काम करता है और नशा करने का आदी है। आरोपी ने दिल्ली के मालवीय नगर इलाके से मोटरसाइकिल चोरी की थी तथा जोमैटो में डिलीवरी के दौरान खेड़ीपुल एरिया से एक मकान से पंखा, पानी की टूटिया तथा प्रेस चोरी की थी। आरोपी के कब्जे से चोरी का सामान बरामद करने के बाद आरोपी को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

### नवनिर्वाचित पार्षद संदीप सिंगला कल लेंगे शपथ



**सोहना।** नगर परिषद के वार्ड-15 से नवनिर्वाचित पार्षद संदीप सिंगला मंगलवार को पद व गोपनीयता की शपथ लेंगे। जिन्हे नगर परिषद कार्यालय के सभागार में शपथ दिलाई जाएगी। इसी नवंबर माह की 5 तारीख को नगर परिषद के वार्ड-15 में हुआ उपचुनाव में पार्षद का चुनाव जितने वाले संदीप सिंगला मंगलवार को पद व गोपनियता की शपथ लेंगे। संदीप सिंगला को चेयरपर्सन अंजू देवी की अध्यक्षता में यह शपथ दिलाई जाएगी। इस शपथ पद समारोह में नगर पषिद के सभी पार्षद और विधायक संजय सिह को भी बुलाया गया है। परिषद कार्यालय में नवनिर्वाचित पार्षद संदीप सिंगला के शपथ ग्रहण समारोह की पूरी तैयारियां शुरु कर दी है। नवनिर्वाचित पार्षद संदीप सिगला ने वार्ड-15 से ही दूसरी बार चुनाव लड़ते हुए जीत हासिल की थी। संदीप सिंगला ने अपने विरोधी कुसुम गोयल को 162 मतों से हराया था। जबकि 2022 में संदीप सिंगला को कुसुम गोयल के पति स्वर्गीय अधिवक्ता राजकुमार गोयल ने हराया था।

### मानव गौसेवा धाम गाड़ोली में मनेगा गोपाष्टमी पर्व

**गुरुग्राम।** गाड़ोदी खुर्द स्थित मानव गौसेवा धाम में गोपाष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। इस पर्व को मनाने के लिए हम सबकी भागीदारी अधिक से अधिक होनी चाहिए। गौमाता की पूजन करके हम अपनी संस्कृति को आगे बढ़ाने का काम करें। यह बात पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी के प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल ने गौ प्रेमियों को गोपाष्टमी पर्व का न्यौता देते हुए कही। नवीन गोयल ने बताया कि माधव गौसेवा धाम गाड़ोली खुर्द में गोपाष्टमी पर्व को भव्य बनाने के लिए गौशाला के संचालक सतीश तायल, डा. डीपी गोयल, विनय मंगल, मनीष शर्मा, मनीष यादव, राजेश बंसल, पार्थ तायल आदि ने इस आयोजन को बेहतर बनाने के लिए विशेष तैयारियां की गई हैं। सबसे पहले सुबह के समय गौरक्षा यज्ञ किया जाएगा। फिर गौपूजन होगा। जिसमें सभी लोग गौ माता का पूजन करके आशीर्वाद लेंगे। गऊओं को गुड़ आदि खिलाएंगे। नवीन गोयल ने गौ प्रेमियों से आग्रह किया है कि इस आयोजन में हम सबकी भागीदारी होनी चाहिए। गाय की रक्षा के लिए भी हमें कार्य करना चाहिए। जहां कहीं भी बीमार, लाचार गाय नजर आए, उसे नजदीकी गौशाला में पहुंचाना चाहिए। प्रदेश सरकार ने गऊओं की रक्षा के लिए बेहतर कार्य किए हैं। लोगों के द्वारा छोड़ी गई गायों को गौशालाओं में पहुंचाने के लिए निर्देश प्रदेश सरकार की ओर से जारी किए जा चुके हैं।

# कांग्रेस कार्यालय में मनाई इंदिरा गांधी की जयंती


स्वर्गीय इंदिरा गांधी की फोटो पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि अर्पित करते कांग्रेसी नेता एवं कार्यकर्ता।

**गुरुग्राम।** यहां कमान सराय स्थित कांग्रेस कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की जयंती कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने श्रद्धापूर्वक मनाई। स्वर्गीय इंदिरा गांधी को सभी ने श्रद्धांजलि देकर नमन किया।

इस मौके पर मुख्य रूप से गुड़गांव विधानसभा प्रभारी दीपक भारद्वाज के साथ वरिष्ठ कांग्रेस नेता वीरेंद्र यादव, पंकज डावर, कुलराज कटारिया, कुलदीप कटारिया, अमित भारद्वाज, परविंदर कटारिया, पर्ल चौधरी, सूबे सिंह यादव, भारत मदान, मनोज आहूजा, सुनील प्रकाश, सतबीर चेयरमैन, मुकेश सिंगला, रमन वर्मा, रवि राज, कुलदीप सिंह, राजीव यादव, रिंकू यादव, अरुण शर्मा एडवोकेट, नरेश यादव, रोशन लाल समेत अन्य भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। दीपक भारद्वाज ने सभी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की फोटो पर पुष्प अर्पित करके उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री रहते इंदिरा गांधी ने देश की तरक्की के लिए जो राह दिखाई और जो योगदान दिया, आज उसी की बदौलत हमारा देश बुलंदियों पर है। हमारा देश कभी भी इंदिरा गांधी के योगदान को भूल नहीं सकता।

# राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस पर जांच शिविर व संगोष्ठी आयोजित

**फरीदाबाद।** जिला नागरिक अस्पताल में शनिवार को आयुष विभाग की ओर से राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस के उपलक्ष्य में नि:शुल्क प्राकृतिक चिकित्सा शिविर एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

शिविर में मुख्यातिथि के तौर पर नेचुरोपेथी विशेषज्ञ डॉ. सीवी यादव ने शिरकत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रतिदिन खाए जाने वाले आहार में कुछ परिवर्तन कर कई स्वास्थ्य समस्याओं से निजात पा सकते हैं। डॉ. सीवी ने कहा कि प्राथमिक तौर पर हमें अपने आहार पर ध्यान देने की आवश्यकता है। इस दौरान उन्होंने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि मोटे अनाज को अपनी डाइट में शामिल करें। शिविर में कई सामान्य बीमारियों के साथ-साथ त्वचा से संबंधित अनेक मरीजों की भी जांच कर दवाई दी गई। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉक्टर मंजू कुमारी ने लोगों को बताया कि हम प्राकृतिक चिकित्सा के द्वारा कैसे विभिन्न प्रकार के रोगों को ठीक कर सकते हैं।

# विश्वकप के फाइनल में भारत की जीत को लेकर कांग्रेसियों ने किया हवन


विश्व कप में भारत की जीत के लिए शीतला माता मंदिर में हवन करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

**गुरुग्राम।** भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच रविवार को विश्व कप के फाइनल मैच में भारत की जीत को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शीतला माता मंदिर में हवन-यज्ञ किया। मां शीतला से भारत की जीत की कामना की।

भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच वर्ल्ड कप के फाइनल मैच को लेकर प्रशंसकों का उत्साह सातवें आसमान पर है।कहीं बड़ी स्क्रीनों पर मैच दिखाने की तैयारी है तो कहीं जीत के बाद जश्न मनाने की तैयारी है। कहीं हवन-यज्ञ किए जा रहे हैं। गुरुग्राम में मॉल्स व अन्य कई स्थानों पर मैच के प्रसारण के लिए बड़ी स्क्रीनें लगाई गई हैं। दूसरी तरफ शीतला माता मंदिर में भारत की जीत के लिए कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने हवन-यज्ञ किया। हवन में शामिल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंकज डावर ने कहा कि पिछले सभी मैचों की तरह आज फाइनल में भी भारत की जीत पक्की है। मां शीतला से भी यही प्रार्थना की गई है। कप्तान रोहित शर्मा के नेतृत्व में टीम ने करिश्माई क्रिकेट खेला है। उन्होंने कहा कि अभी जीत होने के लिए हवन किया गया है। जीत के बाद जश्न भी मनाया जाएगा। शहर में करीब 200 स्थानों पर भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाले फाइनल मैच को दिखाया जाएगा। इसकी पूरी तैयारियां की गई हैं। यहां के रमाडा होटल में वर्ल्ड कप मैच को लेकर डिशेज के नाम भी खिलाड़ियों के नाम पर रखे गए हैं।

# तिरंगा रोशनी से जगमग हुईं सोहना की सड़कें, दो दिन में लगीं 100 लाइटें

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नगर** परिषद का शहर की सड़कों पर तिरंगा लाइट से जगमग करने के अभियान ने गति को तेज किया। दो दिन में 100 अधिक स्ट्रीट पोलों पर तिरंगा लाइटें लगाई। शहर की 8 मुख्य सड़कों पर तिरंगा लाइट लगाई जाएगी।

नगर परिषद का शहर को तिरंगा रोशन से जगमग करने की योजना भले ही देर से रंग ला रही है। लेकिन शहर को तिरंगा रंगने का अभियान धीरे-धीरे गति पकड़ने लगा है। दीपावली से पहले शुरु किया अभियान बीच में रुक गया था। लेकिन गुरुवार से ठेकेदार ने तिरंगा रोशनी से जगमग करने के अभियान को फ़िर से शुरु करते हुए दो दिन में 100 से अधिक स्ट्रीट पोल पर तिरंगा लाइट लगाते हुए शहर को देश के राष्ट्रीय झंडा के तिरंगा रंग से जगमग कर दिया है।


सोहना का नागरिक अस्पताल मार्ग तिरंगा रोशनी से जगमगाता हुआ।

**अस्पताल मार्ग पर लगी लाइटें :** ठेकेदार ने गुरुवार को राष्ट्रीय राजमार्ग 248ए पर लगे स्ट्रीट लाइट पोल पर तिरंगा लाइट लगाने के अभियान को शुरु किया था। राष्ट्रीय मार्ग पर सामान्य बस स्टैंड से दमदमा चौक और चूंगी नंबर दो से नागरिक अस्पताल रोड पर अनाज मंडी के आखिर कोने तक लगे स्ट्रीट लाइट के पोल तक तिरंगा रोशनी की लगाई गई।

**शहर के सौंदर्यीकरण की शुरुआत** : नगर परिषद की विभिन्न विकास की योजनाओं को अमलीजामा पहनाते हुए शहर का सौंदर्यीकरण करने की योजनाओं की शुरुआत होने लगी है। शहर में अन्य कई करोड़ों रुपये की विकास कार्य योजनाएं है। जिनके पूरा होने पर शहर की चमक बढ़ेगी।

> “ **तिरंगा** रोशनी लगाने वाली एजेंसी के कर्मचारी दीपावली पर अपने घरों को चले गए थे। जिसके कारण दीपावली पर कार्य बंद रहा। अब फिर से तिरंगा रोशनी लाइट लगाने के अभियान को शुरु कर दिया है। अब यह कार्य पूरा होने पर ही बंद होगा।
>
> **( राजपाल खटाना- एसडीओ नप )**

# छठ से एक दिन पहले ढलते हुए सूरज को दिया अर्घ



सोहना के देवीलाल खेल स्टेडियम में रविवार की शाम छठ से एक दिन पहले ढलते हुए सूरज का अर्घ देते हुए।

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**सोहना** के देवीलाल खेल स्टेडियम में रविवार की शाम छठ का व्रत करने वालों ने ढहलते सूरज को अर्घ दिया। छठ से एक दिन पहले व्रतियों ने रविवार की शाम को ढहलते हुए सूरज का अर्घ दिया।

अर्घ देने वालों का सायं पांच बजे से ताता लग गया था। यहां बने तालाब को रविवार की सुबह ही जल से भरा गया। छठ पूजन कमेटी द्वारा अर्घ देने वालों के लिए विशेष सुविधा की गई थी। रविवार को 100 से 125 व्रतियों ने ढहलते सूर्य को अर्घ दिया। जिसकी तैयारी दो दिन से खेल स्टेडियम में की जा रही थी। सोमवार की सुबह उगते हुए सूरज अर्घ देना होगा। छठ कमेटी ने इस बार पहले से अधिक सुविधाएं व्रतियों के लिए की गई थी।

**ढोल-बाजों पर नाचते हुए पहुंचे :** सूरज को अर्घ देने के लिए व्रतियों साथ परिजना ढोल व बाजों के साथ पहुंचे। जहां पर पूरी खुशियां मनाई तालाब के आस पास पूरी लाइट से जगमग किया हुआ था। जिसकी चमक दूर-दूर तक नजर आ रही थी।



# अगले पांच दिन में सभी क्षेत्रों में दुरुस्त हो जाएगी सफाई व्यवस्था : पीसी मीणा

### निगम प्रशासन ने कचरा उठान किया तेज

### सभी संयुक्त आयुक्त अपने-अपने जोन में लगातार कर रहे निगरानी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**नगर** निगम गुरुग्राम ने शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए और अधिक तेजी से कार्य शुरू कर दिया गया है। सप्ताह के सातों दिन कचरा उठान पर जोर दिया जा रहा है। कई क्षेत्रों में दिन ही नहीं, बल्कि रात के समय भी सफाई व्यवस्था व कचरा उठान कार्य तेज गति से किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त पीसी मीणा भी चुनाव ड्यूटी से वापस आने के बाद लगातार शहर का दौरा कर रहे हैं।


गुरुग्राम में सफाई व्यवस्था का जायजा लेते निगमायुक्त पीसी मीणा।

नगर निगम गुरुग्राम के सभी संयुक्त आयुक्त अपने-अपने जोन में पूरी क्षमता के साथ सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करवाने सहित कचरा उठान तेज गति से करवा रहे हैं। अब तक पुराने पड़े कचरे को उठाया जा चुका है। दावा है कि अगले 4-5 दिन में सभी क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाएगी। नगर निगम का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को बेहतर सफाई व्यवस्था उपलब्ध करवाना है, जिसमें कई आरडब्ल्यूए, वरिष्ठ नागरिकों, पूर्व पार्षदों व अन्य गणमान्य व्यक्तियों का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है।

निगम की ओर से कहा गया है कि सफाई कर्मचारियों की चल रही बेबुनियादी हड़ताल अब धीरे-धीरे दम तोड़ती जा रही है। सफाई कर्मचारी भी अब हड़ताल पर बैठने की बजाए काम पर वापस लौट रहे हैं। निजी एजेंसियों के माध्यम से नियुक्त होकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के साथ ही अपने परिवार की रोजी-रोटी चलाने को महत्व दे रहे हैं। इसके अलावा 200 से अधिक निगम रोल के कर्मचारी भी अपने-अपने क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने में जुट गए हैं

**बाधा उत्पन्न करने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई:** दूसरी ओर उन कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है, जो काम पर लौटने की बजाए, निगम प्रशासन द्वारा किए जा रहे कार्य में बाधा उत्पन्न करने की कोशिश कर रहे हैं। निगम प्रशासन द्वारा स्पष्ट कर दिया गया है कि हरियाणा नगर निगम अधिनियम-1994 की धारा-303 के तहत बिना अनुमति के कोई भी सफाई कर्मचारी अगर अनुपस्थित रहता है, तो वह कार्रवाई के लिए स्वयं जिम्मेदार होगा। वहीं, कई कर्मचारियों को टर्मिनेट किया गया है तथा शेष अन्य को टर्मिनेट करने की योजना पर विचार हो रहा है। साथ ही भ्रष्टार के आरोप में पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए सफाई यूनियन के प्रधान व सचिव को भी बर्खास्त करने के आदेश जल्द ही जारी किए जाएंगे।

# इंडरी में आफताब अहमद को मिला समर्थन, देवी सिंह प्रधान भाजपा छोड़कर कांग्रेस में हुए शामिल

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**नूंह** विधानसभा के बड़े गांव इंडरी में कांग्रेस पार्टी के विधायक चौधरी आफताब अहमद के हाथ से हाथ जोड़ो अभियान को बड़ी सफलता हासिल हुई। भाजपा सहित कई दलों के दर्जनों समर्थकों ने कांग्रेस विधायक आफताब अहमद का दामन थाम लिया और भाजपा को अलविदा कह दिया, इनमें चौधरी देवी सिंह प्रधान का नाम भी शामिल है। विधायक आफताब अहमद को लगातार मिल रहे समर्थन से आगामी चुनावों में कांग्रेस लगातार मजबूत हो रही है।

कांग्रेस विधायक दल के उप नेता आफताब अहमद ने कहा कि इंडरी उनका बड़ा गांव है, यहां से मिले समर्थन व सहयोग को वो हमेशा याद रख कर यहां के मान सम्मान को आगे रहेंगे। जो लोग भाजपा व अन्य दलों को छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए हैं उनका स्वागत है। हमें सभी को इलाके के भाईचारे को मजबूत रखकर फिरकापरस्त ताकतें से लड़ाई लडनी है और आज के समर्थन से साफ है कि हिंदू-मुस्लिम सभी मिलकर विकास चाहते हैं और भाजपा को नकार रहे हैं। आफताब अहमद ने

## नूंह में हिंदू-मुस्लिम सभी मिलकर विकास चाहते हैं

देवी सिंह प्रधान की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने भाजपा की विभाजनकारी नीतियों से नाराज होकर व नूंह मामले को लेकर पार्टी छोडी है। देवी सिंह प्रधान ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की नीति सभी समाज के लोगों को साथ लेकर चलने की रही है और उनकी नियत विकास की रही है। विधायक आफताब अहमद ने चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा व कांग्रेस पार्टी में सभी के हित सुरक्षित होने की बात कही।

विधायक आफताब ने कहा कि उनकी पूर्व की कांग्रेस की हुड्डा सरकार में इंडरी को बहुतकनी की संस्थान, बिजली घर आदि की सौगात दी थी लेकिन भाजपा सरकार ने नौ साल में कोई सौगात नहीं दी और जो घोषणा की वो भी पूरी नहीं की। इंडरी खंड में ना नायब तहसीलदार बैठा और ही सब तहसील कार्यालय स्थापित किया गया। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि कांग्रेस के नौ सालों में विकास हुआ था,



जिला बनाने से लेकर मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, कई महिला कॉलेज, कई बहुतकनीकी संस्थान, आईटीआई, कस्तूरबा गांधी विधालय, कोटला झील, राजीव गांधी रैनीवैल योजना, बादली परियोजना, राष्ट्रीय राजमार्ग 248 ए, लघु सचिवालय नूंह, मेवात कैनाल, रोजगार के साधन, किसानों की कर्ज माफी, बीपीएल प्लाट, कई बस अड्डे आदि बनाए गए थे। लेकिन भाजपा सरकार ने कोई विकास कार्य नहीं किए। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि भाजपा विकास की नहीं बल्कि समाज को बांटने की सोचती है। मेवात में भी वो यही कर रहे हैं। सभी को आपसी सद्भाव बना कर मिलकर रहने को कहते हुए कहा कि भाजपा के बहकावे में नहीं आना और मौजूदा सरकार का सफाया करना है। नौ साल में मेवात को विकास कार्य नहीं बल्कि दंगो की आग में झोंका गया है, आपसी भाईचारे को तोड़ने की कोशिश हुई। हाल ही में हुए नूंह के एक मामले का जिक्र करते हुए कहा कि छोटे छोटे मामलों को आपस में बैठक सुलझाना चाहिए, उन्हें बढाना नहीं चाहिए। विधायक आफताब ने इंडरी का विकास सोहना की तर्ज पर कराने का वायदा किया।

**इन्होंने कांग्रेस का दामन थामा:** चौ देवी सिंह प्रधान, धर्मवीर जैलदार, गिर्राज, भारत पूर्व सरपंच, हरबंस, नरेंद्र नंबरदार, पोहप सिंह, ओमी मास्टर ने अपने साथियों संग कांग्रेस पार्टी में आस्था व्यक्त की। पीसीसी सदस्य महताब अहमद ने कहा कि कांग्रेस परिवार में शामिल हुए लोगों के मान सम्मान का भरपूर ख्याल रखा जाएगा। दोनों भाई इंडरी से लगाव रखते हैं और इसे अपना गांव समझते हैं।

जो लोग सहयोग व समर्थन कर रहे हैं उनके लिए वो हर वक्त सहयोग के लिए तैयार रहेंगे। उन्होंने कहा कि मेवात के भाईचारे को बचाने व विकास को शुरु कराने के लिए भाजपा का सफाया जरुरी है। कांग्रेस सरकार बनने पर नौ साल से रुका हुआ विकास का पहिया फिर चालू किया जाएगा। इस दौरान धर्मेंद्र , बलजीत डागर दुबालू, शरीफ प्रधान, ब्रह्मजीत , नरेंद्र, बलबीर, ओमी मास्टर , बिजेंदर , धर्मेंद्र, प्रेम हुड्डा, चेयरमैन प्रवीण, शेर सिंह डागर, चरणसिंह , इंद्र नंबरदार, गिरिराज, आमिल चेयरमैन, सत्तार सरपंच , राजू, श्रीपाल, जीतू सरपंच, राम कर्ण, हरचंदा , भगतसिंह, हाजी शहाबुद्दीन, आनंद आटा, करतार आटा, महावीर, देव करण सरपंच, जुहरू सरपंच, प्रेम पाल, आजाद, अज्जी उलेटा, देशराज, आसिफ चंदेनी आदि मौजूद थे।

# संक्षिप्त समाचार

## खेलों हरियाणा के लिए खिलाड़ियों ने दिया ट्रायल



**फरीदाबाद।** रविवार को खेलों हरियाणा के लिए सेक्टर-12 के स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में ट्रायल ली गई। इस ट्रायल में लगभग 200 खिलाड़ियों ने एथलेटिक्स, तीरदांजी, वालीबॉल, फुटबाल, कबड्डी, हॉकी, कुश्ती, रस्साकशी, ताइक्वाड़ो, हैंडबॉल, तलबारबाजी आदि खेलों की ट्रायल दी। विजयी खिलाड़ी 28 से 30 नवंबर तक पंचकूला में होने वाले राज्य स्तरीय खेलो हरियाणा प्रतियोगिता में भाग लेंगे। कोचों का कहना था कि वहां पर विजयी होने वाले खिलाड़ियों को आगे खेलो इंडिया प्रतियोगिता में भेजा जाएगा।

## प्रदेश की सरकार कर रही चहुंमुखी विकास

**फरीदाबाद।** प्रदेश की मनोहर सरकार धर्म और जाति पर नहीं, बल्कि अंत्योदय के संकल्प के तहत कार्य कर रही है। विधायक राजेश नागर ने कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल जन समस्याओं के समाधान के लिए गंभीरता से कार्य कर रहे हैं। जिसके परिणामस्वरूप आज बिन पर्ची और खर्ची के योग्य युवाओं को मेरिट के आधार पर सरकारी नौकरियां मिल रही हैं। इस दौरान एसडीएम अमित मान, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुखबीर मलेरना, बलराज अधाना, वासुदेव, हजीखान, राजेश तंवर, लोकेश बैसला, शशिपाल अवाना, प्रहलाद शर्मा, रजत भड़ाना, सुरेंद्र बिधूड़ी, विक्रम प्रताप सहित अन्य उपस्थित रहे।

## पार्क में खेल रही बच्ची पर गाय ने किया हमला

**फरीदाबाद।** एनआईटी-2 के सी ब्लॉक पार्क में खेल रही बच्ची पर गाय ने हमला कर दिया। घटना में बच्ची घायल हो गई। उसे सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं हैं। किसी तरह से पार्क में मौजूद बच्ची की मां ने अन्य लोगों की सहायता से गाय को भगाया। बच्ची को अस्पताल ले जाया गया, प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। परिजनों की शिकायत पर नगर निगम के कर्मी गाय को पकड़कर ले गए। एनआईटी-2 के सी ब्लॉक निवासी लक्ष्मी अपनी बेटी अकाशी (13) को लेकर सनातन धर्म मंदिर के सामने 2-सी पार्क में गई थी। बच्ची सी ब्लॉक में राजकीय विद्यालय में आठवीं कक्षा की छात्रा है। शनिवार को स्कूल की छुट्टी होने की वजह से वह मां के साथ पार्क में खेलने आई थी। पार्क का गेट खुला होने की वजह से तीन लावारिस गायें व सांड अंदर आ गए। इसी दौरान एक गाय ने झूले पर बैठी अकाशी पर हमला कर दिया। जब तक आस-पास के लोग उसे बचाते, तब तक गाय ने कई बार उस पर हमला कर ददा। पार्क व आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह से अकाशी को गाय से बचाया। उसके बाद उपचार के लिए अस्पताल में लेकर गए, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार और एक्सरे व एमआरआई करने के बाद उसे घर भेज दिया। अकाशी के पिता संजू ने बताया कि जांच की रिपोर्ट आने के बाद उपचार कराया जाएगा। अकाशी को अंदरूनी चोट भी आई हैं।

## नव प्रयास ने पार्क में स्वच्छता अभियान चलाया



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद की सामाजिक संस्था नव प्रयास सेवा संगठन ने अपने 15वें स्थापना दिवस के अवसर पर प्याली चौक स्थित पार्क में संस्थापक सुनील यादव के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष भगवान सिंह ने स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पार्क में घूमने व योगाभ्यास करने आने वाले लोगों को संबोधित करते हुए भगवान सिंह व संस्थापक सुनील यादव ने कहा कि स्वच्छता मनुष्य जीवन में बहुत जरूरी है। अपने आस पास के क्षेत्रों केसाथ-साथ पार्कों की सफाई नियमित रूप से करनी चाहिए और पर्यावरण की सफाई सामाजिक और बौद्धिक स्वास्थ्य के लिये बहुत जरूरी है। स्वच्छता एक ऐसा कार्य नहीं है, जो पैसा कमाने के लिये किया जाए बल्कि, ये एक अच्छी आदत है जिसे हमें अच्छे स्वास्थ्य और स्वस्थ जीवन के लिये अपना ना चाहिये स्वच्छता सबसे पुण्य का कार्य है जिसे जीवन का स्तर बढ़ाने के लिये एक बड़ी जिम्मेदारी के रुप में हर एक को अनुकरण करना चाहिये। नव प्रयास सेवा संगठन के अध्यक्ष रमेश जोशी, रवि चौहान, व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुरेन्द्र रावत, सनातन धर्म शिव मंदिर के प्रधान विनय कुमार, अशोक पोद्दार, मनोज बालियान, नीरज नरूला, राज लखनपाल, विकास कश्यप, टिंकू कर्दम, विनोद कुमार, अशोक तिवारी, राजेंद्र, महिला विंग की प्रधान मनीषा सिंह, मंजू सिंह, चंद्रकांता आदि ने कहा कि स्वच्छता से हमें रहने के लिए अच्छी जगह मिलती है, सास लेने के लिए साफ -हवा मिलती है। हम साफ -सफाई से रहेंगे तो हमारी समाज में इज्जत होगी। हम अपने गली मोहल्ले को साफ रखेंगे तो बीमारिया मच्छर नहीं हो। इस मौके पर पार्क में योगा व मार्निंग वॉक के लिए आए लोगों को पार्क के सौन्दर्यीकरण व स्वच्छता में सहयोग करने के लिए प्रोत्साहित भी किया।

# बंदरों के खौफ से 45 वर्षीय महिला छत से गिरी सिर में आए 28 टांके

## शहर के वार्ड नंबर नौ की महिला रोहतक पीजीआई में भर्ती

पायनियर समाचार सेवा। फिरोजपुर झिरका

**शहर** में बंदरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा, आए दिन बंदरों की टोली द्वारा शहर के किसी ना किसी वार्ड में महिला बुजुर्ग और बच्चों पर हमला करने के मामले सामने आ रहे हैं। इसी क्रम में शहर के वार्ड नंबर 9 रामपुरा मोहल्ला में बंदरों की एक टोली ने एक महिला (45)को छत से गिरा दिया। पड़ोस के लोगों द्वारा महिला को स्थानीय अस्पताल से प्राथमिक चिकित्सा दिलाने के बाद मंडी खेड़ा अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया । जहां महिला की ज्यादा हालत खराब होता देख महिला को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया । वहां भी डॉक्टरों ने महिला की हालत गंभीर होता देख उसे रोहतक पीजीआई के लिए रेफर कर दिया। महिला बसंती देवी पत्नी कैलाश बहादुर निवासी वार्ड नंबर 9 रामपुरा मोहल्ला की रहने वाली है।

शहर के समाजसेवी रमेश कामरा, शिव मंदिर अध्यक्ष अनिल कुमार गोयल, वरिष्ठ अधिवक्ता मोहन गोयल, जगदीश प्रसाद गुप्ता सहित अन्य मौजिज लोगों का कहना है कि इन दोनों बंदरों की संख्या निरंतर दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। हरियाणा के अन्य जिलों से पकड़े गए बंदरों को अरावली की वीदियो में छोड़ा जा रहा है। जिसके चलते शहर में बंदरों की तादाद दिन प्रतिदिन



शहर के वार्ड नंबर 9 की बसंती देवी सर में लगे 28 टांके।

> “जल्द ही बंदरों को पकड़वाने का टेंडर दिया जाएगा। इसके लिए उच्च अधिकारियों से स्वीकृति ली जा रही है।
> **गुलशन कुमार ,नगर पालिका सचिव, फिरोजपुर झिरका।**

बढ़ती जा रही है। जो बंदर भूखे प्यासे होने के चलते निरंतर महिला बुजुर्ग और बच्चों पर हमले कर रहे हैं । पालिका प्रशासन से बार-बार गुहार लगाने के बावजूद भी शहर की उत्पाती बंदरों से निजात नहीं दिलाई जा रही है। इससे पहले भी बंदरों द्वारा शहर में कई लोगों पर हमले के मामले प्रकाश में आए हैं। नगर पालिका द्वारा मात्र 500 बंदरों को पकड़ने का ठेका दिया है। जो ऊंट के मुंह में जीरा के समान है। लोगों का कहना है कि शहर में बंदरों की संख्या दो ढाई हजार से अधिक है।

# अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध केस दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

**तावडू** के अंतर्गत सोहना मार्ग मार्ग गांव शिकारपुर के नजदीक रविवार सुबह एक तेज रफ्तार कैंटर की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल सवार उछलकर ट्रोला की चपेट में आ गया,जिससे मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ मौके पर एकत्रित हो गई। जबकि वाहन चालक फरार हो गया तो वहीं मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। करीब एक घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही।

सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। इसके बाद सदर थाना पुलिस भी मौके पर पहुँची तो जाम में फंसे वाहनों को सुरक्षित तरीके से निकलवाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नूंह सीएचसी में



पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मामले में अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक गांव कन्हेरा तहसील कोसली थाना रोहडाई जिला रेवाड़ी निवासी मृतक संदीप (35) रविवार को मोटरसाइकिल पर सवार होकर फरीदाबाद इंटरव्यू देने के लिए जा रहा था। सुबह 9 बजे के करीब गांव शिकारपुर मोड़ से आगे पहुंचा तो तभी सामने से तेज गति में ओवरटेक करते हुए एक कैंटर गाड़ी आई। जिसने संदीप की मोटरसाइकिल में सीधी टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही मोटरसाइकिल सहित संदीप उछलकर दूसरे वाहन ट्रोला की चपेट में आ गया।

स्थानीय लोगों ने बताया कि संदीप को ट्रोला ने करीब मीटर तक घसीटा जिससे मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद दोनो वाहनों के चालक फरार हो गए।मार्ग पर जाम की स्थिति बनती चली गई। दोनों और करीब डेढ़ किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतार बन गई। स्थानीय लोगों की सूचना से डायल 112 मौके पर पहुंची और जाम को खुलवाने का प्रयास किया थोड़ी देर बाद सदर थाना पुलिस भी मौके पर घटना स्थल पर पहुंची और एंबुलेंस को बुलाया। कड़ी मसक्कत के बाद मृतक के शव को उठाकर निजी अस्पताल के एंबुलेंस की मदद से नूंह सीएचसी भिजवाया। फिलहाल पुलिस ने मृतक के भाई प्रदीप के बयान पर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मृतक संदीप के परिजनों से मिली जानकारी के मुताबिक परिवार में सबसे बड़ा था। परिवार में एक एक छोटा भाई और तीन बहन थी। पैंतीस वर्षीय संदीप के तीन लड़कियों का पिता था।

# हिसार में एक साथ तीन पेट्रोल पंप लूटने वाला गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। हिसार

**हिसार** में एक साथ तीन पेट्रोल पंप लूटने वाले मास्टरमाइंड कुख्यात इनामी बदमाश पवन उर्फ नागड़ को एसआईटी ने गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में पहले उसके चार साथी पकड़े जा चुके हैं। एसआईटी ने उनकी ही निशानदेही पर उसे काबू किया है। टीम ने उसे दो दिन के रिमांड पर लिया है।

एसआईटी इंचार्ज डीएसपी गौरव शर्मा ने बताया कि पवन उर्फ नागड़ 31 अक्टूबर को पेट्रोल पंपों पर हुई लूट की सभी वारदातों में शामिल था। वह 5 हजार रुपए का इनामी अपराधी है। उसका पुराना आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। पुलिस पूछताछ में उसने खुलासा किया कि अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर 3 सितंबर को अपने ही गांव के एक व्यक्ति पर जान से मारने की नीयत से फायर किया था। आरोपी ने टोहाना निवासी प्रदीप उर्फ टीटा और जांडली फतेहाबाद निवासी सुमित उर्फ बिंडा के साथ मिलकर आर्य बाजार, उकलाना स्थित कपड़े

## पहले पकड़े जा चुके आरोपियों की निशानदेही पर कार्रवाई

की दुकान पर फायर कर 20 लाख रुपये की फिरौती मांगी थी। इस मामले में टोहाना निवासी प्रदीप उर्फ टीटा और जांडली फतेहाबाद निवासी सुमित उर्फ बिंडा दोनों आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी पवन उर्फ नागड़ ने वीरेंद्र उर्फ भोपा, सागर, लालू वासी खारिया और मुंशी के साथ मिलकर दादरी तोए से फरूखनगर के बीच शराब ठेका से 10-12 हजार व शराब की बोतल पिस्तौल के बल पर छिनी थी।

## हिसार सीटीयू ड्राइवर मर्डर केस में दो लोगों को किया गिरफ्तार

**हिसार।** हिसार पुलिस ने सीटीयू बस ड्राइवर राजेश की हत्या के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान गांव बिचपड़ी निवासी गोलू और कपिल के रूप में हुई है। पुलिस अब तक इस मामले में आठ आरोपियों को पकड़ चुकी है। एसपी मोहित हांडा ने बताया कि राजेश की हत्या के मामले में बरवाला थाना प्रभारी महेंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी।

सीटीयू बस चालक राजेश की कुछ दिन पहले हुए झगड़े की रंजिश के तहत योजना बना कर हत्या की गई थी। इस मामले में गोलू और कपिल मुख्य आरोपी है। पुलिस ने पहले छह आरोपियों प्रवीन , सुमित उर्फ डब्बू, विक्रम उर्फ मोटा वासी बिचपड़ी, मनोज उर्फ कालू वासी बालक, नहला फतेहाबाद निवासी अमित और गुरदीप को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। जेवरा निवासी मनजीत ने बरवाला थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसका भाई राजेश सीटीयू में ड्राइवर था। उसकी बालक चोपटा में परचून की दुकान है। 7 अगस्त की रात वह दुकान बंद कर घर के लिए निकले थे। बाबा फूलनाथ गोशाला के पास भाई राजेश की गाड़ी पर 2 मोटरसाइकिल पर सवार 6-7 युवकों ने डंडों और तेजधार हथियारों से हमला कर दिया था। चोट मारने के बाद वे फरार हो गए।

# गन्ना उत्पादक किसान हुए मालामाल

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**नूंह** जिले के पुनहाना खंड के मामलीका गांव के गन्ना उत्पादक किसान खुश है । किसानों की खुशी की वजह है, सरकार द्वारा अच्छे दाम मिलना, लेकिन नूंह जिले के इस गांव के किसानों को सरकारी भाव से भी अच्छा भाव खेतों में ही मिल रहा है। खरीदार अपनी ट्रैक्टर - ट्राली या फिर रिक्शा लेकर खेतों में ही किसान के पास पहुंच जाते हैं और 400 - 500 प्रति क्विंटल के हिसाब से गन्ने को खरीद कर इलाके के गांव में बेचते हैं।

हरियाणा सरकार ने इस बार गन्ने का भाव 386 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ाया है और अगले साल से 400 रुपए प्रति क्विंटल गन्ने का भाव बढ़ने का भरोसा दिलाया है, लेकिन सरकार के भाव से भी अधिक नूंह जिले के इस गांव के किसानों को भाव मिलने





की वजह से उनकी आर्थिक स्थिति बेहतर हो रही है। किसानों के चेहरे पर खुशी है। सुबह ही पूरा परिवार खेतों की तरफ निकल जाता है और गन्ने की छिलाई कर खेत में ही तुलाई का कांटा लगाकर खरीदारों को गन्ना बेचा जा रहा है। मामलीका गांव में 17, 18 और 19 नंबर की गन्ने की किस्म उगाई जाती है। इस बार पैदावार अच्छी हुई है। दरअसल उजीना ड्रेन इस गांव के समीप से गुजरती है, इसलिए भूमि में भी पानी है और नहरी पानी भी गन्ने की फसल को आसानी से मिल जाता है। बरसात इस बार अच्छी हुई है तो इसलिए गन्ने की फसल बीते सालों की तुलना में इस बार और अधिक अच्छी हुई है। किसानों को एक एकड़ गन्ने की फसल से एक लाख - 200000 तक का मुनाफा हो रहा है। इसके अलावा सबसे खास बात यह है कि अधिकतर किसानों ने गन्ने की फसल बेचकर इस जमीन में गेहूं की बिजाई कर दी है या फिर जिन किसानों का गन्ना इस समय बेचा जा रहा है, वह पछेती गेहूं की किस्म की बिजाई कर इस खेत से दो पैदावार ले रहे हैं। किसान परंपरागत खेती को छोड़कर इस गन्ने की खेती को अपना रहा है।

इस गांव के किसानों ने अन्य गांव के किसानों से भी मांग की है कि परंपरागत खेती को छोड़कर गन्ने की खेती अपना कर किसान अपनी आजीविका को बेहतर बना सकता है। इस गांव के गन्ने की फसल आसपास के गांव में पूरी तरह से चर्चा में है और इस गांव का गन्ना हाथों - हाथ खरीदार खरीद लेते हैं, इसलिए किसान हर साल गन्ने की उत्पादकता को लगातार बढ़ाने का काम कर रहे हैं। इस फसल से आम के आम और गुठलियों के दाम वाली कहावत भी सही साबित हो रही है, क्योंकि गन्ना आसानी से बिक रहा है तो पशुओं के लिए हरा चारा आसानी से मिल रहा है। जिससे दुधारू पशु में दूध की मात्रा भी बढ़ रही है। कुल मिलाकर गन्ने की फसल के कई लाभ हैं। जिससे किसान खुशहाल दिखाई दे रहा है।

ट्रेक्टर - ट्राली तथा रिक्शा से गन्ना ले जाकर गांव में बेचने वाले दर्जनों लोग 800 - 1000 रुपए कमा लेते हैं। यहां शुगर मिल या पिराई मशीन की आवश्यकता नहीं है। खेत से ही गन्ना की बेहद डिमांड है।

# भारत के विकास में इंदिरा गांधी की भूमिका उल्लेखनीय : आफताब

**मेवात।** जिला कांग्रेस मुख्यालय नूंह पर कांग्रेस जनों ने विधायक आफताब अहमद की अगुवाई में भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर उन्हें खिराज ए अकीदत पेश की।

विधायक आफताब अहमद ने कहा कि अंग्रेज हुकूमत के खिलाफ असहयोग आंदोलन में सेना बनाने के जुर्म में उन्हें जेल में रहना पड़ा लेकिन फिर भी वो आजादी की लड़ाई में योगदान निभाती रही। कांग्रेस विधायक दल उप नेता आफताब अहमद ने कला कि देश इंदिरा गांधी के योगदान को सदैव याद रखेगा। देश को परमाणु सम्पन्न बनाना, हरित क्रांति लाना, श्वेत क्रांति, बैंको का राष्ट्रीयकरण, 1971 में बंग्लादेश युद्ध में जीत, गरीबी हटाओ कार्यक्रम उनके कुशल नेतृत्व के परिणाम हैं।

विधायक आफताब अहमद ने कहा कि अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति, कुशल नेतृत्व, अनूठी कार्यशैली और दूरदर्शिता से मजबूत और प्रगतिशील भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, इसलिए आज मुल्क को इंदिरा गांधी जैसा प्रधानमंत्री चाहिए। देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देकर वो त्याग व बलिदान की प्रतिमूर्ति के तौर




पर हमेशा याद रखी जाएंगी। वहीं पीसीसी सदस्य महताब अहमद ने कहा कि भारत ने इंदिरा गांधी के कार्यकाल में विकास के अनेकों आयाम स्थापित किए थे और उन्होंने विश्व मंच पर भारत की छवि स्थापित करने का काम किया।

इस दौरान पीसीसी सदस्य महताब अहमद, पीसीसी डेलीगेट शरीफ अड़बर, हाजी शहाबुद्दीन, हसन, सहरुद्दीन, जफरुद्दीन टांई, रुक्कू रानिका, रफीक खेडी, अली मौहम्मद कंवरसीका, आमिल चैयरमैन सालाहेड़ी, शमीम रहनिया, अल्ताफ डीके, तैय्यब सेक्रेट्री, शाहीद चंदैनी व अन्य कांग्रेस जन मौजूद रहे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गांगुली, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## और कितने हादसे देखेंगे पहाड़

**पहाड़ों** के साथ छेड़छाड़ का एक और नतीजा बड़े हादसे के रूप में सामने आया है जिसमें उत्तराखंड स्थित उत्तरकाशी के बड़कोट में एक निर्माणाधीन सुरंग धसक गयी। उत्तरकाशी में ब्रह्मखाल-यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर सिलक्यारा से डंडालगांव के बीच यह सुरंग बन रही है। इसमें करीब 40 मजदूर फंसे हुए हैं जिन्हें सुरक्षित निकालने के लिए पिछले 3 दिनों से प्रयास हो रहे हैं। केन्द्र के एनडीआरएफ तथा राज्य के एसडीआरएफ समेत अनेक विशेषज्ञ टीमें मलबे को हटाकर उन्हें निकालने हेतु प्रयासरत हैं। सुरंग के अंदर फंसे ज्यादातर प्रवासी मजदूर हैं- मुख्यत॰ उत्तर प्रदेश के। आशा है कि बचाव टीमें इन्हें सुरक्षित निकालने में कामयाब होंगी। बताया गया है कि सुरंग के भीतर फंसे हुए मजदूर सुरक्षित हैं। वॉकी टॉकी के माध्यम से रेस्क्यू टीम का उनसे संपर्क बना हुआ है। उत्तरकाशी की मिट्टी बहुत नर्म है। इसके चलते ऊपर से चट्टानें, मिट्टी आदि लगातार नीचे गिर रही है। इसके कारण भी बचाव कार्य में बड़ी दिक्कतें आ रही हैं। पहाड़ों के साथ जैसा व्यवहार मनुष्य की ओर से हो रहा है उसका एक और उदाहरण इस हादसे के रूप में सबके सामने है। अब यह सोचने का वक्त आ गया है कि किस तरीके से पहाड़ों में विकास कार्य किये जायें कि प्रकृति को न्यूनतम नुकसान हो और कम से कम ऐसे दर्दनाक हादसे तो न ही घटें। उल्लेखनीय है कि इसी साल की जनवरी में जोशीमठ में कई जगहों पर जमीनों पर बड़ी-बड़ी दरारें पड़ गईं। अनेक घरों में भी दरारें आई हैं जिसके कारण सैकड़ों लोगों ने जोशीमठ ही छोड़ दिया है। उन्हें अस्थायी शिविरों में शरण लेनी पड़ी थी। आज भी यहां के लगभग 700 मकानों में दरारें देखी जा सकती हैं। यह कस्बा एक तरह से खाली हो गया है। पिछले साल अक्टूबर में उत्तरकाशी के ही भटवाड़ी इलाके में द्रौपदी के डांडा-2 पर्वत शिखर पर जोरदार बर्फीला तूफान आया था। इससे 34 पर्वतारोहियों की मौत हो गई थी। इनमें 25 प्रशिक्षु थे जबकि 2 प्रशिक्षक थे।



2013 में केदारनाथ की त्रासदी को कोई नहीं भूल सकता। यह हाल के वर्षों में उत्तराखंड की सर्वाधिक बड़ी त्रासदी मानी जाती है जिसमें पता नहीं कितने लोगों की मौत हो गई थी। आज तक यह ठीक-ठीक नहीं बताया जा सकता कि कितने लोग मारे गये। अक्टूबर 1991 में जोरदार भूकंप आया था जिससे करीब एक हजार लोग मारे गये थे। हजारों मकान भी पूरी तरह से बर्बाद हो गये थे। तब यह अविभाजित उत्तर प्रदेश का हिस्सा था। ऐसे ही, काफी पहले पिथौरागढ़ जिले का माल्पा गांव भूस्खलन के चलते पूरी तरह से उजड़ गया था। इस हादसे में 255 लोगों की मौत हुई थी जिनमें कैलाश मानसरोवर जाने वाले 55 से ज्यादा श्रद्धालु थे। चमोली जिले में रिएक्टर स्केल पर 6.8 की तीव्रता वाले भूकंप के चलते 100 से अधिक लोगों को जान गंवानी पड़ी थी। इससे सटे हुए जिले रुद्रप्रयाग में भी भारी नुकसान हुआ था और अनेक घरों, सड़कों तथा जमीनों में दरारें आई थीं। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश समेत पूरी हिमालयीन पर्वत श्रृंखला अपेक्षाकृत पृथ्वी पर होने वाला नया प्राकृतिक निर्माण है। कुछ ही स्थलों को छोड़ दें तो कम आयु की यह पर्वतमाला ज्यादातर स्थलों पर कच्ची है। भूवैज्ञानिकों के अनुसार इसका निर्माण अब भी जारी है। उसमें भी उत्तराखंड की मिट्टी तो और भी भुरभुरी होने के कारण पृथ्वी की परतों के नीचे होने वाली हलचलों का असर हिमाचल प्रदेश के साथ इसी क्षेत्र में सर्वाधिक पड़ता है। नेपाल में बार-बार आने वाले भूकम्पों का कारण भी यही भूगर्भीय हलचलें हैं। ये पहाड़ अपनी खूबसूरती के कारण देश-विदेश से करोड़ों लोगों को आकर्षित करते हैं। दरअसल उसके दिलकश नज़ारे ही उसके लिये अभिशाप बन गये हैं क्योंकि उनका आनंद लेने के लिये बड़ी संख्या में आने वालों के लिये ही निर्माण कार्य हो रहे हैं। यहां पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये हुए निर्माण कार्यों को यहां की आपदाओं के लिये प्रमुख रूप से दोषी बताया जाता है। जगह-जगह बनने वाले होटल, मकान, बहुमंजिला इमारतें, व्यवसायिक परिसर, रिसोर्ट्स, होमस्टे आदि के कारण जमीनों का प्राकृतिक स्वरूप तेजी से बदल दिया गया है। अंतरराष्ट्रीय सीमाएं लगने के कारण इस पूरे क्षेत्र का सैन्य महत्व भी है। सीमाओं पर चौकसी व उनकी सुरक्षा के लिये बड़ी सड़कें, पुल, सुरंगें आदि बनाई जाती हैं। इनसे भी पहाड़ों को नुकसान पहुंचता है। इन पहाड़ों में पनबिजली उत्पादन की भी अपार सम्भावनाएं हैं क्योंकि पर्वतों से निकलने वाली नदियों और नालों से बिजली संयंत्रों को पानी मिलता है।

# फिलिस्तीन समस्या का समाधान

### अरब देशों में एकता के माध्यम से ही फिलिस्तीनी गरिमापूर्ण जीवन प्राप्त कर सकते हैं। फिलिस्तीनियों को समृद्ध अरब देशों की तरह ही जीवन का अधिकार है।



**नीलांत इलांगमुवा**
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



हिंसा और अन्याय की छाया में फिलिस्तीनी जनता को एक बार फिर हृदय-विदारक यथार्थ का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, इज़राइली कार्रवाई को उचित नहीं कहा जा सकता है, पर फिलिस्तीनी जनता को सामूहिक रूप से जिस हमले और विनाश का सामना करना पड़ रहा है उससे बचा जा सकता था। अमूर्त चर्चाओं और दार्शनिक बहसों से उन परिवारों को कोई राहत नहीं मिल सकती है जिनके लोगों का अपहरण और हत्यायें हमास ने की हैं। यदि हमारे बच्चों को ऐसे अन्याय का सामना करना पड़े तो हमारी प्रतिक्रिया क्या होगी? हम न्याय की मांग कैसे करेंगे? खोखले शब्दों और निष्क्रियता का समय बीत गया है। अविवादित रूप से फिलिस्तीनी जनता को शांति और सुरक्षा तथा लगातार हिंसा के खतरे से मुक्त जीवन जीने का अधिकार है। इसके बावजूद हमास की कार्रवाइयों को उचित नहीं ठहराया जा सकता है। भले ही उसके वित्तपोषण स्रोत व अन्य कारण चाहे जो हों, पर यह समान रूप से निन्दनीय व भ्रमित है।

फिलिस्तीनी संघर्ष पर बहसें लंबे समय से इतिहास में खो गई हैं। इज़राइल का गठन फिलिस्तीनी जनता के प्रति अन्याय है, पर ऐसे दमन व हेराफेरी के कृत्य अभूतपूर्व नहीं हैं। शक्तिशाली लोगों ने पश्चिम एशिया का मानचित्र बार-बार बदला है जिससे अरब लोगों को परिवर्तन और उथलपुथल का सामना करना पड़ा है। अरब-इज़राइली टकराव के पीछे धार्मिक, सांस्कृतिक व नस्ली घृणा की मिली-जुली भावनायें हैं जिनको शताब्दियों की दुश्मनी तथा अनेक विनाशकारी युद्धों ने और गहरा बनाया है। विजेता भले ही अपनी सफलता की डींग हांकते हुए पराजितों का अपमान करते रहे हों, पर युद्ध की अमानवीय विभीषिका लगातार गंभीर होती गई है। लगातार पराजयों के बाद अरब दुनिया भर में मजाक का विषय बन गए और उनकी कमजोर सैनिक क्षमतायें निन्दा का कारण बनीं। निराशा और आहत भवनाओं के कारण कुछ लोगों ने बदला लेने का रास्ता अपनाया तथा उनकी कार्रवाइयों ने आतंकवाद को जन्म दिया जो अंतरराष्ट्रीय समुदाय को और गुस्सा करने का कारण बना।

क्षेत्र में तेल के विशाल भंडार तथा इसके रणनीतिक महत्व के कारण यह विश्व शक्तियों के बीच भू-राजनीतिक शतरंज का ठिकाना बन गया जो विस्फोटक सीमा तक पहुंच गई। दुष्ट आतंकी संगठनों के अस्तित्व, उनके लगातार बदलते जुड़ावों तथा लक्ष्य प्राप्त करने की अडिग प्रतिबद्धता के कारण स्थिति और जटिल हो गई। इससे क्षेत्र बारूद के ढेर पर खड़ा हो गया जो किसी चिनगारी से अंतरराष्ट्रीय टकराव को जन्म दे सकता है। फिलिस्तीन-इज़राइल विवाद पूर्वाग्रहों, बेलगाम महत्वाकांक्षाओं के विनाशक परिणामों तथा राजनीतिक जोड़तोड़ का मिश्रण बन गया है। इस टकराव पर फौरन ध्यान देकर ऐसा समाधान निकालने की जरूरत है जो किसी एक समूह के संकुचित हितों से आगे जाता हो। इसके साथ ही हिंसा और घृणा के बीच समझदारी और सहिष्णुता पर जोर देना जरूरी हो गया है। अचानक उभरा 'अरब वसंत' सालों तक बने रहे असंतोष तथा उत्पीड़क प्रशासन व आर्थिक ठहराव का नतीजा था। इस विद्रोह का संचालन लोकतंत्र के बजाय रोजगार, भोजन व सुरक्षा की मूल आवश्यकताओं द्वारा हो रहा था। अमेरिका व पश्चिमी देशों ने इसका लाभ उठाने का प्रयास किया, पर वे इसका कारण बनने वाले राजनीतिक व आर्थिक मुद्दों को समझ नहीं सके। इस विद्रोह ने पश्चिम एशिया के अनेक क्षेत्रों में खालीपन को जन्म दिया जिसे अतिवादी समूहों और स्वेच्छाचारी सरकारों ने भरा। पश्चिम एशिया में अमेरिका की विदेश नीति इस क्षेत्र में अस्थिरता का प्रमुख कारण है। जिस पर पुन: विचार की गंभीर आवश्यकता है। वर्तमान परिस्थितियों में सवाल यह है कि आज सचमुच महत्वपूर्ण क्या है? यहूदियों से घृणा इज़राइल के खिलाफ एकता का कारण नहीं बन सकती है और अरब एकता समय की आवश्यकता है। इसका अर्थ इज़राइल के सफाए के बजाय दोनों पक्षों के बीच समझौता है।

इज़राइल पर हमला फिलिस्तीनी संघर्ष में कोई योगदान नहीं करेगा। भले ही इज़राइल को सही न ठहराया जा सके, पर वे एकमात्र दोषी नहीं हैं। वे अपनी पुरानी पीढ़ी के लोगों की कार्रवाइयों का खामियाजा भुगत रहे हैं। स्वतंत्रता के लिए फिलिस्तीन का संघर्ष अनेक आंतरिक बाधाओं का शिकार रहा है जिसमें बिखराव, भ्रष्टाचार तथा व्यवस्थागत अनियमिततायें शामिल हैं। इन आयामों ने निसंदेह टकराव की लंबी स्थितियों को और जटिल बनाया है। ये आयाम इज़राइल के रक्षात्मक व पूर्वनियोजित हमलों तथा रणनीतिक कदमों से अधिक व्यापक हैं।

फिलिस्तीनी समूहों के बीच गहरे मतभेदों ने वैचारिक मतभेदों को और गहरा किया है जो व्यक्तिगत दुश्मनी तथा पड़ोसी अरब देशों के हस्तक्षेप से जटिल हुए हैं। इससे फिलिस्तीनी अपना राजनीतिक एजेंडा आगे नहीं बढ़ा सके हैं। फिलिस्तीनी क्षेत्रीय सत्ता संघर्ष में केवल मुहरा बन कर रह गए हैं और आत्मनिर्णय की उनकी महत्वाकांक्षा को रणनीतिक हितों की बलि चढ़ा दिया गया है। इसी प्रकार फिलिस्तीनी संस्थानों के भीतर भ्रष्टाचार ने निराशा व मोहभंग की स्थितियां पैदा की हैं जिससे जनता का विश्वास तथा उनकी वैधता समाप्त हुई है। नस्ली हिंसा व मानवाधिकार उल्लंघनों ने लक्ष्य को नुकसान पहुंचाया है तथा अंतरराष्ट्रीय समर्थन कठिन हो गया है। इन आंतरिक चुनौतियों के साथ ही पड़ोसी अरब देशों के निहित स्वार्थों ने फिलिस्तीनी जनता को एक भूलभुलैया में फंसा दिया है। फिलिस्तीन संकट यूक्रेन से अलग है। फिलिस्तीनी न केवल इज़राइल, बल्कि अपने आंतरिक मतभेदों तथा पुराने औपनिवेशिक खेलों में संलिप्त अरब देशों के कारण पीड़ित हैं। यासिर अराफात ने ठीक ही कहा था कि 'फिलिस्तीनियों का सबसे बड़ा दुश्मन हमारे आंतरिक मतभेद हैं।' इस त्रासदी का कारण केवल इज़राइली कब्जा नहीं, बल्कि उनकी अपनी गलतियां भी हैं। हमास की क्रूरता ने हमलों की नई लहर को जन्म दिया है, लेकिन फिलिस्तीन के जिम्मेदार पक्षों ने इसे अनदेखा कर केवल इज़राइल के खिलाफ घृणा पर ध्यान केन्द्रित किया है। यह गहरे मतभेद जनता को मुक्त करने के बजाय उसे बंधनों में जकड़ते हैं। अमेरिकन नागरिकों समेत दसियों-हजार लोगों का फिलिस्तीनी जनता के पक्ष में सड़कों पर उतरना सचमुच प्रेरणादायक है। लेकिन वियतनाम, ईराक व पश्चिम एशिया के अन्य भागों पर अमेरिकी हमलों के खिलाफ भी ऐसे ही प्रदर्शन होते रहे हैं। लोकप्रिय होने के बावजूद ये प्रदर्शन अमेरिकी विदेश नीति की दिशा बदलने में विफल रहे हैं। क्यूबा व वेनेजुएला के खिलाफ अमेरिका की बर्बर नाकेबंदी जारी रहना इसका प्रमाण है। लेकिन इज़राइल बनने के 70 साल बाद फिलिस्तीन के प्रति पहली बार इतना समर्थन दिखा है। इसका कारण इज़राइल सरकार का भयानक हमला है, हालांकि इसका कारण यहूदियों के नरसंहार के बाद हमास आतंकियों का उस पर किया सबसे भयानक हमला है।

हमास के आतंकी हमले के कुछ ही घंटे के भीतर प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतनयाहू ने गाजा में सैनिक कार्रवाई शुरू कर दी। इसका परिणाम फिलिस्तीन की भूमि और कम होना हो सकता है। वर्तमान टकराव गहरा होने के साथ ही इसके समाधान पर ज्यादा ध्यान दिया जाना चाहिए। इस संकट ने पश्चिम को अपनी अंतरराष्ट्रीय विफलताओं तथा यूक्रेन में चल रहे लंबे संघर्ष से जनता का ध्यान हटाने का मौका दिया है। समृद्ध अरब देश विरले ही फिलिस्तीन में निवेश करते हैं। फिलिस्तीनी नेताओं ने एकता के बजाय सत्ता से समझौता किया है और सबसे गरीब लोगों की प्रगति पर ध्यान नहीं दिया है। हालांकि, सामूहिक दंड से समस्या का समाधान नहीं होगा।

इतिहास ने बेलगाम हत्याओं की निरर्थकता सिद्ध की है। इतिहास में कई बार निरपराध लोगों को मरा मान लिया गया, पर वे फिर उभर कर सामने आए। वर्तमान समय में युद्धविराम महत्वपूर्ण है, पर केवल इतने से ही टकराव के घाव नहीं भरेंगे। अरब देशों के बीच एकता कायम होने से ही फिलिस्तीनी गरिमापूर्ण जीवन प्राप्त कर सकते हैं। फिलिस्तीनी जनता को भी समृद्ध अरब देशों की जनता जैसा जीवन चाहिए।

# घृणा और हिंसा का इजहार क्यों?

> "आतंकियों, दबंगों व दंगाइयों के बुलन्द हौसलों का कारण उन्होंने कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीति को बतलाया"

**राजस्थान** में एक चुनाव प्रचार सभा को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक बार फिर से साबित कर दिया है कि वे चुनाव जीतने के लिये किसी भी तरह की भाषा का इस्तेमाल कर सकते हैं और किसी भी हद तक जा सकते हैं। बुधवार को राजस्थान के बायतु (बाड़मेर) में आयोजित सभा में मोदी ने हमेशा की तरह घिसे-पिटे मुद्दों पर वहां अशोक गहलोत के नेतृत्व में चल रही कांग्रेस सरकार को घेरने की कोशिश की। उन्होंने उस कथित %लाल डायरी% का फिर से हवाला देते हुए मतदाताओं से अपील की कि वोट देने जाएं तो इतनी जोर से भारतीय जनता पार्टी के चुनाव चिन्ह कमल का बटन दबाएं मानों उन्हें (कथित भ्रष्टाचारियों को) फांसी दे रहे हों। यह मोदी की विरोधियों के प्रति घृणा व हिंसक प्रवृत्ति दोनों की ही ओर संकेत करता है। यह भाषण मोदी के उन भाषणों की श्रृंखला की ही एक कड़ी माना जा सकता है जिनमें वे लोकतंत्र की उनकी समझ का आभास देते हैं; साथ ही यह भी दर्शा देते हैं कि उन्हें अपने पद की गरिमा और प्रतिष्ठा का बिलंकु ल ख्याल नहीं है।

उनके इस भाषण में कई बातें बतलाई गयीं। मसलन, कि राजस्थान में बहुत भ्रष्टाचार है, कानून-व्यवस्था इतनी ध्वस्त हो चुकी है कि पिछले पांच साल से राजस्थान के लोग हंगामों, पत्थरबाजी, कर्फ्यू आदि के चलते कोई भी पर्व-त्यौहार शांति से नहीं मना सके हैं। आतंकियों, दबंगों व दंगाइयों के बुलन्द हौसलों का कारण उन्होंने कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीति को बतलाया। फिर, उनके मुताबिक इस राज्य में महिलाएं इतनी असुरक्षित हैं कि रात को घर से निकल नहीं सकतीं, बच्चियां तक निरापद नहीं हैं। मोदी के अनुसार अपराधियों के हौसले इसलिये बुलन्द हैं क्योंकि मुख्यमंत्री ऐसे हैं जो बलात्कार को फर्जी बतला देते हैं।

कांग्रेस को हटाना व भाजपा की सरकार को लाना उन्होंने इसलिये ज़रूरी बताया कि ऐसा करने से ही राजस्थान की संस्कृति सुरक्षित रहेगी। उन्होंने यह भी



बतलाया कि उनके द्वारा दिल्ली से जो जल जीवन मिशन की राशि भेजी जाती है वह सरकार खा जाती है और इस तरह कांग्रेस सरकार पुण्य के काम में भी पैसे कमाने का व्यवसाय तथा भ्रष्टाचार करती है। इन दिनों मोदी का सबसे प्रिय विषय कथित लाल डायरी है जिसका उल्लेख वे राजस्थान के अपने हर दौरे पर अथवा उसका उल्लेख आने पर करते हैं। इस बार भी लाल डायरी का उल्लेख उनके भाषण में आया ही। उनका दावा था कि कांग्रेसी चाहे लाल डायरी को फर्जी बताते हैं, पर अब उसके पन्ने सामने आ गये हैं। मोदी ने कहा कि इस लाल डायरी के परिप्रेक्ष्य में अब एक भी कांग्रेसी प्रत्याशी नहीं जीतना चाहिए। उन्होंने लोगों से आह्वान तक किया कि जब भी कोई कांग्रेसी उनके पास वोट मांगने आये तो उससे लाल डायरी के बारे में पूछा जाना चाहिये। उनके अनुसार %राजस्थान के बैंक के लॉकरों में लूटा हुआ रुपया और सोना मिल रहा है।%

जिस तरह से कांग्रेसी नेता राहुल गांधी के आलू से सोना बनाने वाले बयान को तोड़-मरोड़कर पेश किया जाता रहा, उसी तज़्ा पर मोदी ने भी बहुत हल्केपन से कहा कि %यह सोना आलू से नहीं बना है। वरना कांग्रेसी कह देंगे कि हमने आलू से बनाया है।% ऐसे लॉकर और भ्रष्टाचार करने वालों पर कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वह पहली कार्रवाई करे। मोदी का भाषण बतलाता है कि उन्हें चुनाव जीतने के लिये न तो भाषायी मर्यादा की चिंता है और न ही तथ्यों के साथ बात करने की आवश्यकता है। वे चुनाव जीतने के लिए हिंसक भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं।

राजस्थान में बार-बार लाल डायरी की आधारहीन बात करना लगभग वैसा ही है जिस प्रकार वे छत्तीसगढ़ में आकर भूपेश बघेल की सरकार को बगैर तथ्यों या प्रमाणों के भ्रष्ट कहते हैं। बघेल पर उनका आरोप यह है कि उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार को कांग्रेस के शीर्ष नेताओं व पार्टी के लिये एटीएम बनाकर रख दिया है। यानी यहां से खूब सा पैसा दिल्ली भेजा जाता है। हालांकि यहां केन्द्रीय जांच एजेंसियों, खासकर प्रवर्तन निदेशालय व आयकर का मनमाना उपयोग विरोध को दबाने के लिए हुआ है, वह तो सामने है ही, उलटे यहां भाजपा ही भ्रष्टाचार के कई मामले में फंसी हुई दिख रही है। यहां के एक भाजपा प्रत्याशी के कथित वायरल वीडियो में बताया जा रहा है कि जब यहां भाजपा सरकार थी तो यहां से पैसा पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, उनकी पत्नी एवं अमित शाह तक जाता था। वैसे राजस्थान में जिस प्रकार से एक ईडी अधिकारी को घूस लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया है उससे ईडी की विश्वसनीयता तो घेरे में आई ही है, यह भी पता चल गया है कि इन एजेंसियों का इस्तेमाल मोदी एवं शाह के इशारों पर सिर्फ विरोधियों को परेशान करने के लिये किया जा रहा है। बघेल पर भी सट्टा खिलाने वाले महादेव एप से 508 करोड़ लेने के आरोप लगाये गये पर पुष्टि एवं जांच के बिना। इस बीच मध्यप्रदेश की मुरैना सीट पर विधानसभा का चुनाव लड़ रहे केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर के पुत्र देवेन्द्र सिंह तोमर के दो वीडियो पर भी मोदी मौन हैं जिनमें वे 500 करोड़ रुपयों के लेन-देन की बात कर रहे हैं।

# कैसे बरकरार रहे लोकतंत्र की शोभा

**हमसे** लड़ने की हिम्मत तो जुटा लोगे लेकिन कमीनापन कहां से लाओगे? फौजियों का गोश्त कौवों को खिलायेंगे। फिल्म चाइना गेट के ये संवाद है। जिन्हें फिल्म में जगीरा का किरदार निभाने वाले अभिनेता मुकेश तिवारी ने भाजपा प्रत्याशी कैलाश विजयवर्गीय की चुनावी सभा में सुनाया। इस पर सभा में उपस्थित लोगों ने तो तालियां बजाई ही, खुद भाजपा प्रत्याशी भी इस पर ताली बजाते दिखे।

फिल्म में जिस पृष्ठभूमि में ये संवाद बोले गए, वो अलग बात है, मगर चुनाव प्रचार में इन संवादों के बोले जाने पर सियासी बखेड़ा खड़ा हो गया है। कांग्रेस ने इन संवादों पर सवाल उठाए और कहा कि इन गुणों की हमें जरूरत नहीं, ये भाजपा को ही मुबारक। तो भाजपा ने पलटवार कर दिया कि अब कांग्रेस फिल्मी संवाद में भी राजनीति तलाश रही है। भाजपा और कांग्रेस के तर्कों में कौन सही है और कौन गलत, ये तय करने का काम चुनाव आयोग का है, बशर्ते ये मामला आयोग तक पहुंचे। इतना जरूर है कि अगर किसी और मंच या मौके पर इन संवादों पर कोई आपत्ति नहीं करता। मगर चुनाव के दौरान खास तौर पर ये कहना कि हमसे लड़ने की हिम्मत तो जुटा लोगे, लेकिन कमीनापन कहां से लाओगे, निश्चित ही अशोभनीय लग रहा है।

चुनाव प्रचार में लोकतंत्र की शोभा बनी रहे, यह जिम्मेदारी चुनाव आयोग की है। कड़वी सच्चाई है कि सत्ता हासिल करने के लिए शातिर चालें चली जाएंगी, हथकंडे अपनाए जाएंगे, वोट हासिल करने के लिए साम-दाम-दंड-भेद सभी तरीकों का इस्तेमाल भी होगा। अगर ये मान लिया जाए कि सभी उम्मीदवार नैतिकता की मिसालें कायम करते हुए पूरी ईमानदारी से चुनाव लड़ेंगे तो यह खुद को धोखा देने वाली बात है। हकीकत यही है कि चुनाव में जहां मौका मिलेगा, वहां बेईमानी होगी, चाहे वो किसी भी तरह की हो। इसलिए देश में निर्वाचन आयोग की व्यवस्था की गई है, उसे हर तरह के राजनैतिक दबाव से मुक्त रखा गया है, ताकि निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव हो सकें। चुनाव में होने वाली बेईमानियों पर अंकुश लग सके। अफसोस है कि निर्वाचन आयोग से लोकतांत्रिक देश के नागरिकों को जो उम्मीदें थीं, वो उन पर खरा नहीं उतर पा रहा है। देश की जांच एजेंसियों से भी ऐसी ही निराशा हाथ लगी है। ऐसा लग रहा है मानो इन सबकी डोर एक ही जगह बंधी है और वहीं से सारे खेल खेले जा रहे हैं। इन डोरियों से बंधी संस्थाओं में कब किसको किस मौके पर उठाना है, कितना आगे बढ़ाना है, कितना पीछे खींचना है, ये सब कोई और ही तय कर रहा है। जनता को केवल मंच पर होने वाली हलचल दिख रही है, उसके पीछे क्या चल रहा है, इसका अहसास ही नहीं हो रहा।

जिस मध्यप्रदेश में कमीनापन जैसे निम्नस्तरीय शब्द को चुनावी मंच से कहा गया, उसी मध्यप्रदेश में भाजपा प्रत्याशी और केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेन्द सिंह तोमर के सुपुत्र देवेंद्र सिंह तोमर से जुड़े कुछ वीडियो पिछले दिनों वायरल हुए। सत्ता के खेल में सीडी, वायरल वीडियो, फोन टैपिंग जैसे हथियारों का इस्तेमाल अब नयी बात नहीं रह गई है। राजनैतिक दल अक्सर चुनाव के वक्त इन्हें एक-दूसरे के खिलाफ इस्तेमाल करते हैं। श्री तोमर के बेटे के जो वीडियो सामने आए हैं, उनमें शुरुआती दो वीडियो में पहले सौ और फिर पांच सौ करोड़ के लेन-देन की बात की गई है और इसके बाद एक तीसरा वीडियो भी आया, जिसमें एक शख्स ने दावा किया कि पहले दो वीडियो में उसी से देवेंद्र तोमर की बातचीत हो रही थी। उसने बताया कि मामला सौ-पांच सौ नहीं, दस हजार करोड़ का है। इसके अलावा विदेश में गांजे की खेती की बात भी इस शख्स ने की। तोमर परिवार के सदस्यों के साथ व्हाट्स ऐप संदेशों के आदान-प्रदान से लेकर उनके आवास पर पार्सल भिजवाने जैसे कई खुलासे इस शख्स ने किए और साफ-साफ कहा कि कोई मीडिया संस्थान उनसे संपर्क करेगा तो वो सारे सबूत दे देंगे।

न खाऊंगा, न खाने दूंगा। सारे भ्रष्टाचारियों का हिसाब लूंगा। ऐसे दावे करने वाले नरेन्द्र मोदी के लिए ये एक प्रकरण काफी था कि वे तुरंत हरकत में आते और अपनी केबिनेट के एक वरिष्ठ मंत्री का नाम इस मामले में सामने आने पर उनसे इस्तीफा लेकर नैतिकता के उच्च मापदंड का परिचय देते। देश की ईडी और सीबीआई जैसी जांच एजेंसियां जो जरा सी भनक के आधार पर विपक्षी नेताओं के ठिकाने पर बड़े पैमाने पर छापेमारी कर उनसे घंटों पूछताछ के उदाहरण पेश कर चुकी है, वो जांच एजेंसियां न जाने क्यों अब तक मध्यप्रदेश नहीं जा पाई हैं। जबकि उससे लगे छत्तीसगढ़ और राजस्थान में ईडी, सीबीआई का आना-जाना लगा रहता है। चुनाव आयोग के कान भी इस वीडियो को देखकर खड़े हो जाने चाहिए थे, क्योंकि स्वतंत्र चुनाव तभी संभव है, जब उसमें बेनामी पैसे या काले धन का इस्तेमाल नहीं हो। अगर बात दस हजार करोड़ की है, तो क्या आयोग ये सोचकर निश्चिंत बैठा रह सकता है कि इस रकम से एक धेला भी चुनाव में इस्तेमाल नहीं हो रहा होगा। और फिल्म दुनिया के लोगों के जूतों में ड्रग्स को सूंघ कर कार्रवाई करने वाले नारकोटिक्स विभाग को क्या इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ रहा कि देश में बैठा कोई शख्स विदेश में जमीन लेकर गांजे की खेती की योजना बना रहा है। आखिर ये गांजा उगाकर किस बाजार में बेचने की तैयारी हो रही है। इन वीडियो के सामने आने के बाद देश में ऊपर से नीचे तक हड़कंप मच जाना चाहिए था। असल में ये वीडियो लोकतंत्र की नींव पर रखे टाइम बम के समान हैं, जो फटेंगे तो सब कुछ चिथड़ा-चिथड़ा हो जाएगा। मगर सरकार और जिम्मेदार एजेंसिया जिस तरह इससे बेपरवाह नजर आ रही हैं, उनसे और अधिक चिंता हो रही है। नरेन्द्र सिंह तोमर इन वीडियो को झूठा बताकर जांच की मांग कर रहे हैं। जबकि केंद्र और राज्य दोनों जगह भाजपा की ही सरकारें हैं, तो उनके लिए और आसान है कि वे जांच के आदेश दें। देश भी तो यही चाह रहा है कि इन वीडियो का सच सामने आए।

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**pioneerhry@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

# हरियाणा में जनवरी में कराए जा सकते हैं निकाय चुनाव

## पानीपत नगर निगम में वार्डबंदी की तैयारी

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़




**हरियाणा** में नगर निकाय चुनाव अगले साल जनवरी में कराने की प्रबल संभावना है। इस बात के संकेत सरकार के प्रदेश के सात जिलों में वार्डबंदी का शेड्यूल बनाए जाने से मिले हैं।

पानीपत निगम और प्रशासनिक अधिकारियों की एक वीडियो कॉन्फ्रेंस में तय किया गया कि इस बार पानीपत, करनाल, रोहतक, यमुनानगर, हिसार, जाखल मंडी और पुंडरी में वार्ड बंदी होगी।

वार्ड बंदी की तैयारियों की यह प्रक्रिया 20 नवंबर से शुरू हो जाएगी और 16 जनवरी को अंतिम अधिसूचना जारी की जाएगी। वार्ड बंदी का आधार परिवार पहचान पत्र रहेगा और इसी आधार पर वार्डों की संख्या और सीटों के आरक्षण का भी निर्धारण होगा। माना जा रहा है कि इस बार शहर में 26 के बजाय 29 से 32 तक वार्ड बनाए जा सकते हैं।

चार जनवरी 2024 को नगर निगम का पंचवर्षीय कार्यकाल समाप्त होने जा रहा है। वहीं, आगामी चुनाव को लेकर सरकार ने पहले से ही तैयारी शुरू कर दी है। इससे देरी से होने वाली निकाय चुनाव की अटकलें भी समाप्त हो गई हैं। अधिकारियों का मानना है कि वार्डबंदी में सभी वार्डों में जनसंख्या और क्षेत्रफल को बराबर सीमा में रखा जाएगा।

**यह रहेगा वार्डबंदी का शेड्यूल**

नई वार्डबंदी के शेड्यूल में 20 नवंबर को शहर के वार्डों की जनसंख्या की मैपिंग की जाएगी। 25 नवंबर को सीटों का निर्धारण होगा। पांच दिसंबर को उपायुक्त एवं निगम उपायुक्त की ओर से गठित एडहॉक कमेटी की बैठक होगी। आठ दिसंबर को नगर निकायों की ओर से वार्ड वार बाउंड्री का हिंदी और अंग्रेजी में नोटिफिकेशन होगा। 12 दिसंबर को प्राथमिक यानी ड्राफ्ट वार्डबंदी प्रकाशित होगी। 22 दिसंबर तक वार्ड बंदी पर आपत्तियां और सुझाव दर्ज करवाए जा सकेंगे।

27 दिसंबर को वार्डबंदी की आपत्तियों और सुझाव को सुनवाई के लिए डीसी के पास भेजा जाएगा। इसके बाद दो जनवरी को फाइनल वार्डबंदी जारी कर दी जाएगी। इसके आधार पर 12 जनवरी को वार्डों के रिजर्वेशन को लेकर एडहॉक कमेटी की बैठक होगी, जिसका अंतिम नोटिफिकेशन 16 जनवरी 2024 को जारी होगा।

वार्डबंदी में जनसंख्या की गणना को लेकर पीपीपी मुख्य आधार रहेगा। पीपीपी में सभी सदस्यों की गणना एक जनवरी 2023 को आधार मानकर की जाएगी। इस वजह से अबकी बार जनसंख्या का आकलन डोर टू डोर नहीं करना पड़ेगा। इसमें समय की भी काफी बचत होगी। वहीं, निगम 2011 की जनसंख्या का ब्योरा पहले ही निकाय को सौंप चुका है। 2011 से लेकर 2023 की जनसंख्या के फासले पर वार्डबंदी की बुनियाद टिकेगी। इसकी जिम्मेदारी एडीसी कार्यालय को दी गई है।

## यमुनानगर में हार्डवेयर की तीन दुकानों में आग

**यमुनानगर।** हरियाणा के यमुनानगर के जगाधरी में छोटी लाइन पर एसडी स्कूल के नजदीक रविवार सुबह हार्डवेयर की तीन दुकानों में आग लग गई। सुबह से ही फायर ब्रिगेड की 10 गाड़ियां आग पर काबू पाने का प्रयास कर रही हैं। आग की लपटें दुकानों से बहुत ऊंचाई तक उठती रहीं। मौके पर लोगों की भीड़ लगी हुई है। जानकारी अनुसार आग जगाधरी निवासी किशोरी लाल की छोटी लाइन पर गुप्ता मिल्स स्टोर हार्डवेयर की दुकान में लगी थी। यह दुकानें प्रथम तल पर हैं। रविवार सुबह करीब 8 बजे एक दुकान में अचानक आग लग गई।

आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग इतनी फैल गई की साथ वाली दो दुकानों को भी चपेट में ले लिया। तीन दुकानों में आग तेजी से फैलती चली गई। लोगों द्वारा आग लगने की सूचना दुकान के मालिक को दी।

# रेवाड़ी स्टेशन परिसर में सम्राट हेमू की प्रतिमा स्थापना के लिए मनोहर लाल ने लिखा पत्र

### सम्राट हेमचंद्र विक्रमादित्य की याद में पहले ही जारी किया जा चुका है डाक टिकट

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़,



**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने केंद्रीय रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव से रेवाड़ी रेलवे स्टेशन के केंद्रीय प्रांगण में सम्राट हेमचंद्र विक्रमादित्य की प्रतिमा की स्थापना करने का अनुरोध किया है।

इसके लिए मुख्यमंत्री ने एक अर्ध सरकारी पत्र में 7 अक्टूबर, 2023 को सम्राट हेमचंद्र विक्रमादित्य के राज्याभिषेक के अवसर पर एक स्मारक डाक टिकट जारी करने के लिए केंद्रीय रेल, संचार और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव का हार्दिक आभार भी व्यक्त किया है।

एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री ने सम्राट हेमचंद्र विक्रमादित्य मंच, रेवाड़ी द्वारा उठाई गई सार्वजनिक मांग का समर्थन करते हुए कहा है कि प्रतिमा की स्थापना न केवल सम्राट हेमचंद्र विक्रमादित्य की उल्लेखनीय उपलब्धियों को श्रद्धांजलि देगी, जिन्हें लोग प्यार से %हेमू% कहते हैं बल्कि हरियाणा की आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा के एक स्रोत के रूप में कार्य भी करेगी। सम्राट हेमचंद्र विक्रमादित्य ने लगातार 22 युद्धों में विजय प्राप्त की थी और सम्राट अकबर की सेना को पराजित किया था।

## धान के अवशेष जलाने पर 13 लोग गिरफ्तार

**कैथल।** कैथल जिला में धान के अवशेष जलाने पर 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। कृषि अधिकारी की शिकायत पर सभी के खिलाफ थाना तितरम, गुहला, चीका, कलायत थाना में सरकारी आदेशों की अवहेलना करने पर मामले दर्ज किए गए थे। इन्हीं मामलों की जांच के दौरान थाना चीका पुलिस के एचसी राजेश कुमार, एचसी संदीप, एसआई मनबीर की टीम द्वारा आरोपी डेरा बलबेहडा निवासी गुरबक्श सिंह, चीका निवासी सतीश कुमार, घघडपुर निवासी गुरदयान सिंह व परमजीत, हरिगढ़ किंगन निवासी टेक सिंह को गिरफ्तार किया गया। थाना गुहला पुलिस के एचसी वेदपाल की टीम द्वारा आरोपी सुल्तानिया निवासी जंगीर सिंह, खरौदी निवासी दिलप्रीत सिंह व बिल्लू राम को गिरफतार किया गया। थाना तितरम पुलिस के एएसआई रोहताश द्वारा आरोपी हरसोला निवासी प्रवीन कुमार व देबन निवासी ओमप्रकाश को गिरफ्तार किया गया। थाना कलायत पुलिस के एएसआई संजय व एचसी राजेश कुमार की टीम द्वारा आरोपी कैलरम निवासी रामदिया व खरक पांडवा निवासी जयपाल को गिरफ्तार किया गया। एक अन्य मामले में थाना सदर पुलिस के एचसी कुलदीप सिंह की टीम द्वारा आरोपी मानस निवासी सतबीर को गिरफ्तार किया गया।

## एक करोड़ रुपए की हेरोइन के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** रोहतक



**रोहतक** पुलिस ने थाना शहर एरिया से 2 युवकों को हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। युवक से 550 ग्राम हेरोइन बरामद हुई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। जहां से कोर्ट ने मुख्य आरोपी नईम को 7 दिन के रिमांड पर पुलिस को सौंपा है।

डीएसपी मेधा भूषण के नेतृत्व में एंटी नारकोटिक्स सेल टीम प्रभारी पीएसआई प्रविंद्र ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए कच्चा चमारिया रोड के पास से रोहतक की पीर वाली गली कबीर कॉलोनी निवासी नईम को काबू किया गया। युवक के पास पिट्ठू बैग से 550 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ थाना शहर में मामला दर्ज करके गिरफ्तार किया गया। आरोपी से पूछताछ करने पर सामने आया कि आरोपी नईम हेरोइन का कुछ हिस्सा अपने साथी रोहित को बेचना था।

आरोपी के साथी रैनकपुरा निवासी रोहित को गिरफ्तार किया गया है। नईम उतर प्रदेश से हेरोइन खरीदकर लाया है। हेरोइन की कीमत स्थानीय बाजार में करीब 1 करोड़ रुपए है। नशे के अवैध धंधे में शामिल अन्य आरोपियों की पहचान की जा रही है। जिन्हें जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

## आज के दौर में स्किल योग्यता अन्य योग्यताओं से महत्वपूर्ण: मदन चौहान

**पायनियर समाचार सेवा।** यमुनानगर



**30वां** जिला स्तरीय युवा महोत्सव हरियाणा राज्य की मुख्य थीम इंप्रुविंग मिलेटस प्रोडेक्शन थ्रो साइंस एवं साइंस फोर सोसाईटी के अनुसार युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग हरियाणा व जिला प्रशासन यमुनानगर के तत्वाधान में राजकीय आईटीआई यमुनानगर द्वारा डीएवी गर्ल्स कॉलेज में मनाया गया। समापन समारोह में मुख्यातिथि के तौर पर यमुनानगर नगर निगम के मेयर मदन चौहान ने दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

आईटीआई यमुनानगर के प्रधानाचार्य रामकुमार ने बताया कि नगर निगम मेयर मदन चौहान द्वारा समारोह में सभी प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को 1500, 1100 व 750 रुपये का पुरस्कार दिया गया। सभी प्रतियोगिताओं में 108 युवा विजेताओं ने मौके पर प्रमाण पत्र प्राप्त किए जिसमें 77 युवतियां शामिल थी। मुख्य अतिथि ने बताया कि यदि देश का युवा सक्षम व सशक्त होगा तो भारत विकसित व स्मृद्ध होगा। उन्होंने बताया कि आज के समय में स्किल योग्यता अन्य योग्यताओं से महत्वपूर्ण है, जिसे धारण करके कोई भी युवा स्व-रोजगार कर सकता है और अपना कोई भी उद्योग स्थापित कर सकता है।

कौशल विभाग एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा युवा मामले के अतिरिक्त निदेशक (तकनीकी) संजीव शर्मा कार्यक्रम में विभाग की ओर से विशेष अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर विजेता प्रतिभागी आगामी राज्य स्तरीय महोत्सव में प्रतिभागी के तौर पर भाग ले सकेंगें और राज्य स्तर पर विजेता प्रतिभागी जनवरी 2024 में प्रस्तावित राष्ट्र युवा महोत्सव में प्रतिभागी के तौर पर भाग लेते हुए हरियाणा राज्य का प्रतिनिधित्व करेगें। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए बताया कि युवा यदि अपनी उन्नति के लिए विदेश जाने की बजाय अपने देश में रहकर कार्य करेगा तो देश की उन्नति भी संभव होगी। इस प्रतियोगिताओं में लोक नृत्य (एकल) में प्रथम स्थान खुशी ने, द्वितीय गर्वीता, तृतीय हर्षवर्धन ने और लोक गीत (एकल) में प्रथम स्थान जन्नत ने, द्वितीय स्थान पूजा रावत ने, तृतीय स्थान महरूम कोसर ने प्राप्त किया।

उन्होंने बताया कि इसी प्रकार लोक नृत्य (ग्रुप) में प्रथम स्थान डीएवी गर्ल्ज कॉलेज यमुनानगर की अंजली व उसकी टीम ने, द्वितीय स्थान सेठ जय प्रकाश बहुतकनीकी दामला की लखविंद्र कौर व उसकी टीम ने, तृतीय स्थान राजकीय आईआईआई छछरौली की खुशी व उसकी टीम ने प्राप्त किया।

## संक्षिप्त समाचार

### करनाल में ट्रक में लटका मिला ड्राइवर का शव



**करनाल।** करनाल के सांभली गांव के पास संदिग्ध हालत में ट्रक के अंदर ड्राइवर का शव फंदे पर लटका हुआ मिला। अभी यह साफ नहीं हो पाया है कि उसने आत्महत्या की है या हत्या कर उसके शव को फंदे पर लटकाया गाय है। पुलिस ने शव कब्जे में ले लिया है। निसिंग थाना के जांच अधिकारी राजबीर ने बताया की रविवार शाम को पुलिस को सूचना मिली थी गांव सांभली के पास सड़क पर खड़े एक ट्रक की बॉडी में व्यक्ति का शव लटका हुआ है। सूचना के बाद वह मौके पर पहुंचे और स्न्रस्रु टीम को मौके पर बुलाया और साक्ष्य जुटाए। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के मेरठ के रहने वाले प्रवेश (40) के रूप में हुई है। शनिवार को वह गाड़ी में चीनी लोड करके नरवाना गया था। दूसरे लोड के लिए वह तरावड़ी आ रहा था। ट्रक के मालिक सुबह से ड्राइवर के पास फोन कर रहे थे, लेकिन उसका फोन नहीं लग रहा था। ट्रक के मालिक ने बताया कि सुबह जब वह नरवाना से लोड खाली करके वहां से चला था तभी उससे बात हुई थी। दोपहर तक वह तरवाड़ी नहीं पहुंचा तो उसके पास फोन किए, लेकिन उसका फोन बंद जा रहा था। निसिंग थाना के जांच अधिकारी राजबीर ने बताया की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद प्रवेश की मौत के कारणों का पता लग पाएगा। कल परिजनों के आने के बाद ही पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पुलिस इस मामले में हर पहलू पर गहनता से जांच कर रही है।

### प्रो. अशोक ने अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में प्रस्तुत किया शोध-पत्र

**कैथल।** आरकेएसडी कॉलेज कैथल में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अशोक कुमार अत्रि ने तुर्की के एसआईआईआरटी विश्वविद्यालय सिरट में हुई अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में अपना शोध-पत्र ट्रैड रूट पालिटिक्स द इंडियन व्यू' प्रस्तुत किया। इस शोध पत्र में ग्रुप-20 सममेलन में भारत द्वारा प्रस्तावित इंडिया मिडल ईस्ट यूरोप कोरिडोर' पर सहमति एवं इससे संबन्धित उभरी राजनीति को जानने की कोशिश हुई है। ऑनलाइन प्रस्तुत शोध-पत्र में उन्होंने तकनीकी विकास के बावजूद परंपरागत आवागमन के साधनों, स्थल एवं जल रास्तों के वर्तमान अंतरराष्ट्रीय राजनीति में महत्व एवं प्रभावों का विश्लेषण किया। डॉ अत्रि ने समकालीन अंतरराष्ट्रीय राजनीति में इनके प्रभावों को स्पष्ट करते हुए कहा कि वाणिज्य, पर्यटन एवं सामरिक महत्व के अलावा सभ्यता के विकास में इनका महत्व आज भी बहुत ज्यादा है। डॉ अत्रि ने भारत एवं ग्रुप 20 के द्वारा प्रस्तावित आईएमईई कारीडोर को इसी दिशा में महत्वपूर्ण बताते हुए, इसे चीन की परियोजना बीआरआई से श्रेष्ठ एवं आवश्यक कदम करार दिया क्योंकि यह विभिन्न देशों के सहयोग पर आधारित है, पारदर्शिता एवं लोकतांत्रिक स्वरूप के कारण यह परियोजना अंतरराष्ट्रीय राजनीति में आसानी से सम्बंधित राज्यों की सहमति प्राप्त कर लेगी। ऑफलाइन एवं आनॅलाइन मोड में युरोप, मध्य एशिया, मिडल ईस्ट एशिया, भारत एवं अन्य 23 देशों के विभिन्न विश्वविद्यालयों के 150 शोधकर्ताओं ने शोध-पत्र प्रस्तुत किए। इस पेपर को कार्यक्रम की प्रोसिडिंग में शामिल कर प्रकाशित भी किया जाएगा। पिछले महीने भी डॉ अत्रि ने तुर्की के इग्डिर विश्वविद्यालय में पेपर प्रस्तुत किया था। उनके अनुमोदन पर ही सिरट विश्वविद्यालय ने आमंत्रण पत्र भेजा था।

## करनाल में नहर में गिरा व्यक्ति

**करनाल।** करनाल के चमार खेड़ा गांव पुल के पास एक ई-रिक्शा चालक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। ई-रिक्शा नहर के पुल पर बनी ग्रिल में फंस गई और चालक नहर में जा गिरा। पुलिस और गोताखोर उसकी तलाश में जुटे हैं।

व्यक्ति रविवार सुबह 5 बजे ई-रिक्शा में सामान लोड कर डिलीवरी के लिए निकला था। व्यक्ति की पहचान सोहना के रहने वाले राजकुमार (50) के रूप में हुई है। उसके छोटे भाई राजपाल ने बताया कि सदर थाना के जांच अधिकारी नफे सिंह का फोन आया कि आपके भाई की ई-रिक्शा नहर के पुल की ग्रिल में फंसी हुई है। इसके बाद वह वह अपने भतीजे को लेकर मौके पर पहुंचा तो उसके भाई की ई-रिक्शा में सामान लोड था।पास में ही किसी गाड़ी के शीशे का कांच भी बिखरा हुआ था, लेकिन उसका भाई मौके पर नहीं था।

## पानीपत में महिला ने मनोरोगी से निकाह का लगाया आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** पानीपत



**हरियाणा** के पानीपत में एक कॉलोनी की रहने वाली युवती का यूपी के रहने वाले एक हाफ माइंड लड़के से निकाह कर दिया गया। महिला का आरोप है कि निकाह के वक्त पति के मानसिक अस्वस्थ होने की बात छिपाई गई। इसके बाद भी उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया गया। जान से मारने की धमकियां तक दी गई।

अब महिला को 4 माह के गर्भावस्था के दौरान ससुराल वालों ने घर से बाहर निकाल दइिया। जिसकी शिकायत महिला ने पानीपत पुलिस को दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी ससुरालवालों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

**झूठ बोलकर करवाई शादी:** सीएम विंडो पर दी शिकायत में एक महिला ने बताया कि वह शहर की एक कॉलोनी की रहने वाली है। उसका निकाह करीब 10 साल पहले तालिब निवासी गांव खेड़ा निगोही, शाहजहांपुर यूपी के साथ हुई थी। निकाह के बाद से ही पति, जेठ बबलू, तयब, समसुदीन, ससुर नवाब हसन, जेठानी नगमा ने उसके साथ दहेज के लिए मारपीट की। महिला का आरोप है कि उसका पति मानसिक रूप से अस्वस्थ (हाफ माइंड) है। जिससे जेठ बबलू ने झूठ बोलकर निकाह करवाया था।

## कन्या भ्रूण हत्या की सूचना देने पर मिलेगा एक लाख रुपए का इनाम : डीसी कुमार

**पायनियर समाचार सेवा।** यमुनानगर



### जुर्म करने पर कैद व जुर्माने का प्रावधान

**डीसी** कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि कन्या भ्रूण हत्या करने व करवाने वालों की सही सूचना देने वालों को सरकार द्वारा एक लाख रुपये तक का इनाम दिया जाएगा। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

उन्होंने बताया कि सरकार व प्रशासन की ओर से कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम के लिए उचित कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट 1994 के तहत पंजीकृत सेंटर संचालक व डॉक्टर द्वारा पहली बार गर्भधारण पूर्व लिंग चयन और प्रसव पूर्व लिंग निर्धारण संबंधी जुर्म करने पर 3 साल की कैद और 10 हजार रुपए जुर्माना तथा इसके उपरांत पुनः जुर्म करने पर 5 साल कैद और 50 हजार रुपए जुर्माना का प्रावधान है। पति/परिवार के सदस्य या लिंग चयन के लिए उकसाने वाले व्यक्ति के लिए एक्ट में पहले अपराध पर 50 हजार रुपए तक के जुर्माने के साथ 3 साल तक की कैद तथा इसके उपरांत पुनः अपराध करने पर एक लाख रुपए तक जुर्माने के साथ 5 साल तक की कैद का प्रावधान एक्ट में किया गया है।

**लिंगानुपात बढ़ाने के लिए करने होंगे सामूहिक प्रयास:** डीसी कैप्टन मनोज कुमार ने जिलावासियों से यमुनानगर जिले के घटते लिंगानुपात को बढ़ाकर जिला को लिंगानुपात के मामले में पहले पायदान पर लाने का आह्वान करते हुए कहा कि लिंगानुपात को बढ़ाने के लिए सभी को एकजुट होकर प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि बेटियां अनमोल हैं और इन्हें भी दुनिया में आने का पूरा हक है। उन्होंने कहा कि केवल बालिका दिवस व महिला दिवस मनाने से कन्या भ्रूण हत्या समाप्त नहीं होगी। इसके लिए हम सबको मिलकर सामूहिक प्रयास करने होंगे। जिस दिन हम अपनी बेटियों को बेटों के बराबर समझने लगेंगे, उस दिन भ्रूण हत्या अपने आप रुक जाएगी। कन्या भ्रूण हत्या एक सामाजिक अपराध भी है।

## फेड बैंक फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड का आईपीओ बुधवार, 22 नवंबर को खुलेगा

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम / नोएडा




**फेड बैंक** फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड (कंपनी), बुधवार, 22 नवंबर को इक्विटी शेयरों का अपना आईपीओ खोलेगी। आईपीओ (आरंभिक सार्वजनिक निर्गम) में कुल रु 600 करोड़ के इक्विटी शेयरों का नया इश्यू (नया इश्यू) और विक्रेता शेयरधारकों के 35,161,723 इक्विटी शेयरों तक का ऑफर फॉर सेल (ऑफर फॉर सेल और नया इश्यू के साथ, ऑफर) शामिल है। एंकर निवेशक बोली की तारीख मंगलवार, 21 नवंबर होगी। ऑफर सब्सक्रिप्शन के लिए बुधवार, 22 नवंबर को खुलेगा और 24 नवंबर को बंद होगा।

ऑफर का प्राइस बैंड रु133 से रु140 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। बोली न्यूनतम 107 इक्विटी शेयर और उसके बाद 107 इक्विटी शेयरों के गुणकों में लगाई जा सकती है। इस ऑफर में कर्मचारियों के लिए रु10 प्रति इक्विटी शेयर की छूट पर रु 10 करोड़ तक का आरक्षण शामिल है।

कंपनी अपने व्यापार और परिसंपत्तियों की वृद्धि से उत्पन्न होने वाली कंपनी की भविष्य की पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कंपनी के टियर-1 पूंजी आधार को बढ़ाने के लिए नए निर्गम से शुद्ध आय का उपयोग करने का प्रस्ताव करती है। इसके अलावा, फ्रेश इश्यू से प्राप्त आय का एक हिस्सा ऑफर व्यय को पूरा करने के लिए उपयोग किया जाएगा। बिक्री के प्रस्ताव में फेडरल बैंक लिमिटेड (प्रमोटर) द्वारा 5,474,670 इक्विटी शेयर और 29,687,053 नॉर्थ फंड वीआई एलएलपी शामिल हैं। इक्विटी शेयरों को बीएसई लिमिटेड (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) जैसे स्टॉक एक्सचेंजों पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है।

## हरियाणा ब्राह्मण खाप ने विधानसभा चुनाव में मांगे 18 टिकट

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

### सबसे अधिक टिकट देने वाले दल को समर्थन का ऐलान

**हरियाणा** में हाल में स्थापित संगठन ब्राह्मण खाप ने प्रदेश में आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में ब्राह्मण समुदाय को आबादी के अनुपात में टिकट देने की मांग राजनीतिक दलों से की है। ब्राह्मण खाप के प्रदेश अध्यक्ष अशोक शर्मा ने रविवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि प्रदेश में ब्राह्मण आबादी साढ़े अठारह फीसदी के करीब है तो लोकसभा के दो और विधानसभा के लिए 18 टिकट दिए जाएं।

ब्राह्मण समुदाय उस पार्टी को समर्थन देगा जो कि सबसे अधिक टिकट देगा। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता भूपेंद्र हुड्डा के बयान पर कहा कि कांग्रेस ब्राह्मण उप मुख्यमंत्री नहीं मुख्यमंत्री बनाएं। हरियाणा में लोकसभा की दस और विधानसभा की 18 सीट हैं। अशोक शर्मा ने आर्थिक आधार पर दिए जाने वाले आरक्षण को भी ए और बी वर्ग में विभाजित कर ब्राह्मण समुदाय को ए वर्ग में रखा जाए।

उन्होंने कहा कि 2019 के चुनाव की समीक्षा भी की जाएगी कि उस समय कांग्रेस, भाजपा, आईएनएलडी, जेजेपी और आम आदमी पार्टी समेत अन्य राजनीतिक दलों ने ब्राह्मण समाज को कितनी सीटों पर टिकट दी थी और किस राजनीतिक दल ने ब्राह्मण समाज से राज्यसभा के लिए कितने प्रत्याशी दिए। कुछ दिन पहले पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह के ब्राह्मण समाज के समर्थन देने के बयान पर उन्होंने कहा कि जिन लोगों की उपस्थिति दिखाई गई है।

## सरकार का युवाओं को 75 प्रतिशत आरक्षण कानून साबित हुआ जुमला: सुल्तान जडौला

**पायनियर समाचार सेवा।** कैथल



कैथल में कांग्रेसी नेता सुल्तान जडौला ग्रामीणों को संबोधित करते हुए।

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्य संसदीय सचिव सुल्तान सिंह जडौला ने कहा कि गठबंधन सरकार का प्रदेश के युवाओं को निजी क्षेत्र की नौकरियों में आरक्षण देने का वायदा सिर्फ जुमला था। भाजपा-जजपा गठबंधन प्रदेश और प्रदेश के लोगों के भले के लिए नहीं है।

चुनाव में जनहित में किए गए सभी वादे सरकार के हवाहवाई व खोखले साबित हुए है। सरकार का युवा विरोधी चेहरा पूरी तरह से बेनकाब हो चुका है। जडौला पूंडरी हलके के विभिन्न गांवों में कांग्रेस की नीतियों का प्रचार-प्रसार कर रहे थे। इसके बाद ढांड अपने प्रतिष्ठान पर एक भेंटवार्ता में बातचीत करते हुए सुल्तान जडौला ने कहा कि गठबंधन सरकार ने निजी क्षेत्र की नौकरियों में आरक्षण के नाम पर हरियाणा के युवाओं को पिछले 4 साल के दौरान खूब बहकाया। 75 प्रतिशत आरक्षण का कानून महज एक धोखा था।

हाईकोर्ट द्वारा आरक्षण रद्द के फैसले ने साबित कर दिया कि गठबंधन सरकार केवल युवाओं को पथ भ्रमित करने पर लगी थी। उन्होंने कहा कि इससे साफ है कि सरकार की मंशा आरक्षण बिल के प्रति ईमानदार नहीं थी इनकी मंशा ठीक होती तो पहले संसद की मंजूरी के साथ बिल लाते। इनका उद्देश्य केवल और केवल युवाओं की आंखों में धूल झोंकना था। बेरोजगारी में हरियाणा देश में नंबर एक पर है। हर घर में बेरोजगार नौजवान है। पक्की सरकारी नौकरी को कौशल निगम और अग्निवीर योजना से कच्ची में बदल दिया गया है।

# जींद में बलराज की रैली, कहीं कर ना दे जजपा-कांग्रेस की किस्मत मैली

## रैली में अखिलेश और किसान आंदोलन के चेहरे आने से कांग्रेस व इनेलो को झटका

पायनियर समाचार सेवा। रोहतक।

**हरियाणा** की राजनीति में बिरले ही कुछ एक ऐसे नेता हुए है जो पारिवारिक राजनैतिक पृष्ठभूमि न होने के बावजूद भी प्रदेश की राजनीति में स्थापित हो पाए हो। लेकिन पहली बार जिला परिषद का चुनाव लड़कर जिला परिषद का चेयरमैन बन कर अपनी राजनीति का सफर शुरू करने वाले बलराज कुंडू पर किस्मत की पूरी मेहरबानी ही कही जायेगी कि उनके जीवन के सफर में चाहे व्यवसाय की बात हो या राजनीति की अब तक तो कुंडू की सफलता के द्वार लगातार खुलते जा रहे हैं।



मोदी की लहर में भाजपा की किश्ती में सवार होकर महम से चुनाव लड़ने की मंशा रखने वाले कुंडू को भाजपा ने टिकट न देकर उनका रास्ता रोकने का प्रयास किया था। लेकिन बलराज कुंडू ने समशेर खरकड़ा और आनंद सिंह दांगी के मैदान में होने के बावजूद स्वयं का रास्ता अख्यितार कर महम विधान सभा में ताल ठोककर अपने पहले ही चुनाव में विधानसभा की कुर्सी अपने लिए रिजर्व कर ली और प्रदेश की राजनीति में किसी परिचय के मोहताज नहीं रहे।

कुंडू ने वर्तमान राजनैतिक परिस्थितियों का आंकलन करते हुए अपनी पार्टी बनाकर अपनी पार्टी की पहली रैली में अच्छी भीड़ जुटाकर जाट बाहुल्य क्षेत्र में सफल रैली करने के साथ साथ प्रदेश के राजनैतिक घरानों को नई रणनीति पर सोचने को मजबूर कर दिया है। कुंडू की रैली में यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश का आना कई नये समीकरणों का आगाज कर गया है। अखिलेश के रैली में आने से हरियाणा की राजनीति में नई ऊठा पटक होने की संभावना बढ़ गई है । वहीं रैली में अखिलेश के आने से इनेलो समर्थकों में मायूसी है क्योंकि 25 सितंबर को चौधरी देवीलाल के जन्मदिन पर कैथल में आयोजित जनसम्मान समारोह में भी अभय चौटाला द्वारा सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को आमंत्रित किया गया था लेकिन अखिलेश वहां नही पहुंच पाये थे। वहीं बलराज कुंडू की रैली मे किसान आंदोलन व जाट आंदोलन के प्रमुख चेहरों के शामिल होने से कहीं ना कहीं अभय चौटाला और भूपेंद्र सिंह हुड्डा को जोर का झटका लगा है। राजनीति जानकारों का मानना है कि भले ही कुंडू की पार्टी चुनावों में कोई अच्छा मुकाम भले ही प्राप्त न कर पाये लेकिन जिस प्रकार महम, कलानौर, जुलाना, बरौदा, गोहाना, जींद, हांसी, उचाना, सफीदों, रोहतक, बेरी आदि हलकों के लोग जिस प्रकार रैली में आये है उसने स्पष्ट कर दिया कि रैली मे आई भीड़ कांग्रेस का खेल बिगाड़ने के लिए पर्याप्त रहेगी। हरियाणा में जाट बाहुल्य विधान सभा क्षेत्रों से आई भीड़ ने कांग्रेस,जेजीपी और इनेलो के नेताओं को अलार्म बजा कर एक और जाट नेता के लिए इन सीटों पर स्थान खाली करने का संकेत दे दिया है। राजनैतिक जानकरों के मुताबिक कुंडू की पार्टी भाजपा के लिए शुभ संकेत देने वाली साबित होगी क्योंकि भाजपा पिछले चुनाव में जाट बाहुल्य क्षेत्र में अपना दमदार प्रदर्शन नहीं कर पाई थी क्योंकि सिरसा, हिसार, सोनीपत और रोहतक की इन 36 जाट बहुल सीटों पर भाजपा को मात्र दस सीटें ही प्राप्त हुई थी। जजपा, कांग्रेस को मिली 26 सीटों में हारने वाले भाजपा के कद्दावर मंत्री भी शामिल थे और उनकी हार का मार्जिन ज्यादा नही था। कुंडू यदि इन दोनों पार्टियों के वोट बैंक में सेंध लगाने में कामयाब रहे तो आम आदमी पार्टी व बलराज कुंडू की पार्टी के मैदान में आने से मुकाबला त्रिकोणीय होता है तो आधे से ज्यादा सीटों पर भाजपा की लॉटरी लग सकती है।

### पूर्व मंत्री सतपाल सांगवान ने छोड़ी जजपा

# चरखी दादरी में कार्यकर्ता सम्मेलन में पूर्व मंत्री ने किया शक्ति प्रदर्शन

### जनता की राय-शुमारी से लेंगे अगला फैसला

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी



**हरियाणा** के पूर्व कैबिनेट मंत्री और जजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रहे सतपाल सांगवान ने रविवार को कार्यकर्ता सम्मेलन के बहाने शक्ति प्रदर्शन किया। उन्होंने जजपा छोड़कर कांग्रेस या भाजपा में जाने के संकेत भी दिए। किस पार्टी को जॉइन करें, इसका फैसला उन्होंने जनता पर छोड़ा है।

पूर्व मंत्री ने जन नायक जनता पार्टी को अलविदा कहा, वहीं पार्टी को धोखेबाज भी बताया। कार्यकर्ता सम्मेलन में सतपाल सांगवान ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव मैं या परिवार का कोई सदस्य लड़ेगा। इसका फैसला हलके की जनता से राय शुमारी करते हुए लिया जाएगा। चरखी दादरी में पूर्व मंत्री सतपाल सांगवान द्वारा करीब दो एकड़ में बने पांडाल में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर कांग्रेस व भाजपा पार्टियों के अलावा कई राजनीतिक लोगों की नजरें रही। बिना किसी झंडे व नेता के हुए कार्यकर्ता सम्मेलन में पूर्व मंत्री सतपाल सांगवान ने अपना अगला राजनीतिक भविष्य का फैसला जनता पर छोड़ दिया।

हालांकि सम्मेलन में संकेत दिए कि वे कांग्रेस या भाजपा में भी जा सकते हैं बशर्ते कार्यकर्ताओं से राय शुमारी करेंगे। पूर्व मंत्री ने जजपा को अलविदा करते हुए धोखेबाज बताया और कहा कि उनको हराने के लिए जजपा के नेताओं ने खिलाफत की थी। साथ ही सांसद धर्मबीर सिंह व कांग्रेस विधायक किरण चौधरी पर भी आपसी मिलीभगत का आरोप लगाया। मीडिया से बात करते हुए पूर्व मंत्री सांगवान ने कहा कि हलके की जनता ही उनके राजनीतिक भविष्य का फैसला करेगी और मैं या परिवार से किसी सदस्य को आगामी विधानसभा का चुनाव दादरी से लड़वाया जाएगा। सम्मेलन में उमड़ी भीड़ ने साबित कर दिया है कि कांग्रेस व भाजपा को क्षेत्र में विकल्प मिलेगा।

### हिसार में नप सफाई कर्मियों का जोरदार प्रदर्शन

# मंत्री कमल गुप्ता के आवास पर डाल रखा था पड़ाव, सरकार के खिलाफ नारेबाजी

पायनियर समाचार सेवा। हिसार

**हरियाणा** के हिसार में प्रदेशभर के सफाई कर्मचारियों ने रविवार को जोरदार प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने शनिवार को निकाय मंत्री डॉ कमल गुप्ता के आवास पर पड़ाव डाला। दूसरे दिन सफाई कर्मचारियों ने शहर की सड़कों पर प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की।



प्रदर्शन के दौरान भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। इस दौरान लंबित मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने की मांग उठाई। धरने में करीब 60 पालिकाओं, 22 नगर परिषदों, 11 नगर निगमों और 89 दमकल केंद्रों के कर्मचारी मौजूद रहे। फरीदाबाद से नगर पालिका कर्मचारी संघ के राज्य प्रधान नरेश शास्त्री कहा कि प्रदेशभर से 700 से अधिक कर्मचारी धरने में शामिल हुए हैं। नगर निगम से सफाई कर्मियों सहित माली, आफिस स्टाफ, बिजली ब्रांच कर्मी, तहबाजारी टीम, गो अभियान से जुड़े कर्मचारी भी हड़ताल पर रहे। बीते दो दिनों से हड़ताल में बैठे सफाई कर्मचारियों ने सफाई का कार्य नहीं किया है

राज्य प्रधान ने कहा कि प्रदेश भर के सफाई कर्मचारी लंबे समय से कई मांगों को लेकर लगातार संघर्ष करते आ रहे हैं इस दौरान निकाय मंत्री डॉक्टर कमल गुप्ता से यूनियन के पदाधिकारी की कुछ मांगों पर सहमति भी बनी है और निकाय मंत्री ने जल्द से जल्द मांगी पूरी करने का आश्वासन दिया था इसके बावजूद निकाय मंत्री डॉ कमल गुप्ता ने कर्मचारियों की मांगों को पूरा नहीं किया है, जिसके चलते प्रदेश भर से आए सफाई कर्मचारियों ने धिक्कार प्रदर्शन किया है।

# जनता कॉलेज के छात्रों ने शैक्षणिक भ्रमण के दौरान देखा संसद भवन

पायनियर समाचार सेवा। कैथल

**बाबू** अनंत राम जनता महाविद्यालय कौल में प्रबंधन समिति के प्रधान चौ. तेजवीर सिंह की प्रेरणा से व प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के शिक्षक, गैर-शिक्षक एवं विद्यार्थियों सहित 57 सदस्यों के साथ संसद भवन एवं राष्ट्रपति भवन अवलोकन हेतु एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। राजनीति शास्त्र विभाग की अध्यक्षा डॉ. ममता रानी एवं भ्रमण समिति के संयोजक डा. विशम्बर दास के संयोजन में क्रियान्वित हुआ। भ्रमण हेतु प्रस्थान से पूर्व सभी ने स्व. चौधरी ईश्वर सिंह की प्रतिमा के समक्ष श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

इसके बाद महाविद्यालय से दिल्ली के लिए प्रस्थान किया। निर्धारित समय पर पहुंचकर सभी विद्यार्थियों ने पुराने संसद भवन एवं नई संसद भवन को देखा। वहां के कर्मचारी राजबीर



**कैथल के जनता कॉलेज कौल के छात्र संसद भवन में।**

ने बताया कि नए संसद भवन में 1200 से अधिक सदस्यों के बैठने की व्यवस्था की गई है। नये भवन लोकसभा कक्ष में 888 और राज्यसभा कक्षा में 384 सदस्यों के बैठने की व्यवस्था है वहीं पुराने भवन में राज्यसभा कक्ष में 250 सदस्यों और लोकसभा कक्षा में 550 सदस्यों के ही बैठने की व्यवस्था हैं। इसके सभी ने लोकसभा और राज्यसभा कक्ष का अवलोकन किया। वहां से सभी ने इंडिया गेट की ओर प्रस्थान किया और वहां की यादों को छायाचित्र के माध्यम से समेटा।

### हिसार में युवक का रास्ता रोककर मारपीट

**हिसार।** हिसार में बुड्ढा खेड़ा गांव के 25 वर्षीय युवक के साथ रास्ता रोककर मारपीट करने का मामला सामने आया है। घायल युवक का नाम अनिल है। उसे हिसार के नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसके हाथ और पांव पर चोट आई है। अनिल ने बताया कि वह 12वीं पास है और खेती-बाड़ी का काम करता है। वह किसी काम से उकलाना मंडी गया था। जब बाइक पर घर वापस आने लगा तो गांव से पहले पेट्रोल पंप के पास ऑल्टो गाड़ी सवार 5 युवकों ने उसे घेर लिया और उसके साथ मारपीट की। इस दौरान हमलावरों ने उसके हाथ पर गडांसी से वार किया। वहीं पांव पर साइकिल से चोट मारी। हमलावरों में अमित शामिल था। इसके बाद वह अपने साथियों के साथ फरार हो गया। अनिल ने बताया कि करीब डेढ़ महीने पहले हमलावरों के साथ झगड़ा हो गया था। इसी रंजिश में उन्होंने उसके साथ मारपीट की है। मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### विधायक लीलाराम ने सुनीं लोगों की समस्याएं



**कैथल में कार्यकर्ताओं से बात करते हुए विधायक लीला राम।**

**कैथल।** विधायक लीलाराम ने रविवार को अपने निवास पर लोगों की समस्याएं सुनीं और उनका समाधान किया। लीलाराम ने कहा कि पूर्व की सरकारों ने कभी भी जनता की भलाई के लिए काम नहीं किया। कांग्रेस सरकार में नेताओं ने स्वयं का विकास करने के लिए जनता को और प्रदेश को लूटने का काम किया है। लेकिन भारतीय जनता पार्टी की सरकार मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में पारदर्शिता के साथ काम कर रही है। सरकार की नीति और नियत दोनों ठीक हैं, क्योंकि भारतीय जनता पार्टी की सरकार हरियाणा में बिना पर्ची और खर्ची के सरकारी नौकरियां पढ़े लिखे युवाओं को दे रही हैं। जिसका परिणाम यह है कि बिल्कुल गरीब परिवारों के बच्चे जिनकी समाज में राजनेताओं तक पहुंच नहीं थी। उन बच्चों को भी सरकारी नौकरी बिना सिफारिश और बिना पैसे के मिल रही हैं। सरकार आने वाले समय में ग्ररुप-सी और ग्रुप-डी में बहुत सारी भर्ती करने जा रही है, जिसमें प्रदेश के हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा। हरियाणा सरकार लोगों की भलाई के लिए बेहतर काम कर रही है। सरकार की मंशा है कि हर व्यक्ति को घर बैठे ही सरकारी की योजनाओं का लाभ मिले। लोगों को अपने कार्यों के लिए इधर-उधर भटकने की जरूरत नहीं है। हर व्यक्ति चाहे उसका घर से संबंधित कोई भी काम है। सरकार ने लोगों की सुविधा के लिए ही पोर्टल के माध्यम से ऐसा कार्य किया है कि घर बैठे ही व्यक्ति मोबाइल फोन द्वारा अपने काम करवा सकता है। आम जन को हर कार्य के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे क्योंकि सरकारी सेवाओं से संबंधित ज्यादातर कार्य पोर्टल के माध्यम से ही हो रहे हैं। इस मौके पर उनके साथ रामकुमार नैन, संजय भारद्वाज, नरेश मित्तल, हरपाल शर्मा, भाग सिंह खनोदा, पवन कसाना, सुभाष शर्मा, सत्तू कठवाड, विकास कठवाड़, सत्यवान माजरा, लीलू सैनी, सिंदर वाल्मीकि, कुशलपाल सैन भी मौजूद रहे।

### सिरसा के होटल में मिला युवक का शव

**सिरसा।** हरियाणा के सिरसा में एक युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उसका शव हिसार रोड स्थित होटल के कमरे में मिला। मृतक की पहचान गांव मोरीवाला के रहने वाले युवक संगीत के तौर पर हुई है। उसे एक लड़की ने फोन करके होटल में बुलाया था। हत्या का आरोप लगाते हुए गुस्साए लोगों ने रविवार को पुलिस चौकी का घेराव किया और धरने पर बैठ गए। लोगों ने कहा कि लड़की ने ही युवक की हत्या कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक के बड़े भाई प्रवीण ने बताया कि शनिवार को उसके छोटे भाई संगीत के पास एक लड़की का फोन आया था। लड़की ने कहा था कि सब्जी ले आना बैठकर खाएंगे। इसके बाद वह घर नहीं लौटा?। देर रात 2 बजे उनके पास फोन आया कि आपका भाई संगीत होटल में मरा पड़ा है। प्रवीण का कहना है कि उसने पुलिस थाने में फोन मिलाया तो पुलिस ने भी कहा है कि आप आ जाओ, आपके भाई की मौत हो चुकी है।

# युवक का अश्लील वीडियो बनाकर महिलाएं कर रही थीं ब्लैकमेल

### पुलिस ने रंगे हाथों किया गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। कैथल

**गांव** धनौरी के एक व्यक्ति को अर्जुन नगर में रहने वाली महिला ने फोन कर घर बुलाया और उसके साथ जबरदस्ती अवैध संबंध बनाए। इसके बाद महिला व उसके साथियों ने वीडियो बनाने की बात कह कर उसे ब्लैकमेल किया और 6 लाख रुपए की मांग की। थाना शहर पुलिस ने शनिवार शाम को दो महिलाओं व उनके चार साथियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। रपुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर लिया।



गांव धनौरी निवासी कुलदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 12 नवंबर को उसके पास एक महिला की कॉल आई। जिससे अकसर उसकी बात होती रही। महिला ने उसे 15 नवंबर की शाम अर्जुन नगर कैथल अपने घर बुला लिया। महिला ने उसके साथ जबरदस्ती संबंध बनाकर उसकी अश्लील वीडियो बना ली और उसे 600 रुपए ले लिए। जब वह वहां से वापस लौट रहा था तो उसके पास रास्ते में महिला का फोन आया। महिला ने कहा कि उसने उसके साथ गलत काम किया है। अगर उसने उसे रुपए नहीं दिए तो वह उसके खिलाफ मामला दर्ज करवाएगी। महिला ने उसे 6 लाख रुपए में बात निपटने की बात कही। उसके बाद 3 लाख में मामला तय हो गया। कुलदीप की शिकायत पर पुलिस के उसे रुपए देकर महिला के पास भेजा। एएसआई बलवान सिंह की टीम ने माता गेट कैथल निवासी नीलम, अर्जुन नगर कैथल निवासी नीलम, सिरटा रोड कैथल निवासी अभिषेक व गौरव को कुलदीप से ब्लैकमेलिंग की रकम 3 लाख रुपए नगद लेते हुए रंगे हाथों के गिरफ्तार कर लिया।

# करनाल में छठ पूजा के लिए यमुना नहर पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**छठ** पूजा को लेकर करनाल सूर्य मंदिर पश्चिमी यमुना नहर पर आस्था का हुजुम उमड़ा श्रद्धालुओं की भीड़ का अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता था कि रेलवे ओवरब्रिज हो या काछवा पुल जाम की स्थिति बनी रही।

लगातार 36 घंटे तक चलने वाले व्रत का शुभारंभ श्रद्धालुओं ने नहाय खाए से किया। छठ पूजा पर नहर पर काफी भीड़ रही। सोमवार सुबह उगते सूर्य को अर्घ के साथ ही छठ पूजा का यह व्रत पूर्ण होगा। आयोजनकर्ता सूर्य मंदिर छठ पर्व समिति मंडल के अध्यक्ष सुरेश यादव ने बताया कि कई वर्षों से समिति इसका बखूबी संचालित कर रही है।



नहर के घाटों को पक्का करवाया गया है। इस बार भी अतिथियों के समक्ष घाटों पर टाइलें लगवाने की मांग रखी गई है, जिसे स्वीकार कर लिया गया है। इस अवसर पर अतिथि सांसद संजय भाटिया के पुत्र चांद, भाजपा जिला प्रधान जोगेंद्र राणा, मेयर रेणूबाला गुप्ता, मुख्यमंत्री प्रतिनिधि संजय बठला, समिति सदस्यों के साथ साथ हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# छोटू राम जयंती पर जसिया में 26 को होगा जाट महासम्मेलन : बलवान कोटड़ा

### सम्मेलन को लेकर लगाई कार्यकर्ताओं की ड्यूटी

पायनियर समाचार सेवा। कैथल



अखिल भारतीय जाट आरक्षण संघर्ष समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष बलवान कोटडा ने बताया कि रोहतक के जसिया में छोटू राम जयंती मनाने व सातवां स्थापना दिवस समारोह की तैयारियों के लिए जिला कैथल की कार्यकारिणी की बैठक हुई। बैठक में जसिया में हर साल मनाने वाली छोटू राम जयंती कार्यक्रम पर विमर्श किया गया।

बैठक में पहुंचे पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। आगामी 26 नवंबर को अपने अपने साधनों में ज्यादा से ज्यादा संख्या में जसिया पहुंचने की अपील की गई। प्रदेश उपाध्यक्ष बलवान कोटडा ने कहा कि लोगों में छोटू राम जयंती मनाने के उपलक्ष में काफी उत्साह है। दीनबंधु चौधरी छोटूराम का 143 वां जन्मदिवस जसिया में मनाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान आयोजित होने वाले जाट महासम्मेलन में छोटू राम के नाम से निर्माणाधीन संस्थान में आईलेट्स और इंग्लिश स्पीकिंग की क्लास की शुरुआत होने जा रही है। कार्यक्रम में समाज के पिछड़ा वर्ग में आरक्षण देने की मांग पर भी निर्णय होगा। उन्होंने कहा कि चौधरी छोटूराम अखंड भारत के ऐसे महान पुरुष एवं नेता थे जिन्होंने भारत के किसान, मजदूर, व्यापारी व नौकरी पेशा वर्ग के हित में कानून बनाकर सबको आगे बढने् एवं शोषण मुक्त भारत की नींव रखने का काम किया। इस मौके पर शमशेर नींमवाला, प्रधान सुभाष भागल, रतन पूनिया, रामदिया बलबेहड़ा, प्रेम मलिक, सतवीर मलिक जाखोली, जसमेर सीडा, हरदीप चीका, अमरनाथ सरपंच नरड़, सुरजीत सरपंच हरिपुरा, डा. जयपाल माजरा, डा. दिलबाग आदि मौजूद रहे।

# हरियाणा में डबल इंजन की सरकार बनेगी: नायब सैनी

## कार्यकर्ता नगर निगम, लोकसभा व प्रदेश में विधानसभा के चुनाव के लिए तैयार रहें

पायनियर समाचार सेवा। यमुनानगर

**भाजपा** जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी अपने जिला यमुनानगर के दौरे के अंतर्गत सढौरा विधानसभा क्षेत्र के गांव तलाकोर पहुंचे। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी के गांव तलाकोर पहुंचने पर उनका स्वागत पूर्व विधायक बलवंत सिंह सढौरा, जिला परिषद चेयरमैन रमेशचंद ठसका, नगरपालिका चेयरपर्सन शालिनी शर्मा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बंतो कटारिया व भाजपा नेताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा भाजपा सरकार असमर्थ और वंचित वर्गों के व्यक्तियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने और समाज में



सामाजिक व आर्थिक समरसता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। सरकार का प्रयास है कि अंत्योदय परिवार के सदस्यों का कौशल विकास हो ताकि वे अपना स्वयं का काम शुरू करने में सक्षम बनें। इसके लिए गरीब परिवारों को ऋण स्कीमों, कौशल विकास स्कीमों और निजी या विभिन्न विभागों में रोजगार और दूसरी सुविधाओं के साथ जोड़ा गया है। समाज का एक बहुत बड़ा तबका पिछली विपक्षी सरकार के दौरान उपेक्षित था। उसे वर्तमान भाजपा सरकार ने विकास की धारा से जोड़ा है और सरकारी खजाने के दरवाजे उसके लिए खोल दिए हैं।

सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में केंद्र व प्रदेश सरकार ने गरीब कल्याण में नए आयाम स्थापित किए है। मुख्यमंत्री ने हरियाणा एक-हरियाणवी एक को वास्तव धरातल पर लागू किया है। नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष व लोकसभा सांसद नायब सैनी ने भाजपा पार्टी कार्यकर्ताओं को देवतुल्य की संज्ञा देते हुए सिर झुकाकर प्रणाम किया। उन्होंने कहा कि उन्हें पार्टी में उनकी योग्यतानुसार समय-समय पर अनेक दायित्व सौंपे, जिस पर उन्होंने हमेशा खरा उतरने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि उन्हें पीएम नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल से कार्य करने की प्रेरणा मिली है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सभी 10 सीटों पर विजय दर्ज करेगी तथा आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी को पूर्ण बहुमत प्राप्त होगा व प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बनेगी।

पूर्व विधायक बलवंत सिंह सढौरा ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी को प्रदेश भाजपा के लिए नायाब हीरा बताया। पूर्व विधायक बलवंत सिंह सढौरा ने कहा कि पार्टी में क्षमता व योग्यता के अनुसार कार्यकर्ताओं को दायित्व मिलता है।

जिला परिषद चेयरमैन रमेश चंद ठसका ने कहा कि वर्तमान हरियाणा सरकार मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने समाज कल्याण के नए योग का सूत्रपात किया है। इस दौरान पूर्व विधायक बलवंत सिंह सढौरा, जिला परिषद चेयरमैन रमेशचंद ठसका, भाजपा प्रदेश सचिव ईश्वर पलाका, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बंतो कटारिया, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दाताराम, जिला महामंत्री कृष्ण सिंगला, जिला महामंत्री सुरेंद्र बनकट, चेयरपर्सन शालिनी शर्मा, मंडल अध्यक्ष रणधीर राणा, चंद्र मोहन कटारिया, पवन सैनी, पुनित बिंदल, जसविंदर सैनी,नवीन भसीन, संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

# सागर योजना के तहत मैडागास्कर पहुंचा आईएनएस शारदा

## भारत महासागर क्षेत्र के देशों के साथ अपने संबंध प्रगाढ़ बना रहा

एजेंसी। नई दिल्ली



**सागर** परियोजना के तहत भारतीय नौसेना का जहाज आईएनएस शारदा चार दिन के दौरे पर मैडागास्कर के एंतसिराना बंदरगाह पर डॉक रहेगा। आईएनएस शारदा 17 नवंबर को मैडागास्कर पहुंचा और यह दौरा उसकी ऑपरेशनल तैनाती का हिस्सा है। आईएनएस शारदा के इस दौरे का उद्देश्य दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करना और हिंद महासागर क्षेत्र में मेरीटाइम सिक्योरिटी को सुनिश्चित करना है। यह दौरा पीएम मोदी के विजन सागर के तहत हो रहा है।

बता दें कि इस योजना की शुरुआत साल 2015 में की गई थी। इस योजना का उद्देश्य हिंद महासागर क्षेत्र में भारत को रणनीतिक रूप से मजबूत करना है। सागर योजना के तहत भारत, हिंद महासागर में अपने सहयोगी देशों के साथ आर्थिक और सुरक्षा सहयोग को मजबूत कर रहा है। साथ ही हिंद महासागर क्षेत्र को ज्यादा समावेशी बनाने पर फोकस है। कोरोना महामारी के दौरान भी भारत ने सागर योजना के तहत हिंद महासागर के देशों को मदद पहुंचाई थी। इसके तहत भारत ने मालदीव, मॉरिशस, मैडागास्कर, कोमोरोस और सेशेल्स को मदद पहुंचाई थी। बता दें कि हिंद महासागर में पारंपरिक तौर पर भारत का दबदबा रहा है लेकिन अब चीन भी हिंद महासागर में अपने पैर जमाने की कोशिश कर रहा है और इसके तहत चीन हिंद महासागर क्षेत्र में अपने ठिकाने बना रहा है। यही वजह है कि भारत सागर समेत कई अन्य योजनाओं के जरिए हिंद महासागर क्षेत्र के देशों के साथ अपने संबंध प्रगाढ़ बना रहा है।

# यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता दे रेलवेः ममता

एजेंसी। नई दिल्ली

**पश्चिम** बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने रविवार को अपने एक बयान में कहा कि रेलवे को यात्रियों की सुरक्षा को पहली प्राथमिकता देनी चाहिए। साथ ही उन्होंने रेलवे के बढ़ते किराये की भी आलोचना की और कहा कि सरकार को किराये में कमी करनी चाहिए। ममता बनर्जी भी पूर्व में रेल मंत्री रह चुकी हैं। ट्रेनों के बढ़ते किराये पर उन्होंने कहा कि कई बार ऐसा हो जाता है कि ट्रेनों का किराया हवाई किराये से भी ज्यादा चला जाता है।

सोशल मीडिया पर लिखी एक पोस्ट में ममता बनर्जी ने लिखा यह



देखना दुखद है कि रेल का किराया तेजी से बढ़ रहा है और कई बार रेल का किराया हवाई किराये से भी ज्यादा हो जाता है।

ऐसे में आपातकालीन स्थिति में आम आदमी कहां जाएगा? किराये में कटौती की जानी चाहिए और यात्रियों की सुरक्षा पर ध्यान दिया जाना चाहिए। ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि देश में रेल

## ममता ने ट्रेनों के बढ़ते किराए को लेकर साधा निशाना

दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। ममता बनर्जी ने सवाल किया कि उनके कार्यकाल के दौरान पेश किए गए दुर्घटना रोधी उपायों और उपकरणों का इस्तेमाल क्यों नहीं किया जा रहा है। ममता बनर्जी ने लिखा कि मेरे बतौर रेल मंत्री के कार्यकाल में दुर्घटना रोधी उपकरण पेश किए गए थे, साथ ही कई अन्य उपाय किए गए थे लेकिन अब उन्हें इस्तेमाल क्यों नहीं किया जा रहा है? जबकि किराये में लगातार बढ़ोतरी हो रही है।


## रामपुर में पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक बदमाश की मौत

**रामपुर (उप्र)।** रामपुर जिले में पुलिस मुठभेड़ में कथित तौर पर गोकशी में लिप्त एक बदमाश की गोली लगने से मौत हो गई और दूसरा घायल हो गया। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। रामपुर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) राजेश द्विवेदी ने बताया कि पिछले दिनों थाना पटवाई क्षेत्र में गोकशी की एक घटना हुई थी जिसमें शामिल अपराधियों की धरपकड़ के लिए पुलिस जुटी थी।

इस बीच पटवाई पुलिस को सूचना मिली कि मुरादाबाद की तरफ से शनिवार देर रात एक गाड़ी आने वाली है जिसमें गोकशी करने वाले बदमाश होंगे।

# देश व समाज बनाने के लिए लड़े जाते हैं चुनाव : राजनाथ सिंह

एजेंसी। जयपुर



**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि चुनाव केवल सरकार बनाने के लिए नहीं बल्कि समाज और देश बनाने के लिए लड़े जाते हैं। शाहपुरा में एक चुनावी सभा के दौरान उन्होंने कहा, भारत अब कमजोर देश नहीं रहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यह शक्तिशाली भारत बन गया है और भारत जो कहता है उसे दुनिया ध्यान से सुनती है।

बोले, इस सच्चाई को कोई नकार नहीं सकता कि मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद अंतरराष्ट्रीय जगत में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है। भारत को अब सारी दुनिया में सम्मान की नजरों से देख जाता है। पहले अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत कुछ बोलता था तो इसकी बातों को लोग अनसुना कर देते थे लेकिन आज अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत कुछ बोलता है तो सारी दुनिया कान खोल कर सुनती है कि भारत क्या बोल रहा है। उन्होंने कानून-व्यवस्था, प्रश्नपत्र लीक और महिलाओं के खिलाफ अपराध जैसे मुद्दों पर राज्य की कांग्रेस सरकार पर हमला बोला। सिंह ने कहा, राजस्थान में कांग्रेस की सरकार ने पिछले पांच साल में राजस्थान की गरिमा, उसके स्वाभिमान पर चोट पहुंचाने का काम किया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, चुनाव केवल सरकार बनाने के लिए नहीं लड़े जाते, चुनाव समाज व देश बनाने के लिए लड़े जाते हैं। भाजपा नेता ने कहा, पहले की अपेक्षा भारत की आर्थिक ताकत भी बढ़ी है। अर्थव्यवस्था के आकार के मामले में भारत 2014 से पहले दुनिया में 11वें स्थान पर था, जो सात साल में उछाल भरकर आज दुनिया में पांचवें स्थान पर आ गया है।

आर्थिक मामलों के जानकार कहते हैं कि 2027 आते-आते भारत दुनिया के शीर्ष तीन देशों में होगा। उन्होंने कहा, अगर ऐसे ही इस देश में सरकार काम करती रही तो इस सच्चाई को भी नकारा नहीं जा सकता कि दुनिया में अर्थव्यवस्था के आकार व ताकत के मामले सबसे बड़ा कोई देश होगा तो वह भारत होगा।

## यूक्रेन से लाए गए भारतीय छात्रों का किया जिक्र

**सिंह** ने दावा किया कि जिस समय रूस-यूक्रेन का युद्ध चल रहा था प्रधानमंत्री मोदी ने रूस, यूक्रेन और अमेरिका के राष्ट्रपति को फोन कर चार-पांच घंटे के लिए युद्ध रुकवाया और वहां फंसे भारतीय छात्रों को निकाला गया। कहा, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का कद बढ़ गया है, इसके कारण ऐसा हुआ। सिंह ने कहा, मैंने सुना है, मुझे नहीं पता कि यह सही है या गलत, राज्य में दो लाख महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार की प्राथमिकी दर्ज की गई है और (मुख्यमंत्री) गहलोत साहब कह रहे हैं कि महिलाएं झूठी प्राथमिकी दर्ज करा रही हैं।

## तिहरे खतरे के खिलाफ जापान की तैयारी

**टोक्यो।** जापान ने रूस, चीन और नॉर्थ कोरिया की जुगलबंदी से बढ़ रहे खतरे के खिलाफ सैन्य तैयारियां शुरू कर दी हैं। रविवार से जापान की फौज ने देश के दक्षिण-पश्चिम द्वीप टोकुनोशिमा पर स्पेशल मिलिट्री यूनिट को 11 दिन की एक्सरसाइज के लिए भेज दिया। यह आईलैंड पूर्वी चीन की सीमा के काफी करीब है और चीन की नेवी अकसर इस क्षेत्र में घुसपैठ की कोशिश करती है। नॉर्थ कोरिया की कुछ मिसाइलें टेस्ट के दौरान इसी इलाके में गिरी थीं और जापान ने इस पर सख्त ऐतराज जताया था।



## अहमदाबाद में क्रिकेट का राजनीतिकरण हो रहा: संजय राउत



**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने मोदी सरकार पर हमला बोला है। गुजरात स्थित नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होने वाले विश्वकप फाइनल को लेकर संजय राउत ने पीएम मोदी समेत भाजपा नेताओं पर जमकर चुटकी ली है। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा, ऐसा लग रहा जैसे कि पीएम मोदी गेंदबाजी करेंगे। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में विश्वकप का फाइनल होने जा रहा था। सांसद संजय राउत ने चुटकी लेते हुए कहा, जब से मोदी सरकार सत्ता में आई तब से हर चीज का राजनीतिकरण हुआ है।

हर चीज के लिए राजनीतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। क्रिकेट में राजनीति नहीं लानी चाहिए, लेकिन क्या करें अहमदाबाद में कुछ ऐसा ही हो रहा है। संजय राउत ने कटाक्ष करते हुए कहा, अहमदाबाद में क्रिकेट का राजनीतिकरण हो रहा है। ऐसा लग रहा है जैसे पीएम मोदी खुद गेंदबाजी करेंगे और अमित शाह बल्लेबाजी करेंगे, बचे सभी नेता बाउंड्री पर खड़े होंगे। चुटकी लेते हुए उन्होंने कहा, हमें सुनने को मिलेगा कि पीएम मोदी वहां थे इसलिए हमने विश्वकप जीता। मोदी सरकार के सत्ता में आते ही इस देश में आजकल कुछ भी होता है।

# भारत ने फिलिस्तीनियों के लिए भेजा 32 टन जरूरी सामान

## इजराइल, अमेरिका और हमास के बीच बंधकों को आजाद करने के लिए जल्द होगी डील

एजेंसी। नई दिल्ली



**इजराइल-हमास** जंग के बीच भारत ने फिलिस्तीनियों की मानवीय मदद के लिए 32 टन जरूरी सामान सी-17 एयरक्राफ्ट के जरिए मिस्र भेजा है। दूसरी तरफ, यूएन ने बताया है कि अल-शिफा अस्पताल में अब भी 25 स्टाफ, 291 मरीज और 32 नवजात मौजूद हैं। इन बच्चों की हालात बेहद गंभीर है।

वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन ने घोषणा की है कि गाजा का अल-शिफा अस्पताल डेथ जोन बन चुका है। डब्ल्यूएचओ ने अस्पताल को खाली करने की योजना की भी जानकारी दी। शनिवार को सैकड़ों लोगों ने अल-शिफा अस्पताल खाली कर दिया। दूसरी तरफ, अमेरिकी मीडिया ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि इजराइल, अमेरिका और हमास के बीच बंधकों को आजाद करने के लिए जल्द ही डील होने वाली है। रिपोर्ट के मुताबिक, कतर के जरिए हो रहे इस समझौते के तहत बंधकों को छोड़ने के बदले 5 दिन का सीजफायर हो सकता है। वहीं व्हाइट हाउस प्रवक्ता ने कहा कि फिलहाल कोई डील नहीं हुई है।

पीएम नेतन्याहू ने कहा कि इजराइल पर जंग के बीच अंतरराष्ट्रीय समुदाय की तरफ से लगातार दबाव बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा- गाजा और उसके बाहर मौजूद हमास के लोग हमारे लिए जिंदा लाश हैं। हमास चीफ इस्माइल हानिये का जिक्र करते हुए रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने कहा- चाहे हमास लड़ाके के हाथ में राइफल हो या चाहे उसने सूट पहन रखा हो, हमारे लिए सब एक जैसे हैं।

रक्षा मंत्री ने कहा- हम जमीनी ऑपरेशन के दूसरे स्टेज में हैं और सेना जल्द ही साउथ गाजा में भी हमास तक पहुंच जाएगी। हमास अपनी सुरंगों, बंकर और ठिकानों को खो रहा है। हम उनके कई सीनियर कमांडरों को मार गिरा चुके हैं। हमास सिर्फ लड़ाई की ही भाषा जानता है। उसका इकलौता मकसद अब अपनी जान बचाना है। हम अपने बंधकों को भी जल्द छुड़ा लेंगे।

# साउथ कोरिया में बैन होगा कुत्ते का मीट

एजेंसी। सियोल

## हर साल 20 लाख कुत्तों को मारा जा रहा

**साउथ** कोरिया में कुत्ते का मीट खाने पर पाबंदी लगने वाली है। रूलिंग पार्टी के पॉलिसी चीफ यू यूई-डोंग ने इसकी घोषणा की। साउथ कोरिया में डॉग मीट खाने को लेकर दुनियाभर में लंबे समय से विवाद जारी है। एनिमल राइट्स संगठन भी इसका विरोध करते रहते रहे हैं।

एनिमल वेलफेयर इंस्टिट्यूट के मुताबिक, देश में हर साल 20 लाख कुत्तों को मार दिया जाता है। वहीं, हर साल करीब एक लाख टन डॉग मीट खाया जाता है। यहां अब धीरे-धीरे कुत्ते खाने वाले लोगों की संख्या कम हो रही है। सरकार 2027 तक कुत्ता खाने पर पूरी तरह से बैन लगाने की तैयारी में है। इसके लिए सरकार इसी साल बिल लेकर आएगी। पॉलिसी चीफ ने कहा- इस कानून की वजह से जिन भी किसानों, कसाइयों और दूसरे लोगों को बिजनेस में




नुकसान होगा, उनकी सरकार पूरी मदद करेगी। ये मीट बेचने वाले रजिस्टर्ड किसानों, रेस्तरां कर्मचारियों और दूसरे लोगों को मुआवजा दिया जाएगा।

इससे पहले भी कई बार साउथ कोरिया में एंटी डॉग मीट बिल लाया जा चुका है। हालांकि, इस बिजनेस में शामिल लोगों की तरफ से विरोध को देखते हुए ये पास नहीं हो पाया। रॉयटर्स के मुताबिक, नए बिल में तीन साल का ग्रेस पीरियड और आर्थिक मदद का प्रावधान जोड़ा जा रहा है।

# म्यांमार के शरणार्थियों ने भारत का जताया आभार

एजेंसी। चांफाई



**शरणार्थी** नाम सुनते ही दिमाग में एक तस्वीर बनती है, जहां दीन-हीन अवस्था में बुरे हालात में हजारों लोग जीवन की बुनियादी चीजों के लिए संघर्ष कर रहे होते हैं लेकिन, मिजोरम में रह रहे म्यांमार के शरणार्थी स्थानीय सरकार और गैर-सरकारी संगठनों के आतिथ्य और सेवा का आभार प्रकट करते हुए कहते हैं कि उन्हें कभी यह महसूस नहीं हुआ कि वे अपने देश से बाहर शरणार्थी बनकर रह रहे हैं।

म्यांमार की सेना और सशस्त्र नागरिक संगठन पीपल्स डिफेंस फोर्स (पीडीएफ) के बीच जारी हिंसक संघर्ष के बीच भारत आए पांच हजार से ज्यादा शरणार्थियों को मिजोरम की सरकार और गैर-सरकारी संगठनों से भरपूर मदद मिल रही है। फिलहाल, ये शरणार्थी चंफाई जिले के जोखावथर क्षेत्र में बनाए गए छह शिविरों में रह रहे हैं। शिविरों में भोजन, पानी, स्वच्छता जैसी बुनियादी चीजों के साथ ही स्वास्थ्य सेवाएं भी मुहैया कराई जा रही हैं।

म्यांमार के चिन राज्य की खियानुनपर ने बताया कि उनके गर्भ के नौ माह हो गए हैं। शिविर में उनका और बच्चों का बहुत अच्छी तरह खयाल रखा जा रहा है। शिविर में उनके अलावा 8 गर्भवती महिलाएं हैं, जिनके लिए स्थानीय प्रशासन ने विशेष प्रबंध किए हैं। डॉक्टरों और नर्स शिविर का नियमित दौरा कर रहे हैं। जरूरी दवाएं दीं जा रही हैं। इसके अलावा गर्भवती महिलओं को अलग से राशन और भोजन भी दिया जाता है। असल में जोखावथर में सितंबर 2021 मे म्यांमार से आए शरणार्थियों के लिए शिविर बनाया गया था। जब म्यांमार के सैन्य शासन ने चुनी हुई लोकतांत्रिक सरकार का तख्तापलट किया था।

## मुर्मू आज से ओडिशा और आंध्र प्रदेश की तीन दिवसीय यात्रा पर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कई कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए 20 से 22 नवंबर तक ओडिशा और आंध्र प्रदेश का दौरा करेंगी। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई है।

राष्ट्रपति सोमवार को बारिपदा में अखिल भारतीय संताली लेखक संघ के 36वें वार्षिक सम्मेलन एवं साहित्य महोत्सव के उद्घाटन सत्र में भाग लेंगी। बयान में कहा गया है, उसी दिन, वह कुलियाना में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय का उद्घाटन करेंगी। राष्ट्रपति मुर्मू का जन्म ओडिशा के मयूरभंज के अंतर्गत उपरबेड़ा गांव में संथाली आदिवासी परिवार में हुआ था। बयान में कहा गया है कि 21 नवंबर को राष्ट्रपति मुर्मू पहाड़पुर गांव में एक कौशल प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन करेंगी। बयान के अनुसार इसके बाद, वह बादामपहाड़ रेलवे स्टेशन जाएंगी, जहां से वह तीन नई ट्रेन (बादामपहाड़-टाटानगर मेमू, बादामपहाड़-राउरकेला साप्ताहिक एक्सप्रेस और बादामपहाड़-शालीमार साप्ताहिक एक्सप्रेस) को हरी झंडी दिखाएंगी।

# थाने से खुद पुलिसवालों ने ही चुराली 1.97 लाख की शराब

एजेंसी। लुनावाड़ा



**गुजरात** के महिसागर जिले में एक सहायक उप-निरीक्षक (एएसआई) सहित पांच पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार किया गया है। इन सभी पर एक थाने से 1.97 लाख रुपये की जब्त शराब की बोतलें और पंखे चुराने का आरोप है।

पुलिस उपाधीक्षक पीएस वलवी ने बताया कि शराब की बोतलें और पंखे खानपुर तालुका के बकोर थाने में महिलाओं की हवालात में रखे गए थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि बकोर पुलिस ने एक व्यक्ति से भारत निर्मित विदेशी शराब की 482 बोतलें और 75 टेबल फैन जब्त किए थे।

आरोपी व्यक्ति पंखों के बक्सों के पीछे छिपाकर गुजरात में शराब की तस्करी करने की कोशिश कर रहा था। चूंकि ऐसी वस्तुओं को रखने के लिए निर्धारित कमरा पूरा भरा हुआ था, इसलिए उन्हें महिला हवालात में रखा गया था। वरिष्ठ अधिकारियों के आगामी निरीक्षण दौरे के मद्देनजर, पुलिस कर्मियों को जब्त वस्तुओं के रिकॉर्ड को अद्यतन करने और पुलिस स्टेशन को साफ करने के लिए कहा गया। अधिकारी ने बताया कि हवालात की सफाई के दौरान आईएमएफएल की बोतलों और पंखों के खाली या टूटे हुए डिब्बे दिखे। वाल्वी ने कहा, निरीक्षण से पता चला कि 1.57 लाख रुपये की 125 आईएमएफएल बोतलें और 40,500 रुपये के 15 पंखे गायब थे, जिसके बाद 13 नवंबर को पहली सूचना रिपोर्ट दर्ज की गई थी। एफआईआर में कहा गया है कि सीसीटीवी फुटेज से पता चला है कि एएसआई अरविंद खांट ने 25 अक्तूबर की रात को चोरी की घटना को अंजाम दिया था जब वह पुलिस स्टेशन अधिकारी के रूप में ड्यूटी पर थे।

# भारतीय साइबरस्पेस में अधिक साइबर घटनाएं दर्ज की जा रहीं : नायर

एजेंसी। बेंगलुरु

**राष्ट्रीय** साइबर सुरक्षा समन्वयक एमयू नायर ने रविवार को कहा कि भारतीय साइबरस्पेस में वैश्विक औसत की तुलना में साइबर घटनाओं की संख्या लगभग दोगुनी देखी गई हैं। नायर ने सिनर्जिया कॉन्क्लेव 2023 में एलाइनिंग टेक्नोलॉजीज टू फ्यूचर कॉनफ्लिक्ट्स विषय पर एक सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 10 महीनों में औसतन लगभग 1.54 अरब अमेरिकी डॉलर के लिए रैंसमवेयर हमला किया गया, जो 2022 के बाद से दोगुना हो गया है। उन्होंने कहा, ये राशि एक छोटा सा



हिस्सा मात्र है क्योंकि इनमें से कई घटनाएं दर्ज होती है।

नायर ने कहा कि भारतीय साइबरस्पेस में पिछले छह महीनों के दौरान औसतन 2127 बार साइबर घटनाएं सामने आई हैं, जो वैश्विक औसत 1108 से कहीं अधिक है। नायर ने कहा कि साइबरस्पेस पर विघटनकारी प्रथाओं को रोकने और सीमित करने के लिए देशों के लिए एकजुट होने का समय आ गया है। उन्होंने कहा, संयुक्त राष्ट्र और क्षेत्रीय मंचों के तहत इस दिशा में बड़ी संख्या में पहल की गई हैं, जहां राष्ट्र साइबरस्पेस के समाधान की तलाश कर रहे हैं जो राष्ट्रीय सीमाओं तक सीमित नहीं है।

नायर ने कहा कि कई अंतरराष्ट्रीय पहल साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में उभरती चुनौतियों का समाधान कर रही हैं। उन्होंने कहा कि एक उल्लेखनीय प्रयास संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा नियुक्त साइबरस्पेस में देश के जिम्मेदार व्यवहार को आगे बढ़ाने पर संयुक्त राष्ट्र सरकारी विशेषज्ञों का समूह (यूएन जीजीई) है।

# गोवा: नीलेश कैब्राल ने मंत्रिमंडल से दिया इस्तीफा

एजेंसी। पणजी

**गोवा** के विधायक एलेक्सो सिकेरा को मंत्रिमंडल में शामिल करने के फैसले के बाद राज्य के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री नीलेश कैब्राल ने राज्य मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया है। सिकेरा उन आठ विधायकों में से हैं, जो पिछले साल कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हुए थे।

कैब्राल ने मुख्यमंत्री को दिए अपने इस्तीफे में कहा कि वह अपना पद इसलिए छोड़ रहे हैं जिससे कि पार्टी पूर्व में किए गए वादों को पूरा कर सके। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने रविवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि कैब्राल ने मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया है और उनका

## कांग्रेस के पूर्व नेता को मिलेगा पद

इस्तीफा स्वीकृति के लिए राज्यपाल पीएस श्रीधरन पिल्लई को भेज दिया गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि कैब्राल को पद छोड़ने के लिए कहना पार्टी का निर्णय था ताकि मंत्रिमंडल में एक और विधायक को शामिल किया जाने के वास्ते जगह बन सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायक एलेक्सो सिकेरा को रविवार शाम सात बजे मंत्रिमंडल में शामिल किया जाएगा।

भाजपा विधायक कैब्राल (51) कर्चोरेम निर्वाचन क्षेत्र से सावंत के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल में पीडब्ल्यूडी और कानून तथा न्यायपालिका विभागों का प्रभार संभाल रहे थे।



कैब्राल ने अपने इस्तीफे में कहा कि वह भारी मन के साथ मंत्री पद से इस्तीफा दे रहे हैं। उन्होंने इस्तीफे में मुख्यमंत्री से कहा, आपके और पार्टी के वरिष्ठ सदस्यों के अनुरोध पर मैं मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे रहा हूं क्योंकि आपने पूर्व में कुछ वादे कर रखे हैं। कैब्राल ने कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान राज्य के लोगों की सेवा को लेकर दिए गए अमूल्य अवसरों और समर्थन के लिए वह आभारी हैं।

उन्होंने कहा, कृपया इस पत्र को मेरे इस्तीफे की औपचारिक अधिसूचना के रूप में स्वीकार करें। मैं कामना करता हूं कि आप और प्रशासन गोवा को समृद्धि एवं प्रगति की ओर ले जाने के अपने प्रयासों में निरंतर सफल होते रहें। राजभवन के सूत्रों ने पुष्टि की कि रविवार शाम सात बजे मंत्रिमंडल में नए मंत्री को शामिल किया जाएगा। वहीं, सिकेरा (66) से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि उन्हें आज मंत्रिमंडल में शामिल किया जाएगा।

## पत्नी को आपत्तिजनक हालत में देखकर जिंदा जलाने वाला गिरफ्तार

**बरेली (उप्र)।** बरेली में अपनी पत्नी को पराए मर्द के साथ आपत्तिजनक हालत में देखकर जिंदा जलाकर उसकी हत्या करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

रविवार को बताया कि शाही थाना क्षेत्र के खियों की गोटिया गांव के पास एक खेत में शनिवार देर रात 35 वर्षीय महिला का अधजला शव मिला था। महिला के मायके के लोगों ने उसके पति नेपाल सिंह पर उसे जिंदा जलाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में सिंह के खिलाफ हत्या के आरोप में मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।पूछताछ में पुलिस को बताया है कि उसकी पत्नी के किसी अन्य व्यक्ति से नाजायज रिश्ते थे।

# देश-धर्म की रक्षा की प्रेरणा देता है सिख गुरुओं का बलिदान : योगी

एजेंसी। लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को देश के लिए सिख धर्म गुरुओं के योगदान को नमन करते हुए कहा कि सिख गुरुओं का त्याग और बलिदान देश-धर्म की रक्षा की प्रेरणा देता है।

मुख्यमंत्री योगी ने रविवार को यहां आलमबाग में खालसा चौक का लोकार्पण किया। यहां जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार टेढ़ी पुलिया के नाम से जाना जाने वाला यह चौराहा अब खालसा चौक के नाम से जाना जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा, खालसा पंथ ने देश व धर्म की रक्षा के लिए लगातार अग्रणी भूमिका निभाई है। खालसा चौक की स्थापना आज अपने इतिहास की स्मृतियों को ताजा करने व उसके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का अवसर है। इस दौरान उन्होंने लोगों को बधाई देते हुए इशारों में सपा (समाजवादी पार्टी) सरकार के कार्यकाल में मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित होने वाली इफ्तार पार्टी पर कटाक्ष किया। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उनसे पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री कार्यालय में अन्य तरह के आयोजन होते थे। वहीं प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री कार्यालय में गुरु नानक देव जी के 550वें प्रकाश पर्व का भव्य आयोजन हुआ।

# एसटीएफ ने कॉल सेंटर में की छापेमारी, 16 गिरफ्तार

## अमेरिकी नागरिकों के साथ करते थे ठगी, हांगकांग में पैसा बिचौलियों के माध्यम से आरोपी के पास पहुंचता था

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा




**अवैध** रूप से कॉल सेंटर का संचालन करके अमेरिका के नागरिकों के साथ ठगी करने वाले गिरोह का एसटीएफ ने खुलासा किया है।

एसटीएफ ने इस दौरान एक फर्जी कॉल सेंटर पर छापेमारी करते हुए 16 लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अमेरिकी नागरिक की शिकायत के बाद एसटीएफ ने यह छापेमारी की थी। दरसअल अमेरिका के एक नागरिक के द्वारा शिकायत की गई और उनके द्वारा बताया गया कि नितिन श्रीवास्तव द्वारा चलाए जा रहे कॉल सेंटर के माध्यम से कॉल कर धोखाधड़ी करते हुए उनके बैंक ऑफ अमेरिका के अकाउंट से पैसा हांगकांग के अकाउंट नंबर में ट्रांसफर किया गया है। इस शिकायत के बाद एसटीएफ इस कॉल सेंटर की तलाश में जुट गई। एसटीएफ ने छापेमारी करते हुए नोएडा के थाना फेस वन क्षेत्र के अंतर्गत स्थित जी 68 थर्ड फ्लोर फेस वन पर अवैध रूप से चल रहे कॉल सेंटर से 16 लोगों को धर दबोचा। इस दौरान पुलिस ने नितिन श्रीवास्तव के पार्टनर लव कुश को भी गिरफ्तार कर लिया। लव कुश ने पूछताछ में बताया कि वह 2012 में नितिन के साथ प्रॉपर्टी का काम करता था। नितिन पहले भी फर्जी कॉल सेंटर चलाने का काम करता था।

नितिन के द्वारा उसे बताया गया कि वह करीब 5 वर्ष से फर्जी कॉल सेंटर चला रहे थे। इस दौरान बताया गया कि अमेरिका की नागरिकों का डेटा जिसमें नाम, पता, फोन नंबर एवं सोशल सिक्योरिटी नंबर होता है। उसको यह लोग खरीद लेते हैं और फिर व्हाइट पेज वेबसाइट से इन मोबाइल नंबर से अमेरिका के सर्विस प्रोवाइडर का पता कर लेते हैं और फिर अपने कॉल सेंटर से मोबाइल धारक को इस सर्विस प्रोवाइडर की तरफ से फर्जी कॉल करते हैं और धारक से उसका पिन नंबर लेते हैं।

इसके बाद इसी कॉल सेंटर से सर्विस प्रोवाइडर को धारक बनकर कॉल करते हैं और पूछने पर धारक का पिन नंबर सर्विस प्रोवाइडर को देते हैं और सर्विस प्रोवाइडर से नया फोन बुक कर लेते हैं। इस नए फोन को डिलीवर के लिए एक फर्जी एड्रेस से संबंधित डॉक्यूमेंट जैसे कूट रचित डीएल, पासपोर्ट आदि बनाकर अपलोड कर देते हैं और दिए हुए पत्ते पर डिलीवरी हो जाती है।

उसे इनसे जुड़े उनके एजेंट प्राप्त कर लेते हैं और उसके बदले अमेरिकन एजेंट को पैसा हांगकांग स्थित विभिन्न बैंक के अकाउंट में डाल देते हैं।

यह पेमेंट मॉड नितिन टेलीग्राम चैनल में डार्क वेब से लेता है और उसके बदले में कमीशन लोकल बिटकॉइन पेज के माध्यम से यूएसडीसी में पे-कार्ड देता है और हांगकांग में पैसा अगड़ियों के माध्यम से ज्यादातर केस में इन तक पहुंचता है। फिलहाल पुलिस इन लोगों के अन्य आपराधिक इतिहास की भी जानकारी जुटा रही है।

# ग्रेटर नोएडा में मुख्य मार्ग की पुलिया धंसी, आवागमन बाधित

- पुलिस ने यातायात किया डायवर्ट

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**ग्रेटर** नोएडा में रविवार को एक पुलिया अचानक से धंस गई। पुलिया के धंसने से पचास से ज्यादा गांवों का आवागमन बाधित हो गया है। फिलहाल पुलिस ने यह मार्ग अस्थायी रुप से बंद करा दिया है और रुट डायवर्ट करके वाहनों को निकाला जा रहा है। सिंचाई विभाग को सूचित कर दिया है। मौके पर पुलिस बल तैनात है।

आपको बता दें कि ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के दादरी एनटीपीसी मार्ग क्षेत्र का मुख्य मार्ग है। इस मार्ग पर 24 घंटे वाहनों का आवागमन बना रहता है। इस मार्ग पर एनटीपीसी प्लांट का गेट नंबर तीन है, जिससे एनटीपीसी से राख लाने के लिए आस पड़ोस के जिले और राज्यों से ट्रक राख लेने के लिए आते हैं। इसी मार्ग पर सीमेंट बनाने वाली दो बड़ी फैक्ट्रियां भी हैं।

रविवार को पुलिया धंसने के बाद वाहनों का आवागमन पूरी तरह बंद हो गया है। कोतवाली प्रभारी जारचा ज्ञान सिंह गुर्जर ने बताया कि रजवाहे की पुलिया धसने से रास्ते को बंद कर यातायात को रसूलपुर, प्यावली, बिसाहड़ा की तरफ डायवर्ट कर दिया है। सभी कट पर बैरिकेडिंग कर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। आपको बता दें कि इसी मार्ग से फैक्ट्रियों की राख भी एनटीपीसी से आती है। इसके अलावा मार्ग पर कई छोटी-छोटी राख की ईंटें बनाने वाली फैक्ट्रियां हैं, जो एनटीपीसी की राख पर निर्भर हैं।

औसतन रोजाना इस मार्ग से चार सौ के करीब छोटे बड़े ट्रकों का आवागमन होता है। यह मार्ग आगे जाकर हापुड़ की सीमा के अंतर्गत गांव धौलाना और देहरा से जुड़ता है। 50 के करीब गांवों का आवागमन भी इसी मार्ग से होता है।

# ग्रेनो प्राधिकरण ने हड़ताली सफाई कर्मचारियों को हटाया

- सीईओ ने ठेकेदारों को नई भर्ती करने के आदेश दिए

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**ग्रेटर** नोएडा में हड़ताल पर गए सैकड़ों सफाई कर्मचारियों को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने घर बैठा दिया है। प्राधिकरण ने सफाई ठेकेदारों को नई भर्ती करने के आदेश दिए हैं।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के इस फैसले से सफाई कर्मचारियों में न केवल हड़कंप मचा हुआ है, बल्कि आक्रोश भी व्याप्त है। आपको बता दें कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सैकड़ों सफाई कर्मचारी अपनी कई मांगों को लेकर पिछले करीब दस दिनों से हड़ताल पर चले आ रहे थे। ठेकेदारों के अधीनस्थ इन कर्मचारियों की बहुत सी मांगों को मान भी लिया गया था, लेकिन इसके बावजूद यह सफाई कर्मचारी अपनी हड़ताल समाप्त करने के मूड में नजर नहीं आ रहे हैं। सफाई कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने के कारण ग्रेटर नोएडा की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से लड़खड़ा गई है।

ग्रेटर नोएडा की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने और हड़ताल पर गए कर्मचारियों से सख्ती से निपटने के लिए प्राधिकरण के सीईओ रवि कुमार एनजी के आदेश पर अब सख्त कदम उठा गए हैं। सीईओ रवि कुमार एनजी के आदेश पर प्राधिकरण में सूचीबद्ध सफाई ठेकेदारों को हड़ताल पर गए सफाई कर्मचारियों को घर भेजने यानि परमानेंट छुट्टी देने के निर्देश दिए गए हैं।

साथ ही आदेश दिए गए हैं कि शहर की सफाई व्यवस्था बाधित न हो, इसके लिए जल्द से जल्द नए सफाई कर्मचारियों की भर्ती की जाए। प्राधिकरण ने चेतावनी दी है कि सफाईकर्मी जिस अवधि में काम नहीं करेंगे, उस अवधि का वेतन भुगतान नहीं किया जाएगा। आपको बता दें कि हड़ताल पर गए सफाईकर्मियों के साथ शुक्रवार को एक बैठक की गई थी, जिसमें सफाई कर्मियों की शेष मांगों पर निर्णय करने के लिए कमेटी की बैठक शीघ्र कराने का आश्वासन प्राधिकरण की तरफ से दिया गया। आपको बता दें कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सफाई कर्मचारी पिछले काफी समय से अपनी मांगों को लेकर आंदोलन करते चले आ रहे हैं। इसी आंदोलन के तहत दिवाली से पहले सफाई कर्मचारी हड़ताल पर चले गए।

इनकी मांग है कि उनका मासिक वेतन 17 हजार 170 रुपये से बढ़कर 20 हजार रुपये प्रति माह किया जाए। सफाई कर्मचारियों की मांग का जवाब देते हुए प्राधिकरण का कहना है कि टेंडर के अनुरुप ही वेतन का भुगतान किया जा रहा है। टेंडर के नियम व शर्तों के अनुसार, वेतन में हर दो साल में पांच फीसदी की वृद्धि का प्रावधान है। प्राधिकरण ने आश्वसन दिया है कि टेंडर में निर्धारित समय पर वेतन वृद्धि कर दी जाएगी।

# डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रतियों ने की पूजा-अर्चना

- गाजियाबाद और नोएडा में महापर्व छठ की धूम, घाटों पर हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद/ नोएडा



क्रासिंग रिपब्लिक स्थित पैरामाउंट सिम्फनी सोसाइटी में रविवार को छठ पर्व मनाया गया। इस दौरान सोसायटी के सैकड़ों लोगों ने सामूहिक रूप से स्विमिंग पूल में सूर्य को अर्घ्य दिया।

**महापर्व** छठ के पावन अवसर पर रविवार शाम को गाजियाबाद और नोएडा के घाटो पर श्रद्धा का सैलाब देखा गया । जहां बहुत बडी संख्या में व्रती और श्रद्धालु डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा अर्चना की। गाजियाबाद और नोएडा में हिंडन नदी के साथ ही लोगों ने तालाब पर शाम को डूबते सूर्य को अर्घ्य देने पहुंचे। इस दौरान लोगों ने डीजे पर म्यूजिक के साथ आतिशबाजी करते नजर आए। सोसाइटी के लोगों ने स्विमिंग पूल पर और पार्कों में तालाब बनाकर अर्घ्य दिया।

इससे पहले छठ पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और वाहन चालकों को जाम से बचाने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने गाजियाबाद और नोएडा में रविवार सुबह से सोमवार सुबह तक के लिए डायवर्जन लागू किया। पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि जाम से बचने के लिए वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें।

छट पर्व के अवसर पर आने वाले श्रद्धालुओं के आवागमन के दौरान श्रद्धालुओं के सुविधा एवं यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत गाजियाबाद और नोएडा में आज से यातायात को डायवर्ट कर दिया गया है। लिंक रोड, डीपीएस सिद्धार्थ विहार एवं नया बस अडडा की ओर से हिण्डन पुल की तरफ सभी प्रकार के व्यवसायिक वाहनों का आवागमन पूर्ण रूप से प्रतिबन्ध रहा। इसी प्रकार मोहननगर की ओर से हिण्डन पुल की तरफ सभी प्रकार के व्यावसायिक वाहनों के लिए आवागमन पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित है। कनावनी की ओर से हिण्डन पुल की तरफ सभी प्रकार के व्यावसायिक वाहनों के लिए आवागमन पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित है। लिंक रोड, डीपीएस सिद्धार्थ विहार एवं नया बस अड्डा की ओर से हिण्डन पुल की तरफ सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित रहे। इसी प्रकार मोहननगर की ओर से हिण्डन पुल की तरफ सभी प्रकार के निजी वाहनों का पूर्णरूप प्रतिबंधित रहे।

## स्विमिंग पूल में सूर्य को अर्घ्य दिया



ग्रेटर नोएडा वेस्ट की चेरी काउंटी सोसाइटी में रविवार को छठ पर्व मनाया गया। इस दौरान सोसायटी के सैकड़ों की संख्या में लोगों ने सामूहिक रूप से स्विमिंग पूल में सूर्य को अर्घ्य दिया। इस दौरान मनीष तिवारी, सुजीत शर्मा, राजेश राय, धीरेंद्र मिश्रा, अजय दीपक अमित और कुणाल मौजूद रहे। एस के ए ग्रीनआर्क सोसायटी और एस के ए मेट्रोविले सोसायटी में भी सामूहिक रूप से छठ पर्व मनाया गया।

# संक्षिप्त समाचार




गाजियाबाद में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री गिरिराज व अन्य।

### देश हित में कांग्रेस नहीं बनने देती कानून: कंद्रीय मंत्री

**गाजियाबाद।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह रविवार को गाजियाबाद पहुंचे। यहां उन्होंने कहा कि जो वोट के सौदागर हैं वो देश हित के लिए बनने वाले कानूनों पर पेंच फंसा देते हैं। जब यूनिफॉर्म सिविल कोड की बात होती है तो कांग्रेस पार्टी के मुख्यमंत्री लोगों को भड़कते हैं। इसके अलावा भम्र फैलाते हैं। कॉमन सिविल कोर्ट के बाद ही जनसंख्या नियंत्रण कानून आ सकता है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। गिरिराज सिंह ने कहा जनसंख्या नियंत्रण कानून बहुत जरूरी है। हमारे देश में संसाधन सीमित है। कांग्रेस के कारण यह कानून नहीं बना है। गिरिराज सिंह ने भारतीय टीम को वर्ल्ड कप फाइनल के लिए भी बधाई दी और जीत की कामना की।

### देश की तरक्की में इंदिरा गांधी का योगदार: तंवर

**नोएडा।** महानगर अध्यक्ष रामकुमार तंवर के नेतृत्व में पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न माननीय स्वर्गीय इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर महानगर कांग्रेस कमेटी ने बिशनपुरा सेक्टर -58 स्थित महानगर कार्यालय पर पुष्पांजलि एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इस अवसर पर महानगर रामकुमार तंवर ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी जी का जन्म 19 नवंबर को प्रतिष्ठित परिवार में हुआ था, उनके पिता पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू थे, वह भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री बनी, उन्हें विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय द्वारा डायरेक्ट की उपाधि से सम्मानित किया गया था। इंदिरा बचपन से ही स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय रही, 1930 में उन्होंने बच्चों के सहयोग के लिए वानर फौज निर्माण किया, बांग्लादेश के निर्माण में उनका विशेष योगदान रहा, 1959 से लेकर 1960 तक वह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की अध्यक्ष बनी ,1980 में योजना आयोग की अध्यक्ष भी रही, भारत में वह आयरन लेडी के नाम से से मशहूर रही, हमें उनके द्वारा किए गए कार्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए।

### दिल्ली पुलिस के एसआई की सड़क हादसे में मौत

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में शनिवार देर रात सड़क हादसे में दिल्ली पुलिस के सब इंस्पेक्टर की मौत हो गई। वो शादी समारोह से लौट रहे थे और उनकी बाइक डिवाइडर से जा टकराई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान 57 वर्षीय अशोक कुमार के रूप में हुई है। वो दिल्ली में शाहदरा के ईस्ट राजनगर में रहते थे और दिल्ली पुलिस में बतौर सब इंस्पेक्टर पोस्टेड थे। अपर पुलिस उपायुक्त (ट्रैफिक) रामानंद कुशवाहा ने बताया, शनिवार देर रात राजनगर एक्सटेंशन में मोरटा तिराहे के पास एक एक्सीडेंट की सूचना प्राप्त हुई। तुरंत नंदग्राम थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। घायल व्यक्ति को यशोदा हॉस्पिटल में एडमिट कराया। डॉक्टरों ने वहां उसे मृत घोषित कर दिया। बाइक सवार अशोक कुमार गाजियाबाद में एक शादी समारोह में आए थे और वहां शामिल होकर वापस लौट रहे थे। उसी वक्त ये हादसा हुआ है।

### प्रदूषण की मार झेल रही गर्भवती महिलाएं

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में प्रदूषण का स्तर लगातार गंभीर श्रेणी में बना हुआ है, ऐसे में सांस के मरीजों के साथ-साथ बच्चों और बुजुर्गों के लिए भी बीमार होने का खतरा बढ़ गया है। बच्चे और बुजुर्गों के साथ गर्भवती महिलाओं के लिए भी प्रदूषण बड़ी मुसीबत का सबब बना हुआ है। दरअसल प्रदूषण के कारण महिलाएं समय पूर्व प्रसव की शिकार बन रही हैं। गाजियाबाद के जिला महिला अस्पताल में नवंबर के महीने में ही 82 ऐसे केस आए हैं, जिनमें महिलाओं को समय पूर्व प्रसव की पीड़ा को झेलना पड़ा है। अभी नवंबर महीना पूरा बीता भी नहीं है ऐसे में यह आंकड़ा चौंकाने वाला है।

# दरोगा बनकर करता था अवैध उगाही,मोदीनगर पुलिस ने पकड़ा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**मोदीनगर** में गंगनहर पटरी पर पुलिस की वर्दी पहनकर कर वाहन चालकों से अवैध उगाही करने वाले फर्जी दरोगा को गिरफ्तार किया गया है।

पकड़ा गया फर्जी दरोगा काफी समय से पुलिस बनकर अवैध उगाही करने का काम कर रहा था। एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि शनिवार रात को महेंद्र सिंह पनी कार से गंगनहर पटरी मार्ग से दिल्ली की ओर जा रहे थे। इसी बीच उन्हें पुलिस की वर्दी पहने एक युवक ने रोक लिया और उनकी गाड़ी में बैठ गया। दरोगा ने महेंद्र सिंह से अवैध वसूली करने शुरू कर दी। महेंद्र सिंह को शक हुआ और वह उसे सौंदा पुलिस चौकी ले गए।

उन्होंने उक्त व्यक्ति के संदिग्ध होने के बारे में मौजुद पुलिस कर्मियों को बताया। यह देखकर वह व्यक्ति मौके से भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने पीछा करके उसे दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम शिवकुमार निवासी किठौर जनपद मेरठ का रहने वाला बताया।

## छात्रा का अपहरण, जबरन खिलाया नशीला पदार्थ

**नोएडा।** नोएडा में एक छात्रा का अपहरण कर लिया गया। आरोप है कि अपहरण के बाद छात्रा को जबरन नशीला पदार्थ खिलाया गया।

छात्रा हाईवे किनारे बेसुधी की हालत में पड़ी मिली। उसके शरीर पर कई जगह चोट के निशान भी मिले हैं। छात्रा की मां की शिकायत पर पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। एक्सप्रेस-वे कोतवाली में दी शिकायत में एक छात्रा की मां द्वारा शिकायती पत्र दिया गया है। शिकायती पत्र में किशोरी की मां ने बताया कि वह नोएडा के सेक्टर-168 स्थित एक सोसायटी में परिवार के साथ रहती है।

# स्वास्थ्य क्षेत्र में तकनीक के विकास से इलाज हुआ आसान

- टीआर लाइफ साइंस ने की साझेदारी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**ग्लोबलाइजेशन** के इस दौर में नवीनतम तकनीकों के साथ ईलाज करने के तारीकों में भी बदलाव आया है। टीआर लाइफ साइंसेज के निदेशक और संस्थापक डॉ गोपाल शरण के अनुसार तकनीक के विकास के साथ ही इलाज करना बेहतर और सुविधाजनक हुआ है।

पहले लोग बेहतर इलाज के लिए विदेशों में जाते थे आज विदेशों से लोग भारत इलाज कराने के लिए आते हैं। टी आर लाइफसाइंसेज के एसोसिएट डायरेक्टर राज सहगल के अनुसार, हमारी परामर्श कंपनी का एक मुख्य उद्देश्य अंततः बेहतर रोगी अनुभव के लिए समाचार प्रौद्योगिकी का उपयोग करके स्वास्थ्य सेवा संगठनों की परिचालन दक्षता में सुधार करना है। टीआर लाइफ साइंस ने नेपाल में स्वास्थ्य देखभाल उत्कृष्टता को बढ़ाने के लिए काठमांडू इंटरनेशनल हॉस्पिटल, नेपाल के साथ एक महत्वपूर्ण साझेदारी की है।



आयोजित कार्यक्रम में टीआर लाइफ साइंसेज के निदेशक और संस्थापक डॉ. गोपाल शरण व अन्य।

# अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़, डेढ़ करोड़ के माल बरामद

- कंपनी के वेयरहाउस से चोरी किया था सामान, चार गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा




**ग्रेटर** नोएडा में सूरजपुर थाना पुलिस ने एक अंतरराज्यीय चोर गिरोह का भंडाफोड किया है। पुलिस ने गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए चोरों के कब्जे से करीब डेढ़ करोड़ रुपये के कीमती कैमरे, कैमरों के लैंस व ईयरबर्डस बरामद किए गए हैं।

आपको बता दें कि ग्रेटर नोएडा के थाना सूरजपुर क्षेत्रांतर्गत गुरुद्वारा रो? पर स्थित सोनी कम्पनी के वेयरहाउस से दीपावली की रात यानि 12 नवंबर 2023 की रात करीब 10 बजे वेयरहाउस की पीछे की दीवार पर लगी टीन की चादर को उखा?कर सोनी कम्पनी के कैमरे व कैमरों के लैंस व ईयरबर्डस आदि सामान को चोरी कर लिया गया था। चोरी गए सामान की कीमत करीब एक करोड़ 50 लाख रुपये थी।

चोरी के संबंध में सोनी वेयर हाउस के एक्सीक्यूटिव द्वारा थाना सूरजपुर पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। रविवार को थाना सूरजपुर पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना पर कार्यवाही करते हुए एलजी गोलचक्कर के पास से चार चारों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए चोरों के कब्जे से सोनी कंपनी के वेयरहाउस से चोरी हुए सोनी कंपनी के 60 कैमरे, 13 कैमरा लैंस, 22 मैमोरी कार्ड, 23 एयर बर्डस (कीमत करीब एक करोड़ 50 लाख रूपये) तथा घटना में प्रयुक्त कार गाड़ी अर्टिगा कार बरामद की है। पकड़े गए चोरों ने पुलिस पूछताछ में हरियाणा के सोनीपत जिले के कुंडली क्षेत्र में पैनासोनिक के वेयर हाउस में चोरी करने की बात स्वीकार की गई। पकड़े गए चोर माया पटेल उर्फ संदीप पटेल उपरोक्त द्वारा कर्नाकट के बैगलोर, महाराष्ट्र के मुम्बई में इलैक्ट्रानिक्स वेयरहाउस में चोरी करने की घटना में स्वीकार किया गया है। आरोपियों की पहचान माया पटेल उर्फ संदीप पटेल पुत्र जयप्रकाश पटेल निवासी सुंगुलपुर पोस्ट गुतवन थाना मडियाहूँ जनपद जौनपुर, सुरेन्द्र कुमार पटेल उर्फ सूर्या पुत्र स्व. जगदीश पटेल निवासी ग्राम बोधीपुर थाना निवडिया जनपद जौनपुर, विशाल कुमार सेठ पुत्र मोहन लाल सेठ निवासी ग्राम पुरेव थाना जलालपुर जनपद जौनपुर, सूरज बेनबंशी पुत्र संतोष बेनबंशी निवासी ग्राम पुरेव थाना जलालपुर जनपद जौनपुर के रूप में हुई है।

# मेडिकल स्टोर में लूट की कोशिश

- पुलिस बोली, मामला आपसी रंजिश का

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**मोदीनगर** में कोतवाली क्षेत्र में शनिवार रात सात बजे कार सवार दो बदमाशों ने दिल्ली-मेरठ मार्ग स्थित एक मेडिकल स्टोर पर धावा बोला और तमंचा दिखाकर दवा कारोबारी से लूट का प्रयास किया।

कारोबारी के शोर मचाते हुए विरोध करने पर बदमाश गोविंदपुरी की तरफ फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। पीडति द्वारा दिए गए कार नंबर के आधार पर पुलिस जांच कर रही है।

गोविंदपुरी कॉलोनी निवासी संजय कुमार का दिल्ली-मेरठ मार्ग पर महेंद्रपुरी गेट से पहले खुशबू सर्जिकल के नाम से मेडिकल स्टोर है। पीड़ित के अनुसार, रात में सात बजे वह मेडिकल स्टोर पर अकेले थे। इसी बीच एक कार मेडिकल स्टोर से चंद कदमों की दूरी पर आकर रुकी। कार से एक बदमाश उतारा और मेडिकल स्टोर के अंदर घुस गया। कारोबारी के दवा संबंधित पूछने पर बदमाश ने तमंचा निकाल लिया और कारोबारी को तमंचा दिखाते हुए लूट का प्रयास किया। इसी बीच दूसरा बदमाश भी मेडिकल स्टोर पर पहुंच।

यह देख कारोबारी ने शोर मचा दिया। जिस पर बदमाश कार में सवार होकर फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

दवा कारोबारी से घटनाक्रम की जानकारी ली गई। पीड़ित ने बताया कि दोनों बदमाशों ने मुंह पर कपड़ा लपेट रखा था। कारोबारी द्वारा पुलिस को कार नंबर दिया गया है। जिसके आधार पर पुलिस ने बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस का कहना है कि मामला कारोबारी की किसी आपसी रंजिश से जुड़ा लग रहा है।

**तेलंगाना में बीजेपी संकल्प पत्र जारी शाह का वादा**

# महिलाओं को दस लाख नौकरियां, किसानों को देसी गाय

### बुजुर्गों को रामलला दर्शन के वादे

एजेंसी। हैदराबाद

**भाजपा** तेलंगाना में सत्ता में आई तो समान नागरिक संहिता लागू करेगी। साथ ही धर्म के आधार पर आरक्षण को खत्म कर इसका लाभ पिछड़े समुदायों व अधिसूचित जातियों को उनकी आबादी के अनुरूप दिया जाएगा। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को तेलंगाना चुनाव के लिए पार्टी का 22 सूत्रीय संकल्प पत्र जारी किया, जिसमें उज्जवला योजना के लाभार्थियों को प्रतिवर्ष चार मुफ्त रसोई गैस सिलिंडर देने, सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर बीआरएस सरकार के भ्रष्टाचार की जांच के लिए समिति बनाने व बुजुर्गों को मुफ्त में रामलला के दर्शन कराने समेत कई वादे किए गए।

पार्टी के घोषणापत्र को मोदी की गारंटी बताते हुए शाह ने कहा, व्यक्तिगत कानूनों को समेकित और सुसंगत बनाने व समान नागरिक संहिता का मसौदा तैयार करने के लिए समिति बनाएंगे। भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस सुनिश्चित करेंगे। सत्ता संभालने पर भाजपा केसीआर सरकार पर लगे कालेश्वरम और धरणी घोटाले समेत भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त जज की अध्यक्षता में जांच आयोग नियुक्त करेगी।



कन्या के जन्म के समय सरकार एफडी कराएगी। 21 साल की होने पर बच्ची को 2 लाख रुपये मिलेंगे। राज्य में स्नातक या व्यावसायिक कॉलेज कोर्स में प्रवेश लेने वाली बेटियों को मुफ्त लैपटॉप देंगे। महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को 1त्न की मामूली ब्याज दर पर ऋण देने का भी वादा किया गया है। वहीं, अमित शाह ने एक चुनावी सभा में वादा किया कि अगर भाजपा तेलंगाना में सत्ता में आई तो अयोध्या में राम मंदिर के दर्शन मुफ्त होंगे। उन्होंने लोगों से भाजपा को सत्ता में लाने का आग्रह किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने राम मंदिर के निर्माण में 70 साल की देरी की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न केवल आधारशिला रखी बल्कि वह 22 जनवरी को इसका उद्घाटन भी करेंगे।

मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद भाजपा अब तेलंगाना में चुनाव प्रचार अभियान तेज कर सकती है। सूत्रों का कहना है कि आने वाले दिनों में कई केंद्रीय मंत्री राज्य के विभिन्न जिलों में चुनावी जनसभाओं में शामिल होंगे।

#### मुफ्त स्वास्थ्य जांच, इलाज

- यूपीएससी की तर्ज पर हर 6 माह के अंतराल पर टीएसपीएससी राज्य भर्ती परीक्षाएं कराई जाएंगी।
- छोटे-सीमांत किसानों को मुफ्त देसी दुधारू गाय।
- सरकारी व निजी अस्पतालों में प्रति वर्ष पात्र परिवार को 10 लाख रुपये तक मुफ्त इलाज।
- गरीबों के लिए मुफ्त वार्षिक स्वास्थ्य जांच
- कृष्णा नदी के पानी का उचित हिस्सा पाने के लिए भाजपा वैध रूप से तेलंगाना की पैरवी करेगी।
- हर महीने की पहली तारीख को कर्मचारियों और सेवानिवृत्त लोगों को वेतन और पेंशन का समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा।
- सभी आवासहीन गरीबों को समयबद्ध तरीके से घर उपलब्ध कराए जाएंगे और गांवों में पात्र गरीबों को जमीन का पट्टा दिया जाएगा।
- अयोध्या में राम मंदिर के मुफ्त दर्शन कराने का किया वादा।

## कांग्रेस सरकार के पांच साल एक दूसरे को रन आउट करने में बीते: मोदी

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान की कांग्रेस सरकार पर कटाक्ष करते हुए रविवार को कहा कि इसके पांच साल एक दूसरे को रन आउट करने में बीते हैं। इसके साथ ही मोदी ने कांग्रेस और विकास को एक दूसरे का दुश्मन बताते हुए कहा कि राज्य की संस्कृति की रक्षा के लिए यहां की कांग्रेस सरकार को हटाना बहुत जरूरी है।



मोदी तारानगर में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। देश में क्रिकेट विश्वकप को लेकर जुनून का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा, आज-कल पूरा देश क्रिकेट के जोश से भरा हुआ है। क्रिकेट में बैट्समैन आता है और अपनी टीम के लिए रन बनाता है, लेकिन कांग्रेस में ऐसा झगड़ा है कि रन बनाना तो दूर ए लोग एक दूसरे को रन आउट करने में लगे हैं। कहा, कांग्रेस सरकार के पांच साल एक दूसरे को रन आउट करने में बीत गए। जो बचे हैं वो महिलाओं और अन्य मुद्दों पर गलत बयान देकर हिट विकेट किए जा रहे हैं और बाकी जो है वो पैसे लेकर, रिश्वत लेकर मैच फिक्सिंग कर लेते हैं और कुछ काम नहीं करते।

मोदी ने तंज कसते हुए कहा, जब इनकी टीम ही इतनी खराब है... ये क्या रन बनाएंगे और आपका क्या काम करेंगे। आप भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) को चुनेंगे, तो हम राजस्थान में भ्रष्टाचारियों की टीम को आउट कर देंगे। भाजपा विकास का स्कोर तेजी से बनाएगी और जीत राजस्थान की होगी, जीत राजस्थान के भविष्य की होगी, जीत राजस्थान की माताओं-बहनों, युवाओं और किसानों की होगी। मोदी ने कहा कि कांग्रेस सरकार से जितना बचकर रहें, राजस्थान को जितना बचाकर रखें उतना ही आपका भविष्य सुनिश्चित है क्योंकि कांग्रेस और विकास, एक दूसरे के दुश्मन थे और दुश्मन रहेंगे।

उन्होंने पेट्रोल के दाम को लेकर भी राज्य सरकार पर निशाना साधा और कहा कि कांग्रेस के कुशासन के कारण यहां महंगाई व बेरोजगारी भी बेलगाम हो गई है।

## मध्य प्रदेश : दिग्विजय का धरना दूसरे दिन भी जारी

### भाजपा प्रत्याशी की गिरफ्तारी की मांग

एजेंसी। छतरपुर (मध्य प्रदेश)

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह का भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी अरविंद पटेरिया की गिरफ्तारी की मांग को लेकर अनिश्चिकालीन धरना रविवार को दूसरे दिन भी जारी रहा।



सिंह ने पार्टी के एक कार्यकर्ता की कथित हत्या के संबंध में राजनगर निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार अरविंद पटेरिया की गिरफ्तारी की मांग करते हुए शनिवार को यहां एक थाने के बाहर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया था। सिंह ने कहा कि मामले में कार्वाई नहीं होने पर राज्यव्यापी आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने शनिवार को स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं के साथ खजुराहो पुलिस थाने के सामने धरना प्रदर्शन शुरू किया था। सिंह कांग्रेस विधायकों आलोक चतुर्वेदी और विक्रम सिंह तथा अन्य नेताओं के साथ रात भर एक पुलिस थाने के बाहर तंबू में रहे। मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव के दौरान शुक्रवार को छतरपुर जिले के राजनगर निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झड़प के दौरान सलमान खान नामक एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। पुलिस के अनुसार खान एक वाहन की चपेट में आ गया था। पुलिस ने शुक्रवार देर रात पटेरिया और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ कथित हत्या का मामला दर्ज किया था।

## राजस्थान में बीजेपी की सरकार बनते ही पेट्रोल हो जाएगा सस्ता: पुरी

एजेंसी। जयपुर

**केंद्रीय** मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने राजस्थान सीएम अशोक गहलोत द्वारा पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने के लिए केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराने के आरोपों पर पलटवार किया है। पुरी ने कहा, राजस्थान सरकार के वेट नहीं घटाने के कारण पेट्रोल-डीजल दूसरे राज्यों की तुलना में 11 रुपये महंगा मिल रहा है। राजस्थान में बीजेपी सरकार बनने के बाद लखनऊ की तरह पेट्रोल 96 रुपये लीटर हो जाएगा।

बता दें कि बीजेपी प्रदेश मीडिया सेंटर पर केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने प्रेस वार्ता में कहा, सीएम के इल्जाम झूठे हैं। दाम बढ़ने की वजह से केंद्र सरकार नहीं, बल्कि राज्य सरकार की ओर से लगाया जा रहा है वेट है। उन्होंने पंजाब सरकार को भी कटघरे में खड़ा किया और कहा कि हम उन्हें एथेनॉल दे रहे हैं और वे इसकी शराब बना रहे हैं। उन्होंने राहुल और प्रियंका गांधी को बंटी बबली बताया।



पुरी ने कहा कि कच्चा तेल हम इंपोर्ट करते हैं और रिफाइनरी में रिफाइंड करके सप्लाई किया जाता है। इस पर केंद्र सरकार एक्साइज ड्यूटी और राज्य सरकार वेट लगाती है या सेल्स टैक्स लगाती है।राजस्थान सरकार ने साल 2021 से 22 और 22 से 23 के वित्तीय वर्ष में पेट्रोल-डीजल पर वेट से 35 हजार 975 करोड़ टैक्स कलेक्ट किया है जो देश के 18 राज्यों द्वारा वसूले गए 32 हज़ार करोड़ रुपये के टैक्स से भी ज्यादा है। उन्होंने कहा, बीजेपी शासित राज्यों के मुकाबले राजस्थान में पेट्रोल-डीजल 10 से 11 रुपये प्रति लीटर महंगा है। क्योंकि यहां पेट्रोल पर 31.04त्न और डीजल पर 19.3 प्रतिशत वेट है, जो बहुत ज्यादा है।पेट्रोल-डीजल पर केंद्र सरकार ने दो बार टैक्स कम किए हैं, इसके बावजूद राजस्थान में झूठ फैलाया जा रहा है।



केंद्रीय मंत्री पुरी ने कहा कि गैस की बात करें तो कांग्रेस के राजस्थान में उज्जवला योजना में 500 रुपये का सिलेंडर दे रहे हैं। जब यह सिलेंडर 1100 रुपये में बिकता था, तब केंद्र सरकार ने 200 रुपये की सब्सिडी दी। अगस्त में हमने एडिशनल 300 रुपये की सब्सिडी दी, तो इसें राजस्थान का सहयोग क्या है? 600 रुपये तो केंद्र सरकार से ले रहे हो।

## मप्र विस चुनाव में 77.15 फीसदी मतदान हुआ: निर्वाचन आयोग

एजेंसी। भोपाल

**हाल** ही में संपन्न हुए मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में 77.15 फीसदी मतदान हुआ, जो 2018 में हुए विधानसभा चुनाव की तुलना में 1.52 फीसदी अधिक है। निर्वाचन आयोग (ईसीआई) द्वारा जारी ताजा आंकड़ों में यह जानकारी सामने आई।

राज्य की सभी 230 विधानसभा सीटों के लिए 17 नवंबर को एक ही चरण में मतदान हुआ था। शनिवार रात ईसीआई द्वारा जारी अनंतिम आंकड़ों के अनुसार राज्य में 77.15 फीसदी मतदान हुआ। विधानसभा चुनाव में 78.21 फीसदी पुरुष मतदाताओं तथा 76.03 फीसदी महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकारों का प्रयोग किया। आंकड़ों के मुताबिक, रतलाम जिले की सैलाना विधानसभा सीट पर सबसे अधिक 90.10 फीसदी मतदान हुआ, जबकि राज्य के पश्चिमी क्षेत्र में




अलीराजपुर जिले की जोबट सीट पर सबसे कम 54.37 फीसदी मतदान हुआ। पिछले कुछ चुनावों में राज्य में मतदान प्रतिशत लगातार बढ़ रहा है। 2003 में यह आंकड़ा 67.25 फीसदी, 2008 में 69.78 फीसदी, 2013 में 72.13 फीसदी तथा 2018 में 75.63 फीसदी था।

पिछले विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को 41.02 फीसदी, कांग्रेस को 40.89 फीसदी, बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और अन्य पार्टियों को 10.83 फीसदी वोट मिले थे। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राज्य में कुल 64,626 मतदान केंद्र बनाए गए थे।

## भाजपा के पास ईडी है, हमारे पास गारंटी है: गहलोत

एजेंसी। जयपुर

**राजस्थान** के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर चुनावों में राजनीतिक लाभ के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और आयकर विभाग का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए रविवार को कहा कि उनके पास ए एजेंसियां हैं तो कांग्रेस के पास लोगों के लिए गारंटी है।



गहलोत ने सत्तारूढ़ कांग्रेस द्वारा राज्य की जनता को दी जा रही सात गारंटियों की ओर इशारा करते हुए कहा, उनके पास ईडी है और हमारे पास हमारी गारंटी हैं। कांग्रेस ने राज्य में सात गारंटी की घोषणा करते हुए कहा है कि दोबारा सत्ता में आने पर वह इन्हें लागू करेगी। इन सात गारंटी में परिवार की महिला मुखिया को 10,000 की वार्षिक सम्मान राशि देना, 1.05 करोड़ परिवारों को 500 में रसोई गैस-सिलेंडर देना, पशुपालकों से दो रुपए प्रति किलो की दर से गोबर की खरीद करना, सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना का कानून बनाना, सरकारी कॉलेजों में प्रवेश लेने वाले छात्रों को टैबलेट या लैपटॉप देना और प्राकृतिक आपदा से होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए प्रति परिवार 15 लाख तक का बीमा कवर प्रदान करना शामिल है। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद गहलोत ने यहां कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बात की और कहा कि राज्य में कांग्रेस नेताओं को बदनाम करने के लिए भाजपा द्वारा ईडी और आयकर विभाग जैसी एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने सवाई माधोपुर सीट से चुनाव लड़ रहे भाजपा के राज्यसभा सदस्य किरोड़ी लाल मीणा पर ईडी और आयरकर विभाग में फर्जी शिकायतें करने का आरोप लगाया।

गहलोत ने आरोप लगाया, पिछले साल भर से राजस्थान में ईडी और मीणा की मिलीभगत से काम हो रहा है। झूठी शिकायत की जा रही हैं। वे गाइड करते हैं ईडी को। तो उनके पास ईडी है हमारे पास गारंटी हैं। उन्होंने कहा कि जनता सब समझ रही है और इस बार सबक सिखाएगी। उन्होंने कहा कि उनको लगता है कि इस बार कांग्रेस के पक्ष में अंडरकरंट है और जनता समझ गई है कि इस बार कांग्रेस सरकार को दोबारा सत्ता में लाना है। राज्य में विधानसभा के लिए मतदान 25 नवंबर को होगा और नतीजे तीन दिसंबर को घोषित किए जाएंगे।

### प्रियंका गांधी का बड़ा आरोप

## भाजपा, बीआरएस, भाजपा और ओवैसी के बीच सियासी साठगांठ

एजेंसी। हैदराबाद

**तेलंगाना** विधानसभा चुनाव-2023 में कांग्रेस पार्टी का दावा है कि सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की विदाई तय है। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) महासचिव प्रियंका गांधी ने आरोप लगाया है कि तेलंगाना चुनाव में बीआरएस, हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी के नेतृत्व वाली एआईएमआईएम और भाजपा मिलीभगत से काम कर रहे हैं। कांग्रेस के चुनावी अभियान को धार देने खानापुर पहुंचीं प्रियंका ने एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, बीजेपी और बीआरएस के बीच एक मौन सहमति थी। बीआरएस ने संसद में केंद्र की एनडीए सरकार का समर्थन भी किया है। उन्होंने कहा, भाजपा और केसीआर आपस में मिले हुए हैं। आपको यह अच्छी तरह से समझना होगा।



कांग्रेस महासचिव ने सवाल किया कि ओवैसी अलग-अलग राज्यों में कई सीटों पर उम्मीदवार उतारकर चुनाव लड़ते हैं। हालांकि, तेलंगाना की कुल 119 विधानसभा सीटों में से केवल नौ सीटों पर ही क्यों लड़ रहे हैं? प्रियंका ने दावा किया कि तेलंगाना में, ओवेसी बीआरएस का समर्थन करते हैं। केंद्र में, दिल्ली में, बीआरएस बीजेपी का समर्थन करता है। तीनों के बीच अच्छी मिलीभगत है। आप बीजेपी को वोट देते हैं, इसका मतलब है कि आप बीआरएस को वोट दे रहे हैं। आप एमआईएम को वोट देते हैं, इसका मतलब है कि आप बीआरएस को जिताने के लिए मतदान कर रहे हैं। प्रियंका गांधी ने राजनीतिक भाषण के बीच फिल्मी तड़का भी लगाया। उन्होंने ऑस्कर अवॉर्ड और एसएस राजामौली की फिल्म आरआरआर के गाने का जिक्र करते हुए कहा कि तेलंगाना विधानसभा चुनाव-2023 में बीजेपी, बीआरएस और एआईएमआईएम एक साथ नाटू, नाटू कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि वह कालेश्वरम सिंचाई परियोजना में बीआरएस सरकार के भ्रष्टाचार, शराब घोटाले के बारे में बात नहीं करते हैं, बल्कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जैसी केंद्रीय एजेंसियों को जांच के लिए कांग्रेस नेताओं के घर भेजते हैं। उन्होंने कहा, तेलंगाना में घोटाले हुए, यहां से केंद्र सरकार का पैसा लूटा गया। इसके बावजूद पीएम मोदी ने न तो घोटालों की जांच पर बात की और न ही कुछ किया।

प्रियंका ने मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव पर राज्य के युवाओं के लिए नौकरियां पैदा करने में विफल रहने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इसके बजाय उन्होंने अपने परिवार के सदस्यों को रोजगार प्रदान किया। उन्होंने दावा किया कि राव ने 3,000 रुपये बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था, लेकिन इसे लागू नहीं किया गया। प्रियंका के मुताबिक केसीआर और केटीआर को नौकरियां मत दीजिए। अगर आप नौकरियां चाहते हैं तो आपको सरकार बदलनी होगी। उन्होंने कांग्रेस के चुनावी वादों पर भी प्रकाश डाला, जिसमें 500 रुपये में एलपीजी सिलेंडर और 10 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा शामिल है।

## हरियाणा की जजपा को अहम दल के रूप में उभरने की उम्मीद

### राजस्थान विधानसभा चुनाव

#### जजपा अपने गृह क्षेत्र से बार बीस सीटों पर लड़ रही चुनाव

एजेंसी। चंडीगढ़

**जननायक** जनता पार्टी (जजपा) राजस्थान विधानसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करने को लेकर आश्वस्त है। हरियाणा का यह दल अपने गृह क्षेत्र से बाहर पहली बार 20 सीट पर चुनाव लड़ रहा है। पार्टी के मुखिया अजय सिंह चौटाला जब इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) में थे तब वह राजस्थान से दो बार विधायक निर्वाचित हुए थे। वर्ष 2018 में इनेलो में विभाजन के बाद जजपा का गठन हुआ था।

जजपा राजस्थान चुनाव में जीत हासिल करने के लिए अपने नेता अजय सिंह चौटाला के अनुभव और मार्गदर्शन पर निर्भर है। पार्टी पूर्व उप प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने का दावा करती है। देवीलाल 1989 में सीकर से सांसद थे। पार्टी जिन 20 विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ रही है उनमें से तीन सीकर संसदीय क्षेत्र में हैं। हरियाणा में जजपा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सहयोगी पार्टी है और वह राजस्थान विधानसभा चुनाव साथ मिलकर लड़ना चाहती थी, लेकिन इसमें भाजपा के रुचि नहीं दिखाने के बाद उसने अकेले के दम पर उम्मीदवार उतारने का फैसला किया। हरियाणा में हाल के महीनों में भाजपा और जजपा में मतभेद के संकेत मिल रहे हैं। भाजपा के कुछ वरिष्ठ नेताओं ने अगले वर्ष होने वाले लोकसभा, विधानसभा चुनाव अपने दम पर लड़ने की भी बात की है और एक वर्ग जजपा से नाता तोड़ने के पक्ष में है। दोनों दलों ने 2024 का लोकसभा चुनाव साथ मिलकर लड़ने के प्रति कोई प्रतिबद्धता नहीं दिखाई है। जजपा के महासचिव दिग्विजय चौटाला ने पार्टी के चुनाव चिह्न चाबी का जिक्र करते हुए कहा कि पार्टी और अन्य क्षेत्रीय दलों की राजस्थान विधानसभा चुनाव में अहम भूमिका रहेगी। जजपा की संभावनाओं पर उन्होंने कहा, हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे। दिग्विजय चौटाला ने कहा, सभी क्षेत्रीय दलों को साथ आना होगा और परिणाम आने के बाद किसी प्रकार का गठबंधन करना होगा, हाथ मिलाना होगा।

### हरियाणा के राजनीतिक धुरंदर अपने प्रत्याशियों के समर्थन में कर रहे प्रचार

**दिग्विजय** चौटाला, हरियाणा के उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला और अजय सिंह चौटाला दांता रामगढ़ और फतेहपुर सहित विभिन्न सीट के लिए चुनाव मैदान में उतरे पार्टी उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वहां के लोग जजपा द्वारा हरियाणा में किए गए कार्यों से वाकिफ हैं। इनमें किसानों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए कदम उठाना, ग्रामीण क्षेत्रों में ई-लाइब्रेरी खोलना और विमानन तथा अन्य क्षेत्रों में उठाए गए कदम शामिल हैं।सत्ता में भागीदारी होने की सूरत में क्षेत्रीय पार्टियों की भूमिका को रेखांकित करते हुए दिग्विजय चौटाला ने कहा, राजस्थान को देखें, खासकर दूरदराज के इलाकों में, शिक्षा, चिकित्सा संबंधी बुनियादी ढांचा और सड़कें खराब हालत में हैं। बड़े दल जीतते हैं, लेकिन उनका ध्यान बड़े शहरों और कस्बों तक सीमित रहता है। जीत के बाद ए क्षेत्र उपेक्षित रह जाते हैं। उन्होंने कहा, अगर क्षेत्रीय दल वहां होंगे तो वे निश्चित तौर पर उन क्षेत्रों को मजबूत करेंगे और विकास करेंगे। राजस्थान में भाजपा के साथ कोई साझेदारी नहीं बन पाने के संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, भाजपा की राजस्थान इकाई जजपा की वास्तविक ताकत को नहीं समझ सकी। वे हमें एक नई पार्टी मान रहे थे लेकिन वे यह नहीं समझे कि इस पार्टी का जन्म चौधरी देवीलालजी की विचारधारा से हुआ है।



### केसीआर पर बरसे भाजपा प्रमुख नड्डा, कहा

## 30 को वोटिंग के बाद 30 प्रतिशत कमीशन सरकार की विदाई तय



**हैदराबाद।** तेलंगाना में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा है कि बीआरएस की सरकार 30 प्रतिशत कमीशन वाली सरकार है। उन्होंने दावा किया कि 30 नवंबर को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान के बाद बीआरएस को बोरिया बिस्तर समेटना पड़ेगा। नड्डा ने सत्तारूढ़ दल के विधायकों पर राज्य सरकार की दलित बंधु योजना में 30 प्रतिशत कमीशन वसूलने का आरोप लगाया। मतदान से पहले चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंकते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को तेलंगाना की जनता से भाजपा का समर्थन करने की अपील की। उन्होंने नारायणपेट में भाजपा की रैली में यह भी आरोप लगाया कि कालेश्वरम सिंचाई परियोजना ने मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव के लिए एटीएम के रूप में काम किया और यह भ्रष्टाचार का प्रतीक बन गया। उन्होंने कहा कि भाजपा तेलंगाना में सत्ता में आने के बाद परियोजना में कथित भ्रष्टाचार की जांच करेगी और दोषियों को जेल भेजेगी।

मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव पर वोटों की खातिर तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए, भाजपा प्रमुख ने कहा कि उन्होंने एक विशेष समुदाय के आरक्षण को 4 प्रतिशत से बढ़ाकर 12 प्रतिशत करने का प्रस्ताव करने के अलावा उर्दू को दूसरी आधिकारिक भाषा बनाने का फैसला लिया। नड्डा ने यह भी आरोप लगाया कि तेलंगाना में मंदिरों की भूमि का उपयोग अन्य उद्देश्यों के लिए किया जा रहा है। प्रदेश में महंगाई के आरोप लगाते हुए नड्डा ने दावा किया कि तेलंगाना 8.5 प्रतिशत मुद्रास्फीति से जूझ रहा है। ईंधन की कीमतें देश में सबसे ज्यादा हैं।

**30 फीसदी कमीशन लेने के आरोप**

बीआरएस विधायकों पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए नड्डा ने सवाल किया कि क्या बीआरएस विधायकों ने दलित बंधु योजना की राशि में 30 प्रतिशत कमीशन नहीं लिया? क्या आपने (केसीआर) विधायकों की बैठक में नहीं कहा कि विधायक 30 प्रतिशत कटौती कर रहे हैं?

पायनियर
हरियाणा, सोमवार, 20 नवंबर, 2023







## 5.9 करोड़ से ज्यादा लोगों ने ओटीटी पर देखा फाइनल मुकाबला

**भारत** और ऑस्ट्रेलिया के बीच रविवार को खेले गए वर्ल्ड कप फाइनल मैच ने व्यूअरशिप के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। इसे ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस हॉट स्टार पर एक समय रिकॉर्ड 5.9 करोड़ से ज्यादा लोग लाइव देख रहे थे। ओटीटी पर अब तक किसी भी क्रिकेट मैच को इतने लोगों ने लाइव कभी नहीं देखा था। हालांकि, जैसे-जैसे मैच ऑस्ट्रेलिया के पक्ष में जाता गया, वैसे-वैसे व्यूअर्स की संख्या घटती गई। इससे पहले ये रिकॉर्ड इसी वर्ल्ड कप में 15 नवंबर को खेले गए भारत और साउथ अफ्रीका मैच के नाम था, जिसे करीब 5.3 करोड़ लोगों ने ओटीटी पर देखा था। वहीं, अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में करीब 1.3 लाख दर्शक मौजूद थे।

## हमने पूरी कोशिश की पर किस्मत को यही मंजूर था

**भारत** की इस हार के बाद सभी खिलाड़ी निराश थे। कप्तान रोहित और मोहम्मद सिराज तो अपने आंसू भी नहीं रोक सके। रोहित की यह निराशा मैच के बाद भी दिखाई दी। मैच के बाद जब रोहित से टीम की हार पर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, नतीजा हमारे अनुकूल नहीं रहा। हम आज उतना अच्छा नहीं खेले। हमने सब कुछ करने की कोशिश की, लेकिन यह हमारी किस्मत में नहीं था। हम 20-30 रन और बनाते तो अच्छा होता। केएल और कोहली अच्छी साझेदारी कर रहे थे और हम 270-280 के स्कोर की ओर देख रहे थे, लेकिन हम लगातार विकेट खोते रहे। जब आपके पास बोर्ड पर 240 रन होते हैं, तो आप विकेट लेना चाहते हैं, लेकिन हमें खेल से बाहर करने का श्रेय हेड और लाबुशेन को जाता है, लेकिन मुझे लगता है कि रात में बल्लेबाजी के लिए विकेट थोड़ा बेहतर हो गया था। मैं इसे कोई बहाना नहीं बनाना चाहता। हमने पर्याप्त रन नहीं बनाए। शानदार साझेदारी करने के लिए उन दोनों ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को श्रेय जाता है।

## हार के सात कारण

- रोहित शर्मा और गिल का जल्दी आउट होना
- टॉप-3 बल्लेबाजों में कोई अंत तक नहीं टिका
- पहली पारी में बल्लेबाजों ने अति रक्षात्मक खेल दिखाया
- बीच के ओवरों में भारतीय स्पिनर नहीं ले पाए विकेट
- हेड की काट नहीं तलाश पाए कप्तान रोहित
- सूर्या से पहले जडेजा को बैटिंग के लिए भेजा
- 6वें गेंदबाज का नहीं किया इस्तेमाल



# आस्ट्रेलिया फिर चैंपियन

मिशेल स्टार्क की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद ट्रेविस हेड के शतक से ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को यहां आईसीसी क्रिकेट विश्वकप फाइनल में भारत को छह विकेट से हरा दिया। इसके साथ ही कंगारू टीम ने लगातार नौवीं जीत दर्ज कर छठा एकदिवसीय विश्वकप अपने नाम कर लिया। ट्रेविस हेड ने अपनी शानदार बल्लेबाजी से भारत को विश्वकप से दूर कर दिया।









## हेड ने हराया भारत

**लगातार** 10 जीत के विजय रथ पर सवार होकर फाइनल में पहुंचे भारत को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में तीसरा विश्वकप जीतने की उम्मीद थी। टूर्नामेंट के सबसे सफल बल्लेबाज विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन ने एकदिवसीय विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम का दूसरी बार हिस्सा बनने का सपना देखा था जबकि कप्तान रोहित शर्मा पहली बार एकदिवसीय विश्व चैंपियन बनने का सपना संजोए थे, लेकिन पैट कमिंस की टीम ने इन सपनों को साकार नहीं होने दिया।

ऑस्ट्रेलिया ने दिखा दिया कि क्यों वह विश्व क्रिकेट की शीर्ष टीम है। टीम ने भारत के खिलाफ पहले मैच सहित लगातार दो हार के साथ अपने अभियान की शुरुआत की लेकिन फिर लगातार नौ मैच जीतकर खिताब अपने नाम किया। भारत के 241 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने हेड की 120 गेंद में चार छक्कों और 15 चौकों से 137 रन की पारी के अलावा मार्नस लाबुशेन (110 गेंद में नाबाद 58 रन, चार चौके) के साथ उनकी चौथे विकेट की 192 रन की साझेदारी से 43 ओवर में चार विकेट पर 241 रन बनाकर जीत दर्ज की।

रोहित की कप्तानी में भारतीय टीम विश्व चैंपियन बनने का मौका चूक गई। भारत के पास आईसीसी ट्रॉफी का एक दशक लंबा सूखा खत्म करने का मौका था, लेकिन रोहित की अगुआई वाली टीम ऐसा नहीं कर सकी। इस विश्व कप में भारत ने लगातार 10 मैच जीते थे, लेकिन 11वां मैच जीतने से चूक गया। नीदरलैंड के खिलाफ मुकाबले में रोहित ने नौ गेंदबाजों का इस्तेमाल किया था। विराट कोहली, शुभमन गिल, सूर्यकुमार और खुद कप्तान रोहित ने गेंदबाजी की थी। कोहली और रोहित को विकेट भी मिले थे। मैच के बाद गेंदबाजी कोच ने इंटरव्यू में कहा था कि वह विराट से पावरप्ले और बीच ओवरों में गेंदबाजी कराने के बारे में सोच रहे हैं, लेकिन इस मैच में जब भारतीय गेंदबाज फेल हुए तो रोहित ने इनमें से किसी भी पार्ट टाइम गेंदबाज का इस्तेमाल नहीं किया। हेड और लाबुशेन के बीच 192 रन की साझेदारी हो गई, लेकिन रोहित ने किसी भी पार्ट टाइम गेंदबाज को नहीं आजमाया। मैच की पहली पारी में जब विराट आउट हुए तो बल्लेबाजी के लिए सूर्यकुमार यादव को आना था, लेकिन रोहित ने बल्लेबाजी क्रम बदल दिया और जडेजा को बैटिंग के लिए भेज दिया। उनका यह दांव टीम पर उल्टा पड़ा। जडेजा 22 गेंद में नौ रन बनाकर आउट हो गए। इससे राहुल पर भी दबाव बढ़ा और भारत की रन गति रुक सी गई। बाद में जब सूर्यकुमार बल्लेबाजी के लिए आए तो उनका साथ देने के लिए कोई था ही नहीं। वह अंत तक संभलकर खेलते रहे और अंत में बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में आउट हो गए। इसके बाद अंत के ओवर में फायदा उठाने के लिए काई स्पेशलिस्ट बल्लेबाज नहीं बचा और भारत रनों के मामले में पिछड़ गया।



मिशेल स्टार्क ने तीन विकेट विकेट चटकाए



स्वर्णिम विश्वकप

इस विश्व कप में भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने 95.62 की औसत से 765 रन बनाए हैं, जो कि विश्वकप टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे ज्यादा है। कोहली को मैन ऑफ द टूर्नामेंट खिताब दिया गया।



विश्वकप के फाइनल में बॉलीवुड की तमाम हस्तियों ने भारत का उत्साह बढ़ाया। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह के साथ आयुष्मान खुराना नजर आ रही हैं। विराट की पत्नी अनुष्का शर्मा और केएल राहुल की पत्नी अथिया शेट्टी भी स्टैंड में मौजूद थीं



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी फाइनल मैच की दूसरी पारी के दौरान स्टेडियम में नजर आए। पीएम मोदी के साथ गृह मंत्री अमित शाह ने भी मैच का लुत्फ लिया।

## रोहित शर्मा सबसे ज्यादा रन बनाने वाले कप्तान बने

**भारत** के कप्तान रोहित शर्मा ने विश्व कप में बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। उन्होंने फाइनल में 31 गेंद में 47 रन की पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में चार चौके और तीन छक्के लगाए। रोहित विश्व कप के एक संस्करण में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले कप्तान बन गए। उन्होंने इस विश्व कप के 11 मैचों की 11 पारियों में 54.27 की औसत से 597 रन बनाए। उन्होंने बतौर कप्तान एक विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियम्सन का रिकॉर्ड तोड़ दिया। विलियम्सन ने 2019 विश्व कप में 578 रन बनाए थे। एक विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले कप्तानें में श्रीलंका के महेला जयवर्धने तीसरे नंबर पर हैं। उन्होंने 2007 में 548 रन बनाए थे। तब उनकी टीम फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार गई थी। कंगारू टीम चौथी बार विश्व कप जीतने में सफल हुई थी। रिकी पोंटिंग ने 2007 विश्व कप में बतौर कप्तान 539 रन बनाए थे। उन्होंने अपनी कप्तानी में टीम को दूसरी बार चैंपियन बनाया था।



## सुरक्षा में चूक

**मैच** के दौरान खिलाड़ियों की सुरक्षा में बड़ी चूक देखने को मिली। स्टेडियम में एक फलस्तीन समर्थक सुरक्षा को धता बताते हुए मैदान के अंदर घुस गया। यह घटना भारतीय पारी के 14वें ओवर में हुई। युवक ने विराट के करीब जाने की कोशिश भी की। हालांकि, समय रहते सुरक्षाकर्मी आ गए और इस युवक को मैदान से बाहर ले गए। हालांकि, तब तक यह युवक विराट के गले लग चुका था।

## विश्वकप की शान में जमीं से आसमां तक दिखा जश्न





